सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 20 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 224, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 371 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही और सेंसेक्स 371 अंक बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। } 14

मुद्रा योजना के तहत एनपीए मार्च में बढ़कर 9.8 प्रतिशत पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद को बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बकाया कर्ज मामले में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का एनपीए बढ़कर 9.81 प्रतिशत हो गया है। } 14

भारत-चीन मिलकर लिखेंगे नया अध्याय

प्रधानमंत्री मोदी से चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने की भेंट

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 10 महीनों में भारत-चीन संबंधों में एक-दूसरे के हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के साथ लगातार प्रगति हुई है। मोदी ने यह बात चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष अक्टूबर में रूसी शहर कज़ान में एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ हुई अपनी वार्ता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा विदेश मंत्री वांग यी से मिलकर खुशी हुई। पिछले वर्ष कज़ान में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी मुलाकात के बाद से भारत-चीन संबंधों में एक-दूसरे के हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के साथ निरंतर प्रगति हुई है। मोदी ने कहा मैं एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान तियानजिन में होने वाली हमारी अगली बैठक को लेकर आशान्वित हूं। भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित, रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

युवाओं को ग्लोबल लीडरशिप के लिए तैयार करेगी चिवनिंग-यूपी छात्रवृत्ति योजना

मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में प्रदेश सरकार और एफसीडीओ-यूके के बीच ऐतिहासिक एमओयू

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सरकारी आवास पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ। इसके तहत चिवनिंग-भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को ह्वग्लोबल लीडरशिप रोल के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रेरणा से प्रारंभ की गई यह योजना प्रदेश के युवाओं को वैश्विक शिक्षा और नेतृत्व में नई ऊंचाइयां हासिल करने का अवसर देगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर उत्तर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं।

इस छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा यूके तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। प्रति छात्र लगभग लगभग 45 से 48 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसमें से उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 19,800 डॉलर 23 लाख रुपये वहन करेगी, शेष राशि का वहन एफसीडीओ यूके करेगा। ब्रिटिश हाई कमिश्नर टू इंडिया, लिंडी कैमरन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि लखनऊ आकर इस समझौते ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

एशिया कप : सूर्यकुमार कप्तान, बुमराह को मौका

मुंबई। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टी20 का उपकप्तान बनाया गया है जबकि दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की लंबे समय के बाद छोटे प्रारूप की टीम में वापसी हुई है। खिलाड़ियों के विकल्प में अधिकता के कारण टीम में लगातार दो आईपीएल फाइनल खेलने और 2024 में खिताब जीतने वाले कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मौका नहीं मिला है। पच्चीस साल के गिल ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2024 में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

थानेदार सहित नौ पुलिस कर्मी सस्पेंड

जौनपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बदलापुर थाना परिसर में हुए अशोभनीय आयोजन ने पूरे पुलिस महकमे की किरकिरी करा दी है। दरअसल, थाने में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फिल्म शराबी के मशहूर गीत मुझे नौ लक्खा मंगा दे रे ओ सैया दीवाने पर अश्लील डांस हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। नतीजतन, बदलापुर थानाध्यक्ष के निलंबन के बाद अब दो दरोगा समेत आठ पुलिसकर्मी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जद में आ गए हैं। ज्ञात हो कि जन्माष्टमी की रात थाने में सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर डांस पार्टी रखी गई थी। डांस के दौरान पुलिस कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

ऑनलाइन गेम संबंधी विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी

○ कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ के खर्च से बनेगा नया हवाई अड्डा ○ भुवनेश्वर बाइपास परियोजना पर केन्द्रीय कैबिनेट की मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग मंचों को विनियमित करने वाले एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि इस विधेयक को बुधवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। नाम उजागर न करने की शर्त पर सूत्र ने कहा मंत्रिमंडल ने ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग मंचों को विनियमित करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार बुधवार को इस विधेयक को संसद में पेश करने की कोशिश में है।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्र सरकार ने राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक नए हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के इस फैसले की संवाददाताओं को जानकारी दी। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। वैष्णव ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) इस परियोजना के लिए वित्त का इंतजाम आंतरिक स्रोतों से करेगा। हवाई अड्डे का निर्माण 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के लिए राजस्थान सरकार 1,089 एकड़ (करीब 440 हेक्टेयर) जमीन निःशुल्क उपलब्ध कराएगी। इसकी क्षमता सालाना 20 लाख यात्रियों को संभालने की होगी। वैष्णव ने कि यह हवाई अड्डा क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भी देगा। यह हवाई अड्डा कोटा-बूंदी में बनाया जाना है जो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का संसदीय निर्वाचन क्षेत्र भी है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रस्तावित हवाई अड्डे में 20,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का टर्मिनल भवन होगा जो प्रति घंटे 1,000 यात्रियों और सालाना 20 लाख यात्रियों को संभाल सकेगा। बयान के मुताबिक, कोटा में शहरीकरण और भूमि की कमी के कारण मौजूदा हवाई अड्डे का वाणिज्यिक परिचालन के लिए विस्तार कर पाना संभव नहीं है। मौजूदा हवाई अड्डे पर केवल छोटे विमानों (कोड बी श्रेणी) के परिचालन की ही सुविधा है। राजस्थान सरकार ने हवाई अड्डे के लिए विमानपत्तन प्राधिकरण को 440.06 हेक्टेयर जमीन सौंप दी है। इस पर पतले आकार वाले एयरबस 321 श्रेणी के विमानों का परिचालन किया जा सकेगा। चंबल नदी के किनारे बसे शहर कोटा को राजस्थान की औद्योगिक राजधानी एवं देश का शैक्षिक कोचिंग का गढ़ माना जाता है।

ऐसे में हवाई अड्डा परियोजना क्षेत्र में बढ़ते यातायात की मांग को पूरा करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में परिचालन वाले हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 2025 में 162 हो गई है। इस दौरान हवाई यात्रियों की संख्या भी 16.8 करोड़ से बढ़कर इस साल 41.2 करोड़ पर पहुंच गई है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा में 8,307.74 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन वाले कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाइपास) परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी। इस परियोजना का विकास हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) पर किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह 110 किलोमीटर लंबा राजमार्ग बनने से रामेश्वर और तांगी के बीच बढ़ते यातायात और शहरी भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। यह मार्ग खोरधा, भुवनेश्वर और कटक जैसे शहरी इलाकों से होकर निकलेगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नई परियोजना भारी वाणिज्यिक यातायात को कटक, भुवनेश्वर और खोरधा से दूर ले जाकर ओडिशा एवं अन्य पूर्वी राज्यों को बड़ा लाभ देगी। इससे मालढुलाई परिवहन की दक्षता बढ़ेगी, लॉजिस्टिक लागत घटेगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना तीन राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-55, एनएच-57 और एनएच-655) और एक राज्य राजमार्ग (एसएच-65) से जोड़ी जाएगी। इससे राज्य के आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों को सुगम संपर्क मिलेगा। बयान के अनुसार, उन्नत बाइपास परियोजना प्रमुख रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा, प्रस्तावित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क और दो प्रमुख बंदरगाहों से जुड़कर बहु-आयामी परिवहन एकीकरण को मजबूत करेगी और माल एवं यात्रियों की तेज आवाजाही सुनिश्चित होगी। इस परियोजना के पूरा होने पर यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

उपराष्ट्रपति चुनाव

राधाकृष्णन-रेड्डी के बीच नौ को मुकाबला

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने वाले चुनाव में विपक्ष के साझा उम्मीदवार और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा।

विपक्षी गठबंधन इंडिया इस चुनाव को वैचारिक लड़ाई बता रहा है क्योंकि संख्याबल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के पक्ष में है। उपराष्ट्रपति चुनाव दक्षिण बनाम दक्षिण के मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि विपक्ष ने तेलंगाना से ताल्लुक रखने वाले रेड्डी को राधाकृष्णन के खिलाफ मैदान में उतारा है जिन्हें उनके शुभचिंतक पचाई तमिल (सच्चा तमिल) कहते हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन (67) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सदस्य के रूप में कार्य किया और बाद में तमिलनाडु में पार्टी का नेतृत्व किया। जुलाई, 2011 में उच्चतम न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारी बारिश ने रोकी मुम्बई की रफ्तार

कई ट्रेनें निरस्त, सड़कों पर जलभराव से यातायात प्रभावित

एजेंसी

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को मूसलाधार बारिश के कारण पटरियों पर पानी जमा हो गया तथा मध्य रेलवे की मुख्य और हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं, जिससे यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानों पर पटरियों पर 17 इंच तक पानी जमा हो गया। मध्य रेलवे ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (दक्षिण मुंबई में) और ठाणे के बीच मुख्य लाइन पर तथा सीएसएमटी और कुर्ला के बीच हार्बर लाइन पर अपनी उपनगरीय सेवाएं निलंबित कर दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि सायन और कुर्ला खंड पर पटरियों पर आठ इंच तक पानी जमा है जिसकी वजह से रेल परिचालन स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कुछ लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का समय पुनर्निर्धारित किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया तथा मध्य रेलवे (सीआर) ने फंसे हुए यात्रियों की मदद के लिए विभिन्न स्टेशनों पर सहायता डेस्क स्थापित की हैं। बारिश और जलजमाव की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई ...शेष पृष्ठ 14 पर

छुट्टी पर गये मुख्य सचिव दीपक कुमार को मिला चार्ज

लखनऊ। यूपी के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल छुट्टी पर चले गए हैं। उनकी अनुपिस्थिति में सभी विभागों का प्रभार एपीसी दीपक कुमार संभालेंगे। बताया जा रहा है कि हार्ट की समस्या की वजह से एसपी गोयल दिल्ली इलाज कराने गए हैं। एसपी गोयल ने 31 जुलाई को बतौर मुख्य सचिव पदभार ग्रहण किया था। इसके पहले वह अपर मुख्य सचिव के पद पर थे। गोयल 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुरूआती कार्यकाल से वह सीएम कार्यालय के प्रमुख अफसरों में एक रहे हैं। मुख्य सचिव के पद के साथ वह अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, अध्यक्ष पिकप, यूपीडा एवं उपशा का मुख्य कार्यपालक ...शेष पृष्ठ 14 पर

धामी ने पेश किया 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट

कांग्रेस दोहरा रही चुनाव आयोग व सरकार-प्रशासन को दोष देने की परम्परा : सीएम

प्रमुख संवाददाता

भराड़ीसैंण (चमोली)। उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र की शुरूआत पहले ही दिन भारी हंगामे से हुई। भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में कांग्रेस विधायकों ने कानून-व्यवस्था को लेकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। कार्यसूची फाड़कर सदन में फेंकी गई, माइक तोड़े गए और सचिव की टेबल तक उलट दी गई। लगातार हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही दो बार स्थगित की और अंततः सदन को 20 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

सत्र शुरू होते ही कांग्रेस ने सरकार पर पुलिस के दुरुपयोग और बिगड़ती कानून-व्यवस्था का आरोप लगाया। विपक्षी विधायकों ने विधानसभा की सीढ़ियों पर जमकर नारेबाजी की और वेल में धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि जनता असुरक्षित महसूस कर रही है लेकिन सत्ता पक्ष समस्याओं से किनारा कर रहा है। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष के बर्ताव को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि सदन जनता की समस्याओं पर चर्चा के लिए है, लेकिन विपक्ष ने बहस ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	34.06 डिसे.
न्यूनतम	:	28.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- दो माह बन जायेगा यूपी का पहला एसआईएचएम (पृष्ठ-03)
- देश-विदेश में खुल रहे रोजगार के नये अवसर (पृष्ठ-02)
- सोना 1,00,420 रु. प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,000 फिसली (पृष्ठ-14)
- भारत पर अमेरिकी शुल्क का असर सीमित : फिच (पृष्ठ-14)
- कोलइंडिया व कोंकण रेलवे के साथ समझौता (पृष्ठ-14)

विशेष खबर पीएम आवास निर्माण का राष्ट्रीय पूर्णता औसत 69.39% तो वहीं उत्तर प्रदेश का औसत 99.37%

पीएम आवास निर्माण में यूपी अव्वल, 195 दिन में बन रहे घर

आशीष मौर्य



लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को लागू करने में तेजी दिखाई है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर औसतन 299 दिन में एक आवास का निर्माण होता है। वहीं, उत्तर प्रदेश में घर निर्माण का काम मात्र 195 दिनों में पूरा हो रहा है। बता दें कि प्रदेश में 2016-17 से अब तक योजना के तहत 36.34 लाख आवासों का निर्माण पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और उनकी तेज कार्यशैली ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड उपलब्धियों तक पहुंचा दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2016-17 से 2024-25 के दौरान प्रदेश के लिए 36.57 लाख आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके खिलाफ अब तक 36.34 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गए है। इस हिसाब से कुल लक्ष्य का 99.37 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लिया गया है। अफसरों के मुताबिक लक्ष्य के तहत बाकी बचे घरों का निर्माण भी प्रगति पर है। योजना के अंतर्गत यूपी 99.37 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है। सिक्किम 99.57 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है, हालांकि उसका लक्ष्य केवल 1399 आवासों का था। वहीं भारत सरकार के परफॉर्मेंस इंडेक्स, राजमिस्त्री प्रशिक्षण, सोशल ऑडिट, एरिया ऑफिसर एप पर इंस्पेक्शन, पात्र लाभार्थियों को भूमि पट्टा और आवास पूर्णता में उत्तर प्रदेश नंबर वन पर है। निर्मित आवासों को कनवर्जेन्स के माध्यम से 99.39 प्रतिशत शौचालय, 93.31 प्रतिशत विद्युत कनेक्शन, 94.42 प्रतिशत एलपीजी कनेक्शन और 80.02 प्रतिशत पेयजल कनेक्शन से संतृप्त किया गया है। इससे प्रधानमंत्री आवास अब सिर्फ छत नहीं, बल्कि सुविधाओं से युक्त पूर्ण गृह बन रहे हैं। इसके साथ ही, प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 3.73 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 3.51 लाख आवास पूरे हो चुके हैं, जबकि 22 हजार आवासों पर तेजी से काम जारी है। हाल ही में मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि शेष आवासों का ...शेष पृष्ठ 14 पर

अनंतनाग और बारामूला में आतंकियों की संपत्तियां कुर्क

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और बारामूला जिलों में दो सक्रिय आतंकवादियों की संपत्तियां मंगलवार को कुर्क की गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग में पुलिस ने सक्रिय आतंकवादी आदिल हुसैन ठोकर की जमीन कुर्क की जबकि वर्तमान में सीमा पार से सक्रिय आतंकवादी आसिफ मकबूल डार के उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित एक बाग को कुर्क किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग पुलिस ने आतंकवाद के तंत्र के खिलाफ अपनी निरंतर कार्वाई जारी रखते हुए सक्रिय आतंकवादी की अचल संपत्ति कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत कुर्क की है।

उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले में बिजबेहरा के गुरी इलाके में स्थित और सक्रिय आतंकवादी ठोकर के स्वामित्व वाली जमीन को सीआरपीसी (आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 83 के तहत कुर्क किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्वाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और निकास एवं आंतरिक आवागमन (नियंत्रण) अध्यादेश अधिनियम की विभिन्न धाराओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सन्देश

सभी सुधी पाठकों, ईष्टमित्रों, विज्ञापन- दाताओं एवं समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्ञान प्रकाश शुक्ला
जिला संवाददाता-प्रतापगढ़

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इंजी० विजय चंद्र
अधिशाषी अभियंता
लोक निर्माण विभाग
(प्रांतीय खण्ड) ललितपुर

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

स्वामी जितेन्द्र तिवारी
शिवगंगा जीव जन्तु कल्याण सेवा आश्रम, शिवगंगा धाम
संत नगर रैठे पूरे नोती
लालगंज प्रतापगढ़
सौजन्य-देवेन्द्र तिवारी मोनू

देश का हर कोना विकास से हो जगमग
सभी को मिले रोशनी
स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

सोनू शुक्ला
सभासद
दीवानी वार्ड नं.
लालगंज, प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

सुनील कुमार शुक्ल
प्रधानाचार्य एवं शिक्षक व स्टाफ
राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज
लालगंज, प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

निरंजन प्रकाश तिवारी
पीएलवी
लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान
लालगंज, प्रतापगढ़



स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

डा. श्यामदुलारी सिंह
प्रबंधक -ऊँ बूढेश्वरनाथ
आरएसबीएस महाविद्यालय
तिना चितरी, प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

डा. आर एस त्रिपाठी
पूर्व एसीएमओ
गीता नर्सिंग होम
लालगंज, प्रतापगढ़

एस०वी०एम० ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स लालगंज प्रतापगढ़, उ०प्र०

9616349145, 9450342760, 7524085333, 9450091584

संचालित संस्थाएं-:

1. सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, लालगंज प्रतापगढ़ उ.प्र.।
2. सरस्वती शिशु मन्दिर, लालगंज प्रतापगढ उ.प्र.।
3. सरस्वती विद्या मन्दिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लालगंज प्रतापगढ उ.प्र.
4. सरस्वती विद्या मन्दिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नर्सिंग महाविद्यालय, लालगंज प्रतापगढ़ उ.प्र.।
5. बाबा दूधनाथ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, सगरा सुन्दरपुर, प्रतापगढ़, उ.प्र.।
6. बाबा दूधनाथ शिशु मन्दिर सगरा सुन्दरपुर, प्रतापगढ उ.प्र.।
7. भगवती प्रसाद बालिका इण्टर कालेज ढाखापुर दिशिनी पट्टी, प्रतापगढ़ उ.प्र.।
8. मॉ कुन्ती देवी महिला शिक्षण-प्रशिक्षण पी.जी. कालेज सराय सुल्तानी गौरा, प्रतापगढ़ उ.प्र.।
9. एस.वी.एम. टेक्निकल इंस्टीट्यूट लालगंज, प्रतापगढ़ उ.प्र.।
10. आचार्य रमाकान्त महिला शिक्षण-प्रशिक्षण पी.जी. कालेज शिवसत, दिलीपपुर प्रतापगढ़ उ.प्र.।
11. कर्मा देवी शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान लालगंज, प्रतापगढ़ उ.प्र.।
12. एस.वी.एम. फामेर्सी कालेज लालगंज, प्रतापगढ़ उ.प्र.।
13. एस.वी.एम. फामेर्सी कालेज रानीगंज, प्रतापगढ उ.प्र.।

इं.पूर्णांशु ओझा (श्यामू भइया)
उप प्रबन्धक
(पूर्व ब्लाक-प्रमुख गौरा)

प्रो. शिवाकान्त ओझा
संस्थापक/प्रबन्धक
(पूर्व कैबि. मंत्री)उ.प्र. शासन

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जगमग रहे विकास का हर प्रकाश

धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू
समाजसेवी
बरीबोझ
लालगंज
प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

राकेश पाण्डेय
सौजन्य से
दिनेश चन्द्र पाण्डेय-प्रधान
मिश्राइनपुर लालगंज, प्रतापगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय अझारा, लालगंज, प्रतापगढ़
संचालित संकाय
प्रवेश प्रारम्भ — बी०एड० कालेज कोड—SH3346
बी०ए०, बी०एससी०, बी०पी०एड०, बी०सी०ए०, बी०बी०ए०, एम०ए०

पं० नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा, लालगंज, प्रतापगढ़
कक्षाएं — नर्सरी से 12 तक

तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, भेंभौरा, लालगंज, प्रतापगढ़
डी०एल०एड० (बी०टी०सी०)

मौलवी फरजन्द अली कालेज ऑफ लॉ भेंभौरा, लालगंज, प्रतापगढ़
एलएल०बी० (त्रिवर्षीय)
बी०ए० एलएल०बी० (पंचवर्षीय)

तारा देवी क्रिकेट एकेडमी अझारा, लालगंज, प्रतापगढ़
(क्रिकेट प्रशिक्षण केन्द्र)

संस्थापक
श्री रमेशचन्द्र मिश्र
(सेवानिवृत्त आई०ए०एस०)
संपर्क — 9451553129, 8874494282, 9452367489, 9451885049, 8429096009

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

डा. अरूण कुमार द्विवेदी **डा. सुमन द्विवेदी**
प्रयाग नर्सिंग होम
लालगंज प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. ऋचासु कुमार — प्राचार्य
डॉ. पूर्णिमा मिश्रा — अध्यक्ष प्रबन्ध समिति
हेमवती नन्दन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय
लालगंज, प्रतापगढ़

दो माह में बन जायेगा यूपी का पहला एसआईएचएम

योगी सरकार गोरखपुर में बनवा रही स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/गोरखपुर। प्रदेश का पहला स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम) दो माह में तैयार हो जाएगा। योगी सरकार द्वारा गोरखपुर में 48.39 करोड़ रुपये की लागत से बनवाए जा रहे एसआईएचएम के पहले फेज का 95

- 48.39 करोड़ रुपये की आ रही लागत, निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण
- टूरिज्म, होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए चलेंगे कोर्स
- योगी सरकार में तेजी से हुआ है हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का विकास
- दक्ष मानव संसाधन की मांग को पूरा करने में एसआईएचएम की होगी अहम भूमिका

प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। पर्यटन विभाग द्वारा अगले माह के अंत तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जाना लक्षित किया गया है।

बीते कुछ सालों में गोरखपुर का टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर तेजी से आगे बढ़ा है। यहां कई बड़े ब्रांड के होटल्स, रेस्टोरेंट खुल चुके हैं और कई खुलने की प्रक्रिया में हैं। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुशल पेशेवरों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में प्रदेश का पहला स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम) बनवा रहे हैं। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के कार्यालय के सामने बन रहे एसआईएचएम का निर्माण सितंबर माह तक पूरा हो जाएगा और अगले शैक्षिक सत्र से यहां होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट से जुड़े डिप्लोमा और डिग्री के पाठ्यक्रम संचालित होने लगेंगे। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, पर्यटन विभाग का प्रोजेक्ट है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था के रूप में सी एंड डीएस यूनिट-14 द्वारा कराया जा रहा है। इस परियोजना पर निर्माण कार्य 26 सितंबर 2023 को प्रारंभ हुआ था। वर्तमान समय में 38.42 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर 95 प्रतिशत कार्य पूरे कर लिए गए हैं और इसी साल 25 सितंबर तक कार्य पूर्ण किया जाना है। निर्माण के पहले चरण में दो ब्लॉकों में प्रशासनिक कक्ष, क्लास रूम, कॉमन हाल, किचन के अलावा अंडरग्राउंड पार्किंग, इलेक्ट्रिफिकेशन, फायर सेफ्टी, पाइपलाइन आदि के कार्य पूर्ण कराए जा रहे हैं। उप निदेशक पर्यटन राजेंद्र प्रसाद यादव मिश्रा बताते हैं कि कि स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट का निर्माण कार्य अगले माह (सितंबर) तक पूरा हो जाएगा, इस समय फिनिशिंग का काम चल रहा है। अगले माह के बाद कभी भी इसका लोकार्पण हो सकता है।

उम्मीद जताई जा रही है कि अगले शैक्षिक सत्र से यहां ग्लोबल डिमांड के अनुरूप होटल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी मैनजमेंट के कोर्स शुरू कर दिए जाएंगे। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में कोर्स शुरू हो जाने के बाद युवाओं को रोजगारपरक पढ़ाई के लिए नए विकल्प मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से गोरखपुर में जिस तरह से पर्यटन विकास हो रहा है उससे होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

दूसरे चरण में ब्वॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल का भी निर्माण शुरू : स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के दूसरे चरण के निर्माण में ब्वॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल बनाया जा रहा है। दूसरे चरण की परियोजना के निर्माण पर 46.81 करोड़ रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य 15 मई से शुरू है। फिलहाल निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 14 प्रतिशत है। पर्यटन विभाग को उम्मीद है कि मई 2027 तक कार्य पूरा करा लिया जाएगा।

आधुनिक तकनीक से अब गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

आधुनिक तकनीक से योजनाओं की मॉनिटरिंग कर जनता का भरोसा और मजबूत करेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार ने समाज कल्याण योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और गड़बड़ी-मुक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति का उपयोग करने की तैयारी में है। समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी रूप से सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल योजनाओं को सही लाभार्थियों तक पहुंचाना है, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पेपरलेस, तेज और जवाबदेह बनाना भी है।

एआई की निगरानी से योजनाओं में तय होगी पारदर्शिता और जवाबदेही : योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितताओं से निपटने के लिए समाज कल्याण विभाग ने एआई-आधारित निगरानी तंत्र को अपनाने पर विचार कर रही है। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की मौजूदगी में ह्यअक का समाज कल्याण की योजनाओं में उपयोग' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस तकनीक के माध्यम से डाटा सत्यापन, लाभार्थियों की पहचान और योजनाओं के कार्यान्वयन में सटीकता सुनिश्चित की जाएगी। इससे न केवल गड़बड़ियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदारों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचेगा।

- एआई की प्रयोग से योगी सरकार करेगी सख्ती, समाज कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में होगा तकनीकी पहरा
- तकनीक से प्रयोग से पेपरलेस होगा सिस्टम, समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से मिलेगा योजनाओं का लाभ

योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर योगी सरकार का जोर : समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं में पारदर्शिता और सुगमता लाने के लिए पहले ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग को मजबूत किया गया है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को बार-बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से गुजरना नहीं पड़ेगा, क्योंकि विभाग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू की है। यह नई प्रणाली न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पात्रों को बिना किसी रुकावट के योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेगी। एआई के उपयोग से इस प्रक्रिया में और अधिक सटीकता आएगी, जिससे फर्जी आवेदनों पर लगाम लगेगी और पात्रों को त्वरित लाभ मिलेगा। यही नहीं डाटा विश्लेषण के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वास्तविक लाभार्थी ही योजना का लाभ उठा सकें। एआई-आधारित सत्यापन प्रणाली से आवेदनों की जांच तेजी से होगी और फर्जी आवेदनों को तुरंत पकड़ा जा सकेगा।

पेपरलेस और डिजिटल भविष्य की ओर कदम : योगी सरकार की इस पहल से समाज कल्याण विभाग की योजनाएं डिजिटल युग में एक नया मुकाम हासिल करेंगी। पेपरलेस कार्यप्रणाली को अपनाने से न केवल कागजी कार्रवाई कम होगी, बल्कि योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। एआई तकनीक के उपयोग से डाटा प्रबंधन, लाभार्थी सत्यापन और योजना निगरानी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी, बल्कि जनता का विश्वास भी सरकार पर बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। एआई-आधारित निगरानी तंत्र इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। समाज कल्याण विभाग जल्द ही इसकी विस्तृत कार्ययोजना को अंतिम रूप देगा।

प्रदेश में खाद का भारी संकट : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में किसान लगातार संकट के दौर से गुजर रहा है। किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी हो रही है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहीं मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गयी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या,

सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है। प्रदर्शन कर रहे है। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है। इस वर्ष तो खरीफ की फसल की शुरूआत से ही खाद को लेकर मारामारी है। इसके पहले किसानों को गेंहू, चना, सरसों, आलू के लिए डीएपी और यूरिया नहीं मिल पायी। भाजपा सरकार में फैले भ्रष्टाचार के मकड़जाल में खाद, बीज सब लूट लिया जा रहा है। सरकार बेईमानी और लूट रोकने में पूरी तरह विफल है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को धोखे पर धोखा दे रही है। झूठे वादे करती है। कोई वादा पूरा नहीं करती है। भाजपा सरकार अकर्मण्यता की शिकार है। यह सरकार समय से कोई तैयारी नहीं करती है। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। पहले किसानों को खाद नहीं दे पाती, उसके बाद किसानों की फसलों को सही मूल्य नहीं दिला पाती है। धान, गेहूं, गन्ना, आलू, मक्का, हर फसल का किसान परेशान हैं किसानों की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। उनकी दुर्दशा हो रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश का किसान एकजुट होकर भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे छल और धोखे का करारा जवाब देगा।

प्रदेश में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करें: सूर्यप्रताप शाही

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसका उद्देश्य प्रदेश में किसानों के लिए उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान, मंत्रियों ने खरीफ और रबी फसलों के लिए उर्वरकों की मांग, आपूर्ति और वितरण की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की। इस चर्चा का मुख्य केंद्र किसानों को सब्सिडी वाले उर्वरकों की आसान पहुँच सुनिश्चित करना था। इसके लिए, अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे जिला स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करें और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। उच्च-स्तरीय बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू, आयुक्त सहकारिता योगेश कुमार, निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक उर्वरक आशुतोष मिश्रा शामिल थे। इन अधिकारियों ने उर्वरक वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के बाद, कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि सरकार किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने देगी और यह सुनिश्चित करेगी कि हर किसान को उसकी आवश्यकतानुसार उर्वरक मिले। उन्होंने कहा कि विभाग सभी संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि आपूर्ति में कोई बाधा न आए और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

हर अभियान का हो प्रभावी क्रियान्वयन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को कानपुर में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिला प्रभारियों के साथ संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान, एक पेड़ मां के नाम, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सहित सभी अभियानों व कार्यक्रमों की बिंदुवार बारीकी से समीक्षा की तथा पंचायत चुनाव व स्नातक विधान परिषद चुनाव की तैयारियों को लेकर सख्त निर्देश दिए।

- भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ किया संवाद

धर्मपाल सिंह ने जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया कि जिन मंडलो में मंडल अध्यक्ष घोषित नही हुए है उन मंडलों में आपसी सामंजस्य के आधार पर मंडल अध्यक्ष चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि संवाद, सम्पर्क, समन्वय और सक्रियता से ही संगठन के कार्यों को गति मिलती है। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित होना चाहिए। एक-एक मतदाता से सम्पर्क किया जाए तथा जो भी मतदाता मतदाता सूची में नही है, उन्हें मतदाता बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी तथा समयबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम किसी भी दायित्व पर हो लेकिन हमारे अंदर यह भाव होना चाहिए कि हम कार्यकर्ता के रूप में अपने बूथ के मजबूत स्तम्भ है। आगामी चुनौतियां और कार्यक्रमों की सफलता इसी प्रतिबद्धता और समर्पण से सुनिश्चित होंगी। धर्मपाल सिंह ने जिलाध्यक्षों से नियमित मंडलों में प्रवास का स्वभाव विकसित करने के साथ संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों से सम्पर्क, संवाद करते हुए उन्हें कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ चुनावी संगठन नही है बल्कि समाजसेवा, राष्ट्र नवनिर्माण और जनजागरण के लिए निरंतर कार्य करने वाला राजनैतिक दल है। संगठन तभी मजबूत होगा जब हम सभी गांव, घर, मौहल्लों, पगडंडियों तक पहुंचे और लोगों को राष्ट्रवाद की धारा से जोड़े। इसके लिए मंच, माला, माईक से दूर रहते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता और समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचने के लिए जुटना होगा।

राजीव गांधी की जयंती पर आज लगेगा रक्तदान शिविर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियारमा वर्मा एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

- वर्तमान सरकार मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में विफल : डॉ. आजाद बेग

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उप्र कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ जियराम वर्मा ने बताया कि कल 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती (सद्भावना दिवस) के अवसर पर उप्र कांग्रेस कमेटी कार्यालय लखनऊ में चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा जिसमें गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं बच्चों एवं जरूरतमंदों को अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा निशुल्क परामर्श के साथ-साथ दवाईयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि स्व. राजीव गांधी की जयंती (सद्भावना दिवस) के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में लगभग 20 से 25 विशेषज्ञ डॉक्टर साथियों के द्वारा निशुल्क परामर्श के साथ-साथ सभी पैथियों की दवाईयां जैसे एलोपैथी, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी आदि का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही रक्तदान शिविर आयोजित कर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए महादान किया जाएगा। वहीं, प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने कहा कि स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की प्रथम वरीयता है इसलिए स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। इसके बाद आगामी कुछ दिनों में पूरे प्रदेश के सभी जनपदों मुख्यालयों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने वर्तमान समय में स्वास्थ्य व्यवस्था और सरकार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान सरकार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में पूर्ण रूप से विफल है।

पीएम अजय के 12,814 गांवों का होगा विकास

लखनऊ। योजना भवन में मंगलवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की अध्यक्षता में पीएम अजय योजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि योजना के अंतर्गत चयनित 12,814 गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस दिशा में समाज कल्याण विभाग में गठित कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करेगा। सभी सरकारी योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जाएगा, जिससे गांवों में निवास करने वाले परिवारों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके एवं सहजता से उपलब्ध हो सके। बैठक में राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभागीय स्तर पर किए गए खर्चों का नियमित रूप से ऑडिट कराया जाएगा, इसके लिए शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर विशेष ऑडिट टीम गठित करने के निर्देश दिए।

सरकार के प्रयासों से देश-विदेश में खुल रहे रोजगार के नये अवसर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक पहल कर रही है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की योजनाएं जिस दूरदर्शिता से रोजगार सृजन की बहुआयामी रणनीति अपनाई है। रोजगार को लेकर प्रदेश सरकार की नीति अब सिर्फ स्थानीय नौकरियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की शुरूआत की है।

मिशन के मुख्य उदेश्यों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रोजगार के अवसरों को पता लगाना, स्किलगैप का अध्ययन कर उसको दूर कराना, रोजगार कार्यक्रम संचालित करना, कॅरियर काउन्सिलिंग कराना तथा राज्य के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं अल्परोजगार युवाओं को पोस्ट प्लेसमेन्ट स्पोर्ट प्रदान करना है जिसमें घरेलू एवं विदेशी प्लेसमेन्ट द्वारा राज्य सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो। विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से युवाओं को प्रोफेशनल रूप से तैयार किया जायेगा तथा बाजार मांग के अनुरूप ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किये जाएंगे।

इस अभियान को और विस्तार देते हुए प्रदेश सरकार ने जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भी नर्सों, केयर गिवर्स, ड्राइवरों और निर्माण श्रमिकों की मांग प्राप्त की है। इसमें लगभग 1.50 लाख रुपए तक का वेतन मिलेगा, साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न सेक्टर की रिक्तियों की प्राप्ति सम्भावित है। श्रम विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है ताकि उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सम्मानजनक और बेहतर वेतनमान वाली नौकरियां मिल सकें। यह पहल युवाओं को विदेश जाने का सुरक्षित और कानूनी विकल्प उपलब्ध कराकर अवैध माध्यमों पर भी रोक लगाने में सहायक है।

रोजगार सृजन को लेकर प्रदेश सरकार की दूसरी बड़ी उपलब्धि रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाना है। 1 अप्रैल 2017 से लेकर 30 अप्रैल 2025 तक सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित 10,830 रोजगार मेलों के माध्यम से

- विदेशों में नौकरी की चाबी बना यूपी का रोजगार मिशन, जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और इजराइल में श्रमिकों की मांग
- योगी सरकार के मेले ने बदली युवाओं की तकदीर, 10,830 रोजगार मेलों से 13.64 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में मिला काम
- सेवायोजन द्वारा 26.5 लाख अभ्यर्थियों को मिला मार्गदर्शन, 24 हजार से ज्यादा काउंसिलिंग सत्र आयोजित
- सेवामित्र से 52,000 से अधिक कुशल कामगारों को मिला स्थानीय स्तर पर रोजगार का प्लेटफॉर्म

13,64,501 अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में नौकरियां मिली हैं। ये मेले राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों कंपनियों ने हिस्सा लिया और युवाओं को मौके पर ही चयनित कर नौकरी दी।

इससे न केवल युवाओं को अवसर मिले बल्कि कंपनियों को भी प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति उपलब्ध हुई। इस मिशन के तहत अब तक 5,978 श्रमिकों को इजराइल में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। वहीं, 1,383 और निर्माण श्रमिकों को भेजने की प्रक्रिया तेजी से प्रगति पर है। इस प्रयास से राज्य में न केवल विदेशी मुद्रा का आगमन बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अनुमान है कि इजराइल भेजे गए श्रमिकों से प्रदेश को लगभग 1,000 करोड़ रुपये का रेमिटेन्स प्राप्त हो सकता है, जो ह्यवन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्थाह्ण के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। योगी सरकार का मानना है कि केवल नौकरी उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि युवाओं को सही दिशा देना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत सेवायोजन विभाग द्वारा अबतक 24,493 करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 26,51,727 युवाओं को करियर मार्गदर्शन मिला।

इन कार्यक्रमों ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, जहां जानकारी की कमी के कारण प्रतिभाएं पीछे छूट जाती थीं। स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने सेवामित्र योजना की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत कुशल कामगारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर अब तक 52,349 श्रमिक पंजीकृत हो चुके हैं। ये श्रमिक प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, एसी मैकेनिक, ब्यूटीशियन आदि सेवाओं के लिए लोगों को घर बैठे उपलब्ध हो रहे हैं। यह योजना एक ओर जहां श्रमिकों की आय सुनिश्चित कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश अब केवल नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि श्रम और प्रतिभा का निर्यात करने वाला राज्य बन रहा है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

साइबर सुरक्षा व डिजिटल ऑडिट से कम होगा खतरा

इंसान को अपने भीतर नेतृत्व क्षमता का विकास करना चाहिए : डॉ. जीके गोस्वामी

● सीएम साइबर सुरक्षा को लेकर किये प्रयासों की सराहना की

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर सुरक्षा और डिजिटल ऑडिट का महत्व दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है क्योंकि पूरा विश्व डिजिटल खतरे का लगातार सामना कर रहा है। ऐसे में हमे साइबर सुरक्षा की एडवांस टेक्नोलॉजी को अपनाना होगा। इसके लिए विश्व के विभिन्न देशों से टेक्नोलॉजी का आदान-प्रदान बहुत महत्व रखता है। यह मंथन यूपीएसआईएफएस द्वारा आयोजित डिजिटल ऑडिट, साइबर इंश्योरेंस, सुरक्षा और कानूनी पहलुओं पर हुआ। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में साइबर सुरक्षा को लेकर किये जा रहे विभिन्न पहलुओं को सराहा गया। तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन देश विदेश के विभिन्न संस्थानों से आये करीब 40 विषय पर विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने आज के सत्र में छात्र--छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि इंसान को अपने भीतर नेतृत्व करने की क्षमता का विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित यह संस्थान एक दिन अपने गुणवत्ता और विशेषज्ञता के लिए दुनिया भर में जाना जायेगा। वहीं अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने बताया कि योगी सरकार द्वारा साइबर अपराधों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया है। उन्होंने डेटा सुरक्षा के लिए भारत के डीपीडीपी अधिनियम और जीडीपीआर जैसी नीतियों की जानकारी दी। साथ ही टीमवर्क और निरंतर शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा, डिजिटल ऑडिट और साइबर इंश्योरेंस के क्षेत्र में एक मजबूत और टिकाऊ कैरियर की संभावना है, बशर्ते सही कौशल, कानूनी जानकारी और व्यावहारिक अनुभव को प्राथमिकता दी जाए। वहीं सेमिनार में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ यूएसए के पवन शर्मा ने कहा कि डिजिटल ऑडिट किसी संगठन के जोखिम को समझने के लिए एक नींव का काम करता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल ऑडिट के बारे में व्यावहारिक ज्ञान और उसे लागू करने की क्षमता आज के समय में साइबर सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। साइबर इंश्योरेंस के लिए ऑडिट रिपोर्ट की सही व्याख्या करना और उसे सही तरीके से लागू करना बेहद जरूरी हो गया है। सिस्को के प्रतिनिधि ने यह बताया कि अब पारंपरिक वार्षिक ऑडिट की बजाय संगठन लगातार, जोखिम-आधारित मूल्यांकन कर रहे हैं, जो वास्तविक समय के मापदंडों और अनुपालन ढांचे से जुड़े होते हैं। जेड-स्केलर के प्रतिनिधि ने कंपनियों में आंतरिक अपस्किलिंग के महत्व को बताया और साइबर सुरक्षा में अपनी विशेषज्ञता को प्रमाणित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रमाणपत्र की सिफारिश की। इन प्रमाणपत्रों को प्राप्त करने से युवाओं को अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर मिलता है। यूपीएसआईएफएस के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुमार राय ने बताया कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में कानूनी, नैतिक और तकनीकी ढांचे को समझना आवश्यक है। उन्होंने रैंसमवेयर जैसे महत्वपूर्ण उदाहरणों के माध्यम से बताया कि लगातार मूल्यांकन से ही सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने ने अंतरराष्ट्रीय साइबर खतरों के मद्देनजर वैश्विक दृष्टिकोण की अहमियत को उजागर किया।

102 में 68 तारीखों पर हड़ताल, हाईकोर्ट ने बार के अध्यक्ष, महासचिव को किया तलब

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक मामले की सुनवायी के दौरान पायाकि मूल मुकदमा जो अयोध्या जनपद के रुदौली तहसील में लंबित है, उसमें 12 मार्च 2024 से 18 जुलाई 2025 के बीच 102 तारीखें पड़ीं लेकिन उनमें से 68 तारीखों पर सिर्फ इसलिए कोई सुनवायी नहीं हो सकी क्योंकि तहसील बार एसोसिएशन की ओर से कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव था। न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और यह हाईकोर्ट कई बार आदेश दे चुका है कि वकीलों को हड़ताल पर जाने का कोई अधिकार नहीं है, उक्त आदेशों की अवहेलना कर के हड़ताल किया गया है लिहाजा रुदौली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव कारण बताएं कि उनके खिलाफ क्यों न उचित कार्रवाई की जाय। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकलपीठ ने मो. नाजिम खान की ओर से दाखिल एक याचिका पर पारित किया। याचिका में तहसीलदार, रुदौली, अयोध्या के समक्ष लंबित याची के एक मुकदमे के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई है। न्यायालय ने याचिका के साथ संलग्न ऑर्डर शीट्स के अवलोकन पर पाया कि 102 में से 68 तारीखों पर तहसील के अधिवक्ता कार्य से विरत रहे, यही नहीं 27 मई 2025 से लेकर 21 तारीखों तक लगातार अधिवक्ताओं के कार्य विरत होने के कारण सुनवायी नहीं हो सकी। न्यायालय ने शीर्ष अदालत के एक निर्णय को भी उद्धत किया जिसमें कहा गया है कि वकालतनामा दाखिल करने के बाद कोई वकील बार के कार्य विरत प्रस्ताव के कारण मुकदमे की सुनवायी में उपस्थित होने से इंकार नहीं कर सकता। न्यायालय ने कहा कि प्रथम दृष्टया रुदौली बार एसोसिएशन का यह कृत्य पेशेवर कदाचार की श्रेणी में आता है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 2 सितम्बर की तिथि नियत करते हुए, अध्यक्ष-महामंत्री को हाजिर होने का भी आदेश दिया है।

हिंदू नाम बताकर छात्रा से छल करने वाला गिरफ्तार

छात्रा पर धर्म परिवर्तन करने का बनाया था दबाव

● मारपीट कर नगदी चोरी का भी आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट में एक छात्रा को मारपीट कर धर्मपरिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले मैकेनिक मोहम्मद फुरकान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर विस्तृत जानकारी कर रही है।

बताया जा रहा है कि प्रयागराज की रहने वाली 25 वर्षीय युवती वर्ष 2023 में एक निजी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रही थी कि इसी दौरान वर्ष 2024 में उसके पिता का देहांत हो गया। मां का देहांत बचपन में ही हो गया था। हालात की मारी युवती आर्थिक तंगी से जूझने लगी तो वह चिनहट के कमता में किराए का मकान लेकर

उसने जीवन यापन करने के लिए एक छोटी सी चाय की खोली। उसकी दुकान पर एक मोटर मैकेनिक चाय पीने के लिए जाया करता था कि इसी दौरान युवती से नजदीकियां बढ़ गई। युवक ने अपना नाम राज बताते हुए लड़की पर शादी करने का दबाव बनाया। बाद में लड़की को पता चला कि जो लड़का खुद को राज बता रहा उसका नाम बाराबंकी जिले के असंद्रा थाना क्षेत्र स्थित गंगवाई पठनान निवासी मोहम्मद फुरकान पुत्र दस्तगीर है। जब उसने पूछा तो वह युवती के साथ मारपीट करने लगा। वह उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। जिसके बाद पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि फुरकान उसके कमरे का दरवाजा तोड़कर घर में 25 हजार रुपए की नकदी चोरी कर भाग निकला। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर बीते 18 अगस्त 2025 को मुकदमा दर्ज कर खुद को राज बताने वाले मोटर मैकेनिक मोहम्मद फुरकान को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन की जा रही है।

अधिवक्ता परमानंद गुप्ता को उम्रकैद की सजा, 5.10 लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। अनुसूचित जाति की महिला का सहारा लेकर अपने विरोधियों के खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज करवाने के मामले में दोषी करार देते हुए अधिवक्ता परमानंद गुप्ता को अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ 5 लाख 10 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरविंद मिश्रा ने बताया कि यह मामला अनुसूचित जाति के लोगों का सहारा लेकर दुरुपयोग करने से संबंधित है। जिसमें अधिवक्ता परमानंद गुप्ता द्वारा हरिजन जाति की महिला पूजा रावत के माध्यम से दर्जनों मुकदमे स्वयं एवं पूजा रावत के माध्यम से दर्ज करवरकर उनका न केवल दुरुपयोग किया बल्कि अपने विरोधियों को जेल भिजवाकर सबक सिखाने का काम भी किया है। अदालत को बताया गया कि अधिवक्ता परमानंद गुप्ता ने 18 एवं पूजा रावत के द्वारा 11 फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। इन सब मामलों का खुलासा उच्च न्यायालय के समक्ष उठाए गए तर्कों के उपरांत पता चला। जिस पर अदालत ने सरकारी वकील से इस संबंध में थानों से रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि दोनों लोगों ने मिलकर फर्जी मुकदमे किए हैं। इसके बाद उच्च न्यायालय ने 5 मार्च 2025 को सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया था। अदालत को बताया गया कि मौजूदा मामले में अधिवक्ता परमानंद गुप्ता ने अनुसूचित जाति की महिला पूजा रावत के माध्यम से अपने विरोधी अरविंद यादव एवं उनके परिवार के विरुद्ध एक संपत्ति के मामले को लेकर अदालत के माध्यम से विभूति खंड थाने में में दर्ज कराया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच उपनिरीक्षक स्तर से की गई लेकिन बाद में मामला अनुसूचित जाति से संबंधित महिला का होने तथा दुराचार एवं छेड़खानी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिसके कारण इसकी विवेचना तत्कालीन एसीपी राधा रमन सिंह द्वारा की गई थी। जांच के दौरान पता चला अधिवक्ता परमानंद गुप्ता के षड्यंत्र से झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अदालत में पूजा रावत के मध्यम से अर्जी दी थी। जिस पर 18 जनवरी 2025 को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया गया। इस शिकायती अर्जी में कहा गया था कि पूजा रावत कथित विवादित स्थल पर 1 मार्च 2024 से 24 जुलाई 2024 तक काबिज थी। जहां पर उसके साथ दुराचार किया गया, परंतु विवेचना के दौरान इस अवधि के पूर्व अथवा बाद में पूजा रावत का घटनास्थल पर होना नहीं पाया गया। इसके अलावा जांच के दौरान यह भी पाया गया कि जिस मकान में पूजा रावत का काबिज होकर बतौर किराएदार रहना कहा गया है। उस जगह पर अरविंद यादव एवं अवधेश यादव अपने मकान का निर्माण करा रहे थे। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि जब उस स्थान पर भवन निर्माण कराया जा रहा था तब वहां पर किराए के मकान में पूजा रावत का निवास करने की बात कहना संभव है।

इस प्रकरण का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जब अदालत द्वारा अधिवक्ता परमानंद गुप्ता एवं पूजा रावत को विचारण के लिए तलब किया गया। तब पूजा रावत ने 4 अगस्त 2025 को एक प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह रोजगार के सिलसिले में गोरखपुर से लखनऊ आई थी तथा उसे परमानंद गुप्ता एडवोकेट एवं उसकी पत्नी संगीता गुप्ता ने अपने जाल में फंसा लिया है। अदालत को पूजा रावत ने यह भी बताया कि संगीता गुप्ता का ब्यूटी पार्लर का काम है। जिसमें वह सहायिका के रूप में काम करती थी तथा संगीता गुप्ता का अरविंद यादव आदि के परिवार से खसरा संख्या 351 के रूप में संपत्ति का विवाद चल रहा है तथा सिविल कोर्ट में मुकदमे भी चल रहे है। अर्जी में यह भी कहा गया है कि परमानंद गुप्ता ने उसका अनुसूचित जाति होने के तथ्य का फायदा उठाते हुए अरविंद यादव आदि के परिवार के विरुद्ध रेप छेड़छाड़ आदि के अनेकों मुकदमे अदालतों में दर्ज कराए हैं। पूजा रावत ने अदालत को यह भी बताया कि उसके साथ कथित घटना के समय कोई भी छेड़छाड़ अथवा दुराचार की घटना नहीं हुई बल्कि परमानंद गुप्ता जैसा बयान मजिस्ट्रेट के सामने देने के लिए कहते थे वैसा ही बयान उसे देना पड़ता था। लेकिन उसे माफ कर दिया जाए और वह अदालत को सही-सही बात बता रही है। अदालत ने पूजा रावत की अर्जी एवं उसके द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर उसे यद्यपि सशर्त माफ कर दिया है। लेकिन अधिवक्ता परमानंद गुप्ता के विरुद्ध कहा है कि उसे यह मालूम था कि उसके द्वारा दर्ज कराया जा रहे मुकदमों में उम्र कैद तक की सजा हो सकती है। लिहाजा उसे आजीवन कारावास एवं 5 लाख 10 हजार रुपए के जुमार्ने से दंडित किया जाता है। अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा है कि परमानंद गुप्ता एडवोकेट जैसे अपराधी न्यायालय में प्रवेश और प्रैक्टिस ना कर सके।

सूचना

सूचित हो कि हम पति पत्नी अपने पुत्र संजय व पुत्रवधू श्रीमती नीतू का व्यवहार व चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन व अपराधिक कृत्य से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कुवारा पत्नी दुलारे पुत्र कल्लू नि.-ग्राम भलिया पोस्ट व थाना काकोरी, लखनऊ।**

सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्रों प्रवेश कुमार व अखिलेश कुमार को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **नीमपति पत्नी देशराज निवासी-ग्राम कन्धईपुर मजरे सुरसण्ड़ा, थाना मसौली, बाराबंकी।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे इण्टर वर्ष 2024-2025 अनुक्रमांक 23669730 के अंकपत्र एवं प्रमाण-पत्र में पिता का नाम, RAJEEV SHARMA गलत अंकित है। सही नाम RAJEEV KUMAR SHARMA है। **अन्वेषा शर्मा पुत्री श्री राजीव कुमार शर्मा नि.-ग्राम - मिश्रौली, संसारपार पो. बड़हलगंज, जिला- गोरखपुर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र काव्यांश जिसकी मां का नाम सुनीता है। काव्यांश का विद्यालय में नाम काव्याश यादव व पिता का नाम हरिश्चन्द्र यादव व माता का नाम सुनीता यादव त्रुटिवश अंकित हो गया है। जिसको संशोधित कर काव्यांश यादव के स्थान पर काव्यांश एवं हरिश्चन्द्र यादव व सुनीता यादव के स्थान पर क्रमशः हरिश्चन्द्र व सुनीता अंकित किया जाना वांछित है। काव्यांश पुत्र हरिश्चन्द्र पुत्र स्व० रामदुलारे मूल निवासी ग्राम पूरे पड़रक मजरे कोडरस बुजुर्ग पोस्ट बूढ़नपुर, रायबरेली हाल पता वार्ड नं0 7 जगदीशपुरम, त्रिपुला रायबरेली।

जमीनी विवाद में दबंगों ने अधिवक्ता को पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। निगोहा में जमीनी विवाद को लेकर दबंग ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर अधिवक्ता पर जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों ने उसके सिर पर कुल्हाडी व रॉड से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। जानकारी होने पर पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर लिया है।

घटनाक्रम रमाकांत मिश्रा निवासी मीरखनगर थाना निगोहां ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह बाइक से पुराने घर जा रहे थे। तभी मोहनलालगंज क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग बैरीसलपुर के पास विपक्षी दीपू अपने साथियों संग घात लगाए खड़ा मिला। अधिवक्ता के पहुंचते ही आरोपी ने रोककर गाली-गलौज शुरू की और कहा बहुत वकील बनते हो, इसे खत्म कर दो ताकि जमीन का झंझट खत्म हो जाए। इसके बाद आरोपी ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया। हेलमेट होने के बावजूद अधिवक्ता सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दौरान भीड़ जुटती देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित का मोबाइल छीनने की कोशिश भी की गई, लेकिन घटनास्थल पर छोड़कर भाग निकले। जानकारी होते ही पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

बार एसोसिएशन सख्तः हमले की खबर मिलते ही मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला, महामंत्री राम लखन यादव और वरिष्ठ अधिवक्ता शिव अटल सिंह भारी संख्या में अधिवक्ताओं संग थाने पहुंचे उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

वकील व पत्रकार पर हमले को लेकर संगठन नाराज

लखनऊ। निगोहां प्रेस क्लब के विधिक सलाहकार व पत्रकार रमाकांत मिश्रा पर हमले को लेकर पत्रकारों के संगठन ने प्रेस क्लब कार्यालय में बैठक बुलाकर घटना की निंदा की है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकार पर हुआ हमला न सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला है बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दबाने की घृणित कोशिश है। उन्होंने हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। बैठक में संरक्षक मुकेश द्विवेदी, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, मोइन खान, फहीम खान, उमेश गुप्ता, आरिफ मंसूरी, चांद खान, सुनील त्रिवेदी, राघवेंद्र सिंह सहित मोहनलालगंज, निगोहां और नगराम क्षेत्र के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यदि पुलिस शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करती है तो संगठन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। पत्रकारों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि पत्रकारिता पर हमले किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

होमवर्क पूरा न होने पर भयवश स्कूल ड्रेस में छात्र लापता

● पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर सकुशल किया बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके के हसनापुर में रहने वाला कक्षा-नौ का छात्र सोमवार सुबह घर से स्कूल ड्रेस में विद्यालय के निकला और लापता हो गया। जिसे पुलिस मुकदमा दर्ज के 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

कृष्णानगर कोतवाली के आजादनगर चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित हसनापुर में नेरन्द्र कुमार पुत्र स्व जयजय राम अपने तीन बेटे व एक बेटी सहित पत्नी संग उक्त मकान में रहते है। वह एक निजी दुकान पर सोफा बनाने का काम करते है। पिता नरेंद्र कुमार के अनुसार 15 वर्षीय किशोर पुत्र जयनेन्द्र कक्षा नौ का छात्र है और घर के निकट एक निजी स्कूल में पढ़ता है। बीते 18 अगस्त सुबह करीब 7.20 बजे उनका बेटा जयनेन्द्र घर से स्कूल ड्रेस में विद्यालय के लिए निकला था, किन्तु शाम होने तक घर वापस नही आया। जिसके बाद उन्हें विद्यालय जाकर पता चला कि उनका पुत्र जयनेन्द्र कुमार विद्यालय नही पहुंचा था। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल अपने लापता बेटे की खोजबीन करने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की थी। पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोर छात्र को मुकदमा दर्ज के 24 घंटे में सकुशल बरामद किया गया है। बच्चे को पटेलनगर के पास से बरामद किया गया है। लापता छात्र ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अपने स्कूल का होमवर्क पूरा नहीं किया था, जिसके चलते भयग्रस्त हो वह स्कूल नहीं गया और इधर-उधर घूमता रहा था। जिसे विधिक कार्रवाई कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

साइड न मिलने पर दूधिये पर हमला

लखनऊ। यातायात नियमों का पालन सड़कों पर न करने का बहाना बनाकर सड़क किनारे रोककर मदमस्त युवकों द्वारा लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करना आम बात हो गयी है। कमजोर राहगीर ही इनके आतंक का शिकार बनता है। इसी घटना क्रम में रविवार को सांयकालीन 09.30 बजे जब मुल्लाही खेड़ा नटकुर निवासी अजीत कुमार अपने मित्र अनुभव के साथ दूध बेचने जा रहा था। वह अभी गुड्डूपाल के घर के पास पहुंचे ही थे कि अचानक पीछे से आ रहे सौरभ, विशाल, दीपक व चाहत ने आगे आकर जब रोका तो वजह पूछने पर आगबबूला हो गये।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
संदर्भ : ई-खुली निविदा सूचना सं. सीपीएम-जीएस-आईजेडएन-2025-10
ई-खुली निविदा सूचना सं. सीपीएम-जीएस-आईजेडएन-2025-10 जो दिनांक 26.08.2025 को खोली जानी थी, **प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है।** इस निविदा सूचना का निरस्तीकरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति/इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-208
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

● परिजनों ने अभी तक नहीं दी कोई तहरीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र के जानकीपुरम में एक विवाहिता (30) ने पंखे में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर घर में कोई नही था। विवाहिता की ढाई साल की बच्ची के रोने पर सास को पता चला। परिजन विवाहिता को एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुडंबा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी रमेश चंद्र वर्मा नगर निगम से अवर अभियंता पद से रिटायर है। वह पत्नी, बेटे आशीष वर्मा, बहू अंकिता व ढाई साल की पोती शिवांक्षी के साथ रहते हैं। आशीष की विकासनगर में स्टडी हब नाम से लाइब्रेरी है। सोमवार दोपहर बहु अंकिता (30) ने भूतल में बने अपने कमरे में पंखे में दुपट्टा से फांसी लगा लिया। शिवांक्षी के रोने की आवाज सुनकर सास कमरे में गई तो अंकिता को फंदे में लटका देखा। उन्होंने पति और आशीष को सूचना दी। पड़ोसियों की मदद से अंकिता को रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। बिसवां, सीतापुर निवासी व मृतका के भाई राजन ने बताया कि उन्हें शाम छह बजे घटना की सूचना दी गई। इंस्पेक्टर गुडंबा ने बताया कि मृतका के परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

फॉस्टफूड विक्रेता ने की खुदकुशीः गुडम्बा थाना क्षेत्र के उल्लरापुर निवासी फास्टफूड विक्रेता मुरली (27) ने सोमवार शाम फंदा लगाकर जान दे दी। चौकी प्रभारी त्रिविक्रम सिंह ने बताया कि मृतक इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के पास फास्ट फूड का ठेला लगाता है। सोमवार को करीब नौ बजे मृतक के भाई घर पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। मृतक की पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके गई हुई है।

छात्रा के साथ जंगल में रेप, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय छात्रा के साथ उसके एक परिचित ने शनिवार सुबह जंगल में ले जाकर रेप किया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता के माता-पिता एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में गए थे। वह अपने छोटे भाई और दो बहनों के साथ घर पर अकेली थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के खसरवारा गांव का 45 वर्षीय विनोद रावत उसके घर पहुचा। आरोपी विनोद पीड़िता के परिवार का जानकार है। उसने छात्रा को जंगल में रुपयों से भरा संदूक होने का झांसा दिया। लालच में आई किशोरी को वह अपनी बाइक पर बैठाकर अंबरपुर स्थित जंगल ले गया। वहां उसने किशोरी के साथ रेप किया। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया और जान से मारने की धमकी दी। शाम को जब माता-पिता घर लौटे, तब किशोरी ने उन्हें पूरी घटना बताई। परिजनों ने बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। उसमें घटना की पुष्टि हुई है।

विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली में एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा नामजद केस दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम अटिया पोस्ट मझिगवाँ थाना बेनीगंज हरदोई निवासी शीलू सिंह पुत्री स्व सर्वेश सिंह के अनुसार उसका विवाह बीते 29 नवंबर वर्ष 2021 को शुमभ सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी खुशी विहार कनौसी थाना कृष्णानगर के साथ हुआ था।

कार्यालय जिला पंचायत- बहराइच

पत्रांक-83/जि.पं.बह./भवन-मानचित्र/2025-26 दिनांक 13 अगस्त, 2025

-: प्लाटिंग नक्शा/भवन मानचित्र सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बहराइच के ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाटिंग की जगीन क्रय करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि प्लाटिंग का नक्शा/मानचित्र जिला पंचायत, बहराइच से स्वीकृत है या नहीं। उक्त की जानकारी प्राप्त करके ही प्लाटिंग की जमीन/भूमि का क्रय करना सुनिश्चित करे अन्यथा की स्थिति में उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैध माना जायेगा और ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के सुसंगत प्राविधानों एवं जिला पंचायत, बहराइच में दिनांक 09 मई, 2020 से प्रभावी मानचित्र उपविधि के अनुक्रम में प्रतिकूल कार्यवाही की जायेगी।

मानचित्र उपविधि के अनुसार कोई व्यक्ति/फर्म जनपद बहराइच के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत जिला पचायत बहराइच से 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के भवनों के निर्माण से पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना न तो कोई नया निर्माण कर सकता है एवं न ही पुराने भवन में फेरबदल कर सकता है तथा न ही किसी प्रकार के खण्ड की प्लाटिंग तथा भवनों का आवंटन कर सकता है।

रवीन्द्र सिंह	डॉ. वीरेन्द्र बहादुर	मंजू सिंह
अभियन्ता	अपर मुख्य अधिकारी	अध्यक्ष
जिला पंचायत, बहराइच।	जिला पंचायत, बहराइच।	जिला पंचायत, बहराइच।

हरतालिका तीज 26 को, शुभ संयोग में सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का खास महत्व होता है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन इस व्रत को रखा जाता है। मान्यता है कि सुहागिन महिलाओं द्वारा इस व्रत को रखने से उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हरतालिका तीज के दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव व माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करती हैं। वहीं, इस बार का हरतालिका तीज और भी ज्यादा खास हो रहा है क्योंकि, इस दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में इस साल इस व्रत को रखने से महिलाओं को भगवान की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। आइए विस्तार से जानें की इस बार हरतालिका तीज कब पड़ रही है और इस दिन कौन-कौन से शुभ संयोग बन रहे हैं। इस साल हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त, मंगलवार को रखा जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार तृतीया तिथि 25 तारीख को दोपहर में 12 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगी और इसका समापन अगले दिन 26 तारीख को दोपहर में 01 बजकर 55 मिनट पर होगा। तृतीया तिथि उदयकाल में 26 अगस्त को पड़ने के चलते हरतालिका तीज का व्रत इसी दिन रखा जाएगा। 26 तारीख, मंगलवार को तृतीया तिथि होने से इस दिन अंगारकी चतुर्थी और विनायकी चतुर्थी का भी शुभ संयोग बन रहा है। वहीं, इस दिन चंद्रमा कन्या राशि में मंगल के साथ धन योग का भी संयोग बनाएंगे। साथ ही, इस दिन हस्त नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। ऐसे में व्रत रखने वाली विवाहित महिलाओं के लिए यह दिन और भी खास बन रहा है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ-साथ गणेशजी की पूजा करना भी विशेष रूप से फलदायी रहेगा।

हरतालिका तीज व्रत का महत्व : हरतालिका तीज व्रत का धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत विशेष महत्व है। यह व्रत विशेष रूप से महिलाओं द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन की स्मृति में किया जाता है। इस दिन महिलाएं पूर्ण श्रद्धा से व्रत रखती हैं, जिसमें अन्न और जल का त्याग कर दिनभर उपवास किया जाता है। रात्रि में जागरण करके शिव-पार्वती की कथा सुनी जाती है और उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। सुहाग की वस्तुएं माता पार्वती को अर्पित की जाती हैं और महादेव को वस्त्र व अन्य पूजन सामग्री समर्पित की जाती है। इस व्रत का महत्व यह है कि कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करती हैं, जबकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के लिए इसे निभाती हैं। ऐसा माना जाता है कि सोलह श्रृंगार कर माता पार्वती की पूजा करने से वे अति प्रसन्न होती हैं और साधक पर अपनी विशेष कृपा बनाए रखती हैं, जिससे वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

हरतालिका तीज व्रत की पूजा विधि: व्रत रखने वाली महिलाओं को इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि कर लेना चाहिए। इसके बाद, साफ वस्त्र धारण करके मिट्टी से भगवान शिव, देवी पार्वती और गणेश जी की प्रतिमा बनाएं। अब इन्हें चौकी पर वस्त्र बिछाकर स्थापित करें। इसके बाद, पहले भगवान गणेश को तिलक लगाएं और दूर्वा अर्पित करें। अब विधि-विधान से गणेशजी की पूजा करें और फिर, माता पार्वती को श्रृंगार का सामान और शिवजी को बेलपत्र अर्पित करें। साथ ही, उन्हें वस्त्र, मिष्ठान आदि भी चढ़ाएं और हरतालिका तीज व्रत का पाठ अवश्य करें। आखिरी में भगवान गणेश की आरती करें और फिर, शिवजी व पार्वती माता की आरती करें। साथ ही, हरतालिका तीज व्रत के दिन शाम के समय भी विधि-विधान से पूजा और आरती जरूर करें।

हरतालिका तीज पर शुभ योग और मुहूर्त

ज्योतिषियों के अनुसार इस साल तृतीया तिथि की शुरूआत 25 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट से होगी। तिथि का समापन 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर है। ऐसे में 26 अगस्त 2025 को हरतालिका तीज मनाई जाएगी। इस दिन साध्य योग प्रातःकाल से लेकर दोपहर 12 बजकर 09 मिनट तक है। फिर शुभ योग प्रारंभ होगा। हालांकि रवि योग का संयोग पूरे दिन रहने वाला है। बात अगर पूजा के मुहूर्त की करें, तो हरतालिका तीज पर पहला मुहूर्त (ब्रह्म मुहूर्त) सुबह 4 बजकर 27 मिनट से सुबह के 5:12 मिनट तक रहेगा। फिर दूसरा (अभिजीत मुहूर्त) सुबह 11 बजकर 57 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक मान्य है। हालांकि तीसरा (विजय मुहूर्त) दोपहर में 2 बजकर 31 मिनट से दोपहर 3 बजकर 23 मिनट तक रहने वाला है। आप इस अवधि में शिव परिवार की उपासना कर सकती हैं।

कान्हा की छठी 22 को, मंदिरों व घरों में होगी विशेष पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, अब उनकी छठी मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के 6 दिन बाद छठी मनाई जाती है, यही परंपरा श्रीकृष्ण के जन्म के 6 दिन बाद निभाई जाती है। जिसे बाल गोपाल की छठी या लड्डू गोपाल की छठी के नाम से जाना जाता है। भगवान कृष्ण की छठी घर के साथ मंदिरों में भी धूमधाम से मनाई जाती है। इस दिन लड्डू गोपाल को विधि-विधान से स्नान कराकर नए वस्त्र पहनाए जाते हैं और उन्हें प्रिय भोग अर्पित किया जाता है। जिन लोगों ने इस साल 15 अगस्त 2025 को कान्हा का व्रत रखते हुए उनका जन्मोत्सव मनाया है वे 21 अगस्त 2025 को और जिन्होंने उदया तिथि को आधार मानते हुए 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी का पर्व मनाया था, वे लोग 22 अगस्त 2025 के दिन दोपहर या शाम के समय उनकी छठी मनाएंगे।

लड्डू गोपाल को छठी में किन चीजों का भोग लगाना चाहिए: भगवान कृष्ण की छठी पर कढ़ी चावल का भोग अत्यंत शुभ माना गया है। इसके अलावा आप माखन, मिश्री व मालपुआ आदि का भोग लगा सकते हैं।

बाल गोपाल की छठी पर बन रहे खास संयोग: इस बार लड्डू गोपाल की छठी पर सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस योग में किए गए कार्य सफलतादायक होते हैं।

छठी पूजा का क्या है धार्मिक महत्व : पं. बिन्द्रेस दुबे के अनुसार सनातन परंपरा में छठी या फिर कहें षष्ठी देवी की पूजा का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। मान्यता है कि छठी माता की पूजा करने पर नवजात शिशु तमाम तरह की आपदाओं से बचा रहता है. ऐसे में कान्हा के भक्त जन्मोत्सव के बाद इस पर्व का हर साल बड़ी धूम-धाम से मनाते हैं।

कान्हा की छठी पूजा विधि: प्रत्येक व्यक्ति अपने लड्डू गोपाल की अपनी आस्था के अनुसार छठी पूजा का समय चुनता है। कोई यह पूजा दोपहर में तो कोई शाम के समय करता है। यदि आप दोपहर के समय कान्हा की छठी मना रहे हैं तो इसके लिए सुबह 11:58 से दोपहर 12:50 तक अभिजित मुहूर्त अत्यंत ही शुभ रहने वाला है. कान्हा की छठी पूजा करने से पहले आप तन-मन से पवित्र हो जाएं फिर उसके बाद पूजा की सभी सामग्री अपने पास रख लें। इसके बाद जिस तरह आम बच्चे की छठी मनाने से पहले उसका स्नान कराया जाता है, कुछ वैसे ही कान्हा को स्नान कराएं। भगवान श्री कृष्ण को पहले पंचामृत से फिर गंगाजल से स्नान कराएं और फिर उन्हें साफ कपड़े से पोंछने के बाद नए वस्त्र और आभूषण आदि से विशेष श्रृंगार करें, फिर इसके बाद अपने लड्डू गोपाल को चंदन, केसर, हल्दी, फल, फूल, धूप, दीप, अर्पित करें. कान्हा की छठी पूजा में उनकी प्रिय चीजें जैसे बांसुरी, मक्खन मिश्री, मोर पंख जरूर अर्पित करें. इसके बाद उनका नाम करण करने के लिए जिस नाम से उन्हें आप पूजते हों, वह नाम बुलाएं और पूरे साल उनकी उसी नाम से साधना करें. पूजा के अंत में उनकी आरती करें तथा सभी को प्रसाद बांटे और स्वयं भी ग्रहण करें।

अतुल तिवारी को मिलेगा डॉ. राही मासूम रजा सम्मान

● 1 सितंबर को होगा सम्मान समारोह का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ राही मासूम रजा साहित्य एकेडमी की बैठक आयोजित की गई जिसमें 1 सितम्बर डॉ राही मासूम रजा के जन्मदिवस के अवसर पर दिये जाने वाले डॉ राही मासूम रजा साहित्य सम्मान 2025 दिए जाने के निर्णय लिए गए।

पूर्व की भांति इस बार भी यह सम्मान कला व साहित्य की महान विभूति को प्रदान किया जा रहा है। सम्मान समारोह की चयन समिति ने कई महत्वपूर्ण नामो पर मन्त्रणा करने के बाद सर्वसम्मति से कथाकार, फिल्म पटकथा एवं संवाद लेखक, नाटक तथा जीवनी लेखक प्रसिद्ध अभिनेता अतुल तिवारी का नाम तय किया है। समिति ने पाया कि अतुल तिवारी का सारा जीवन, लेखन और फिल्मी सफर बहुत से अर्थों में डॉ राही मासूम रजा के विचारों से मिलता है। डॉ राही जिस तरह सद्भावना, लोकतंत्र और लेखन में दखल रखते थे, उसी मार्ग पर अतुल तिवारी जी भी चल रहे हैं। इसलिए उनके चयन से एकेडमी स्वयम को गौरवान्वित महसूस कर रही है। डॉ राही मासूम रजा साहित्य सम्मान-2025 अतुल तिवारी जी को 1 सितम्बर के दिन प्रदान किया जाएगा। लखनऊ स्थित गांधी भवन में दोपहर 3:30 बजे लखनऊ भर के साहित्य प्रेमी तथा राही मासूम रजा के चाहने वाले अपने प्रिय कलाकार तथा कथाकार संवाद लेखक अतुल जी को सम्मानित करेंगे। अतुल तिवारी से पूर्व डा नमिता सिंह, पद्मश्री डॉ काजी अब्दुल सत्तार, शेखर जोशी, डॉ अब्दुल बिस्मिल्लाह, नासिरा शर्मा, असद जैदी, पद्मश्री मेहरुन्निसा परवेज, विष्णु नागर, पद्मश्री गरीरिराज किशोर, प्रो अली अहमद फातमी, डॉ शम्भूनाथ, विभूति नारायण राय, पंकज बिष्ट, नरेश सक्सेना तथा कुमार प्रशांत को इस सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

'सावन गीतों का उत्सव' में दिखा लोकगीतों का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नव अंशिका फाउंडेशन के द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सहयोग से, दो दिवसीय अवध, ब्रज, पूर्वांचल बुंदेलखंड, पश्चिमांचल के सावन गीतों का उत्सव का आयोजन की दूसरी संध्या मे गोमती नगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान परिसर के ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेर्शालाय से सेवानिवृत्त हुए कार्यक्रम अधिकारी के.के. पाठक सहित राजेश शर्मा, दुर्गेश पाठक, नीशू त्यागी, नीरा लोहानी, सीमा भट्ट, दबीर सिद्दीकी आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोक गायिका नूतन पाण्डेय, स्वीटी सिंह मोनिका अग्रवाल आदि ने उत्तर प्रदेश के सावन के लोक गीतों की यादगार शाम जीवंत की।

फाउण्डेशन की अध्यक्षा और उत्सव की संयोजक एवं आयोजक नीशू त्यागी के मार्गदर्शन में लोकप्रिय लोक गायिका नूतन पाण्डेय ने भोजपुरी, अवधी, हिन्दी झूला गीत, श्रंगार गीत सुनाकर आयोजन को परवान चढ़ाया। परंपरा के अनुसार उन्होंने प्रथम देव गणपति की स्तुति की। जन्माष्टमी के अवसर को देखते हुए उन्होंने विशेष रूप से कृष्ण भजन सुनाकर सबका दिल जीत लिया। सावन उत्सव के क्रम में उन्होंने झूमती नाचती प्रकृति का जीवंत चित्र अरे रामा रिमझिम और झूला धीरे से लोकगीतों के माध्यम से पेश किया। तुमको जाने में, पिरितिया के डोर, सखिया सावन, मनवा मसोसे रामा, काहे लाये हो, सब कहेला कि बहुते और छलकल गगरिया मोर सुनाकर आयोजन को यादगार बना दिया। सह-कलाकारों में की-बोर्ड पर हरीश, ढोलक पर किट्टू, आक्टोपैड पर मोहन ने बखूबी वादन किया। पंचरंगी सावन उत्सव में आमंत्रित लोकप्रिय लोक गायिका स्वीटी सिंह ने स्तुति से लेकर सावन में प्रकृति चित्रण और प्रेम के मधुर गीत सुनाकर वाहवाही लूटी। इसमें कजरी और झूला गीत सुनते ही बने। इनका साथ ऑर्गन पर फिरोज खान, ढोलक पर हरिओम मिश्रा, आक्टोपैड पर गणेश ने दिया। इस क्रम में लोकप्रिय गायिका मोनिका अग्रवाल ने बरसन लागी बदरिया झूम झूम के और कहे करेलु गुमान गोरी सावन में जैसे प्रचलित लोकगीत सुनाकर प्रभावी उपस्थिति दर्ज करवाई। आमिर मुख्तार के कुशल संचालन में हुए इस कार्यक्रम में इस अवसर पर फाउण्डेशन की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी ने सावन के गीतों के बारे में बताया कि सावन के गीत प्रकृति से प्रेरित होते हैं जिसमें देवी स्तुति से लेकर झूला गीत तक गाए जाते हैं वहीं प्रियतम से मिलन और विरह दोनों ही रंग दिखते हैं। इस आयोजन में युवा एंकर और नृत्यांगना अंशिका त्यागी ने कार्यक्रम को गुलदस्ते की तरह सजाया। इस दो दिवसीय उत्सव के प्रबंधन का दायित्व राहुल शर्मा, अभिनेता सुरज गौतम और दबीर सिद्दीकी ने संभाला।

डिजिटल झांकी : श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह देख भक्तगण हुए मंत्रमुग्ध

● वैवाहिक मांगलिक गीतों से गूंज उठा द्वारिका का राजमहल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में छह दिन चलने वाले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियों में भगवान कृष्ण की लीलाओं के अलग-अलग रूप प्रदर्शित किया जा रहे हैं। झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि डिजिटल मूविंग झांकियों के चौथे दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी का विवाह का दृश्य दिखाया गया। द्वारिका राजमहल की भव्य राजसभा में कई देशों के राजा महाराजा एवं मंत्री गण अपने-अपने सिंहासन पर विराजमान थे।

कई देशों के राजा महाराजा, मंत्रीगण एवं प्रजागण की उपस्थिति के बीच जब भगवान श्रीकृष्ण को रुक्मिणी ने जयमाल पहनाई तो द्वारिका का राजमहल वैवाहिक मांगलिक गीतों से गूंज उठा। कृष्ण रुक्मिणी विवाह संपन्न होने पर समस्त उपस्थित अतिथि गणों ने पुष्पवर्षा कर नव विवाहित जोड़े को सुखमय दाम्पत्य जीवन का अशीवाद प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर मुबंई की तर्ज पर बच्चों की 20 फिट ऊंची दही हाड़ी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों की कई टीमों ने मटकी फोड़ स्पर्धा में जोर अजमाइश की।

मटकी फोड़ स्पर्धा की विजयी टीम को मित्तल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। अन्य झांकियों में निधिवन में झूले का आनंद उठाते राधा कृष्ण, कालिया नाग पर नृत्य करते का नटखट कान्हा के अलावा राक्षसी पूतना का वध करते कान्हा की स्थायी झांकी सजाई गई है। 20 फीट ऊंचे शिवलिंग से गंगा अवतरण के अलावा सीना चीरते हनुमानजी के हृदय में राम सीता के दर्शन की स्वचालित झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी है। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती-फिरती झांकी सबको लुभाने को रही है। न्यू गणेशगंज झांकी स्थल को कोलकाता की एलईडी लाइट पैनलों एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर माता दुर्गा व कृष्ण लीलाओं को उकेरा गया। ऑपरेशन सिंदूर का सेल्फी कार्नर भक्तों में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर सज रहा है बप्पा का दरबार

● अलीगंज गणेश उत्सव की तैयारियां तेज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 13 वां श्री गणेश जन्मोत्सव का आयोजन 27 से 31 अगस्त तक 'गुलाब वाटिका अपार्टमेंट' नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज मे किया जायेगा। संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा ने बताया कि गणेशोत्सव की तैयारियां तेजी शुरू हो गई है। अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी ने बताया कि इस बार बप्पा का दरबार आपरेशन सिंदूर की थीम पर तैयार हो रहा है। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि पंडाल सजाने के लिए कोलकाता से करीब एक दर्जन कारीगर पिछले 20 दिनों से बप्पा का दरबार तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बप्पा के दरबार के अलावा सड़क पर दो मुख्य द्वार भी तैयार किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल के बाहर मेले जैसा माहौल रहेगा जिसमें बच्चों के लिए कई स्टाल लगाए जाएंगे व झूले लगाए जाएंगे जिसका बच्चे भरपूर मनोरंजन प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि बप्पा के दरबार में आने वाले सभी भक्तों को प्रसाद दिया जाएगा।

श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया आविर्भाव दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज की 81वीं व्यास पूजा (आविर्भाव दिवस) सम्पूर्ण विश्व सहित श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कॉन लखनऊ में मंगलवार अन्नदा एकादशी को अत्यंत भव्यता, श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज का जन्म 14 अगस्त 1944 को अन्नदा एकादशी को एक बहुत ही संभ्रान्त, उच्च शिक्षित एवं धनी परिवार मे हुआ था।

गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज का रुझान कृष्ण भक्ति की ओर हुआ और वह मांट्रियल के मन्दिर अध्यक्ष से कुछ सेवा मांगने गये तो उन्हें श्रील प्रभुपाद जी का कमरा साफ करने की सेवा दी गयी, उन्होंने वह सेवा इतनी सुन्दर तरीके से की, जिससे श्रील प्रभुपाद जी अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्हें मिलने के लिए बुलाया, इस तरह गुरू महाराज की श्रील प्रभुपाद से पहली भेंट 13 मई 1968 को हुई। श्रील प्रभुपाद जी ने उन्हें कृष्ण भक्ति उत्साहपूर्वक करने के लिए प्रेरित किया। 27 मई 1969 को गुरू महाराज की हरिनाम दीक्षा हुई महाराज को उनके भौतिक नाम के अनुरूप दीक्षित नाम गोपाल कृष्ण दास दिया गया। गुरू महाराज की अपने गुरू श्रील प्रभुपाद के प्रति ऐसी शरणागति थी कि वह अपना सम्पूर्ण वेतन लेकर श्रील प्रभुपाद के चरणों मे रख देते थे प्रभुपाद जी उनकी पत्नी को बुलाकर उन्हें घर खर्च के पैसे दिया करते थे। गुरू महाराज की निरंतर सेवाओं से प्रसन्न होकर श्रील प्रभुपाद जी ने उन्हें 1975 मे भारत भेजा और मुख्य रूप से पुस्तक वितरण पर अपना ध्यान केंद्रित रखते हुए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज जी की व्यास पूजा पर इस्कॉन गर्ल्स फोरम द्वारा उनके जीवन चरित्र से संबंधित एक बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया गया उपस्थित भक्तों ने उनका उत्साहवर्धन किया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज की व्यास पूजा (आविर्भाव दिवस) पर इस्कॉन परिवार, लखनऊ द्वारा श्री श्री राधा रमण बिहारी जी मंदिर मे भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका गुणगान किया गया।

फोटोग्राफी का कला महाविद्यालय से पुरातन व समृद्ध संबंध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। फोटोग्राफी एक कला और विज्ञान है, जिसमें प्रकाश का उपयोग करके स्थायी चित्र या तस्वीरें बनाने की प्रक्रिया शामिल है। यह एक ऐसी तकनीक है जो हमें वास्तविक दुनिया की छवियों को कैप्चर करने और उन्हें एक दृश्य रिकॉर्ड के रूप में सहेजने की अनुमति देती है, चाहे वह प्रकाश-संवेदनशील फिल्म पर हो या डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक या चुंबकीय मेमोरी पर। यह हुई फोटोग्राफी के बारे में।

फोटोग्राफी को कला के रूप में औपचारिक मान्यता 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरूआत में मिली, खासकर पिक्टोरियलिज्म आंदोलन के साथ। इस आंदोलन ने फोटोग्राफी को एक कलात्मक माध्यम के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह कला दीघाओं और प्रदर्शनियों में प्रदर्शित होने लगी। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 1911 में भव्य इमारत के रूप में कला एवं शिल्प महाविद्यालय की स्थापना हुई। यह देश के चार महत्वपूर्ण कला संस्थानों में से एक है। इस संस्थान ने अनगिनत कलाकारों को जन्म दिया और आज भी निरन्तर जारी है। इस महाविद्यालय में फोटोग्राफी का एक लंबा इतिहास रहा है। वरिष्ठ कलाकार व पूर्व प्रधानाचार्य जय कृष्ण अग्रवाल से बातचीत से महाविद्यालय में फोटोग्राफी के कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। उनके एक पोस्ट से पता चलता है कि श्री ललित मोहन सेन ने 1932 में स्थापित यू.पी. अमेच्योर फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रमुख संस्थापक थे। 1932 में स्थापित इस संगठन से लखनऊ फोटोग्राफी में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया। सेन लखनऊ के कला महाविद्यालय में अध्यापन कार्य कर रहे थे जो स्थानीय कला गतिविधियों का एक मात्र केन्द्र था और स्वाभाविक रूप से इस एसोसिएशन की गतिविधियों का केन्द्र भी बन गया। स्थानीय फोटोग्राफर्स को कलाकारों के सीधे सम्पर्क में आने से उन्हें फोटोग्राफी के सृजनात्मक पक्ष का परिचय प्राप्त हुआ। देखते देखते लखनऊ फोटोग्राफी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने लगी। यद्यपि उनदिनों फोटोग्राफी कला महाविद्यालय के पाठ्यक्रम का विषय नहीं थी फिर भी श्री सेन के प्रयास से सुव्यवस्थित डार्करूम और स्टूडियो की स्थापना की गयी जिससे आकर्षित हो अनेक छात्रों को भी इस विधा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। कॉलेज ऑफ आर्ट्स फोटोग्राफि क सोसाइटी द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन विश्व फोटोग्राफी दिवस पर महाविद्यालय के फोटोग्राफी के प्राध्यापक अतुल हुंडु के मार्गदर्शन में मंगलवार को कॉलेज ऑफ आर्ट्स फोटोग्राफिक सोसाइटी द्वारा आयोजित भव्य फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि असीम अरुण ने किया। इस प्रदर्शनी में प्रतिभागी फोटोग्राफर अभिनव श्रीवास्तव, अभिषेक पटवा, आबिद सलीम सिद्दीकी, अजैस जायसवाल, अजय कुमार, अमीषा गुप्ता, आकृति दुबे, अमित यादव, अनुराग स्वरूप, अरुणा सिंह, अविनाश चंद्र लिटिल, अविरल पियूष, भूपेश चन्द्र लिटिल, बिंदु अरोरा, दीपक यादव, दीपशिखा, ध्रुव सेहता गणेश मिश्रा, गीतिका, ज्ञान शुक्ला, हर्षित सिंह, ज्योतिर्मय यादव, खुशबू कुमारी, कुंवर जी, मनोज कुमार शुक्ला, मयंक रस्तोगी, मोहसिना, निरंकार रस्तोगी, पायल कृति के क्रिएटिव, कमर्शियल, लैंडस्केप और पोर्ट्रेटर शैली की रचनात्मक 150 से भी अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों और आम लोगों में फोटोग्राफी जैसी सृजनात्मक विधा के प्रचार-प्रसार हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

कॉलेज के डीन/प्रिंसिपल डॉ. रतन कुमार ने फोटोग्राफी विभाग से जुड़े छात्रों की मेहनत व लगन की सराहना की। विशेष आकर्षण के रूप में विभाग द्वारा पुराने एंटीक कैमरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने आगंतुकों का ध्यान खींचा।

छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05193/05194 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार छपरा से 15 सितम्बर तक तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) से 17 सितम्बर तक 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05193 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 सितम्बर तक प्रत्येक सोमवार को छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 14.12 बजे, मशरख से 15.02 बजे, दिघवा दुबौली से 15.34 बजे, थावे से 17.05 बजे, तमकुही रोड से 17.37 बजे, पडरौना से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, खलीलाबाद से 21.31 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.18 बजे, सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहाँपुर 06.06 बजे, बरेली से 07.14 बजे, मुरादाबाद से 08.47 बजे, लक्सर जं. से 10.47 बजे, रूड़की से 11.09 बजे, सहारनपुर से 12.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 12.57 बजे, अम्बाला कैंट से 14.20 बजे, ढंडारी कलां से 15.56 बजे, जलंधर कैंट से 17.05 बजे, पठानकोट कैंट से 19.10 बजे, कठुआ से 19.50 बजे तथा जम्मूतवी से 21.00 बजे छूटकर शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) 23.05 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05194 शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 17 सितम्बर तक प्रत्येक बुधवार को शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) से 00.10 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी से 01.20 बजे, कठुआ से 02.22 बजे, पठानकोट कैंट से 03.10 बजे, जलंधर कैंट से 05.00 बजे, ढंडारी कलां से 06.10 बजे, अम्बाला कैंट से 08.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 09.20 बजे, सहारनपुर से 10.50 बजे, रूड़की से 11.27 बजे, लक्सर जं. से 12.07 बजे, मुरादाबाद से 14.30 बजे, बरेली से 16.02 बजे, शाहजहाँपुर 16.58 बजे, सीतापुर से 19.10 बजे, बुढ़वल से 21.17 बजे, गोंडा से 22.20 बजे, बस्ती से 23.50 बजे, दूसरे दिन खलीलाबाद से 00.27 बजे, गोरखपुर से 01.20 बजे, कप्तानगंज से 02.17 बजे, पडरौना से 02.57 बजे, तमकुही रोड से 03.32 बजे, थावे से 04.45 बजे, दिघवा दुबौली से 05.42 बजे, मशरख से 06.15 बजे तथा छपरा कचहरी से 07.20 बजे छूटकर छपरा 08.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय/सामान्य द्वितीय कुसीर्यान श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 05 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 10 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

126.57 किमी. ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का कार्य पूरा



लखनऊ। यात्रियों के मांग के अनुरूप ट्रेनों के सुगम परिचालन हेतु भारतीय रेल पर इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के कुशल मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर रेलवे पर भी रेल खंडों का दोहरीकरण, तीसरी लाइन, नई रेल लाइन, स्टेशनों के पुनर्विकास के साथ ही ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

वर्तमान वित्त वर्ष में पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोविन्दनगर-टिनिच-गौर-बभनान (24.64 किमी.) खंड की ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग प्रणाली की कमीशनिंग का कार्य 19 अगस्त, 2025 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कमीशनिंग के उपरान्त अप साइड से पहली यात्री ट्रेन 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस इस खंड से चलाई गई। यह कार्य बहुत ही सुगम तरीके से बिना किसी ट्रेन परिचालन को प्रभावित किये सम्पन्न किया गया। इसके साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे पर अब तक 126.57 रूट किमी. ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है, जो इस रेलवे के लिये विशेष उपलब्धि है।

गोविन्दनगर-बभनान खंड के ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य पूरा होने पर लखनऊ मंडल में डोमिनगढ़ से बभनान तक 90.36 किमी. तथा वाराणसी मंडल में कुसम्ही से देवरिया सदर तक 36.21 किमी. ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इस कार्य के पूर्ण होने से अधिक ट्रेनों का संचलन सम्भव हुआ है, साथ ही लाइन क्षमता में वृद्धि के साथ ही साथ ट्रेनों के समय-पालन में भी सुधार होगा। पूर्वोत्तर रेलवे पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम की शुरूआत गत वित्त वर्ष 2024-25 के आरम्भ में जगतबेला-मगहर (14.65 किमी.) खंड के कमीशनिंग के साथ हुई, जिसके बाद लगातार आगे बढ़ते हुये गत वित्त वर्ष के अन्त तक इस रेलवे ने 100 किमी. ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग प्रणाली पूरा करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त किया था। ऑटोमेटिक खंडों पर ट्रेनें सुगमतापूर्वक एवं संरक्षित तरीके से चल रही हैं।

स्वच्छता अभियान में ट्रैकों पर हो रही सफाई

लखनऊ। भारतीय रेल द्वारा 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक और समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज लखनऊ मण्डल के प्रमुख स्टेशनों गोरखपुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोंडा, बादशाहनगर, ऐशबाग एवं लखनऊ जंक्शन पर निरन्तर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशनों पर सुलभ प्रसाधनों, वेटिंग हॉल, वेस्टिबुल एरिया, प्लेटफॉर्म व ट्रेनों के अंदर की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है साथ ही, रेलवे सुपरवाइजर्स द्वारा ट्रेनों में लिनेन की सफाई, और भंडारण की प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया जा रहा है ताकि यात्रियों को स्वच्छ और सुविधाजनक सुखद यात्रा का अनुभव प्राप्त हो।

मण्डल द्वारा शहरी स्थानीय निकायों के सहयोग से रेलवे कालोनियों, रेलवे ट्रैक के किनारों पर तथा उसके आसपास के क्षेत्रों से कचरे को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्वच्छता को बनाए रखने के लिए स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे यात्रियों और कर्मचारियों को कचरा प्रबंधन में सहूलियत हो। मण्डल में स्वच्छता संबंधी जागरुकता के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से स्टेशनों तथा रेलवे परिसरों में गंदगी फैलने से होने वाले नुकसान को यात्री जनों एवं आम जनमानस तक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से संदेश पहुँचाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में पोस्टर/बैनर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता फैलायी जा रही है।

आईआरसीटीसी करायेगा थाईलैंड कॉलिंग की अंतर्राष्ट्रीय टूर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● यह विशेष टूर 29 अगस्त से 3 सितंबर तक रहेगा

लखनऊ। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) लखनऊ कार्यालय द्वारा एक आकर्षक अंतर्राष्ट्रीय टूर थाईलैंड कॉलिंग की घोषणा की गई है। यह विशेष टूर 29 अगस्त से 3 सितंबर तक रहेगा, जिसमें यात्रियों को पटाया और बैंकॉक की 6 दिवसीय विदेशी यात्रा कराई जाएगी। इस टूर की विशेषताओं में यात्रियों को एयर एशिया की डायरेक्ट फ्लाइट से यात्रा, चार सितारा होटल में ठहराव, भारतीय भोजन (5 ब्रेकफास्ट, 5 लंच, 4 डिनर), ट्रैवल इंश्योरेंस, गाइड सुविधा सहित कई प्रमुख दर्शनीय स्थलों जैसे टाइगर पार्क, कोरल आइलैंड, अल्काजार शो, बैंकॉक मंदिर दर्शन, चाओ फ्राया क्रूज डिनर, सफारी वर्ल्ड, सी लाइफ ओशियन वर्ल्ड व जेम्स गैलरी का भ्रमण कराया जायेगा।

एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 73300 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 62800 रुपये, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 61600 रुपये, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 59300 रुपये बेड सहित एवं मूल्य 50000 रुपये बिना बेड के होगा।

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com पर भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये दिये गये मोबाइल नम्बरों पर भी 9236367954/8287930922 सम्पर्क कर सकते है।

9 रेल कर्मचारियों को डीआरएम ने किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने आज मण्डल कार्यालय में वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/कैरेज एण्ड वैगन निलेश सिंह तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (द्वितीय) अश्विनी कुमार तिवारी, की उपस्थिति में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह्न एवं कर्मठ व अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए संरक्षा से जुडे.मण्डल के परिचालन, इंजीनियरिंग तथा यॉत्रिक विभाग के 9 रेलवे कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यात्री सुरक्षा तथा संरक्षित ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमारे रेल कर्मियों द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी निष्ठा पूर्वक ड्यूटी सम्पादित की जाती है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा को और बल प्रदान करने की दिशा में उनके योगदान को आज सम्मानित किया गया है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, सतर्कता, लगन व परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा बधाई दी। इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

डीआरएम ने किया टिकट जांच कर्मियों को सम्मानित

लखनऊ। मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टिकट जांच कर्मियों को सम्मानित किया।

डीआईओएस कार्यालय में धरना आज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशव्यापी संघर्ष के तहत 20 अगस्त को प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में धरना होगा और धरने के समापन पर जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को 31 सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया जायगा। इसी के साथ जनपद लखनऊ में सिटीजन चार्टर लागू किए जाने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये जाने की माग को लेकर दूसरा ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य शिक्षाधिकारियों को प्रेषित किए जायेंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आर.पी.मिश्र एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री को प्रेषित किये जाने वाले 31 सूत्री ज्ञापन में पुरानी पेंशन की बहाली, माध्यमिक शिक्षा अधिनियम में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 एवं 21 के समाहित किए जाने, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को निःशुल्क चिकित्सा का लाभ दिये जाने, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, 07 जून, 2025 की राजाज्ञानुसार आफलाइन स्थानांतरण किये जाने, वित्तविहीन विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन अनुमन्य किये जाने आदि 31 सूत्री मागें सम्मिलित होगी। लखनऊ के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामत्री महेश चंद्र ने बताया कि लखनऊ में सायं 03:00 बजे मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाने वाला ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित किये जायेंगे। इसी के साथ जनपद स्तरीय समस्याओं जिनमें शिक्षा भवन के कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू किए जाने तथा शिक्षा भवन के कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं घूसखोरी पर अंकुश लगाए जाने सहित अन्य मांगे सम्मिलित होगी।

बीटेक में प्रवेश के लिए दूसरे दिन छात्रों ने करायी फिजिकल रिपोर्टिंग

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में पहली बार शुरू हो रहे बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मंगलवार को भी छात्रों की फिजिकल रिपोर्टिंग हुई। फिजिकल रिपोर्टिंग 21 तक चलेगी। फिजिकल रिपोर्टिंग के लिए अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में 10 डेस्क लगाये गये थे। छह डेस्कों पर छात्रों के प्रमाणपत्रों की जांच की गयी। जबकि हेल्प डेस्क, फीस काउंटर, एवं फिजिकल रिपोर्टिंग का डेस्क लगाया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन एवं कैश के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक के नेतृत्व में फिजिकल रिपोर्टिंग हुई। समन्वय डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी सहयोग प्रदान किया।

दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि 2 सितम्बर से

लखनऊ। प्रदेश की मऊ विधानसभा में उपचुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसमें एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 2 सितम्बर को और दावे व आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 2 सितम्बर से 17 सितम्बर तक होगा। वहीं, दावे और आपत्तियों के निस्तारण 25 सितम्बर तक होगा और निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 सितम्बर को होगा। बता दें कि मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी मऊ विधानसभा सीट से विधायक था लेकिन सजा होने के बाद यह सीट खाली हो गयी है, जिसके बाद अब सरकार उपचुनाव कराने की तैयारी कर रही है।

कम्युनिटी स्कूल नेशनल चेंज मेकर्स के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेशनल पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग एवं रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस सेंटर के छात्र-छात्राओं ने पिछले तीन वर्षों से संचालित नेशनल जिओ हेल्प - चेंज मेकर्स कम्युनिटी स्कूल (सिकंदर नगर बस्ती, हजरतगंज, लखनऊ) में अध्ययनरत बच्चों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार सिंह एवं सह-आचार्या डॉ. ऋतु जैन ने की। इस अवसर पर सह-आचार्य डॉ. अभिषेक सिंह, ऋतांशु तिवारी तथा भूगोल विभाग के बीए, एमए और बीकॉम वर्गों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कम्युनिटी स्कूल में प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से कक्षाएं संचालित होती हैं, जहां वंचित एवं श्रमिक परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं। भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं इन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, ताकि भविष्य में वे प्रतिष्ठित विद्यालयों में प्रवेश लेकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। आयोजन के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताएं प्रस्तुत कीं, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

कल्पनाशीलता से ही बनती है अच्छी तस्वीर : प्रो. तनेजा

भाषा विवि में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर हुई फोटोग्राफी कार्यशाला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तत्वावधान में विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर द आर्ट ऑफ द शॉटः ए फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कल्पनाशीलता से ही एक अच्छी तस्वीर का जन्म होता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर एक-एक तस्वीर लेने और उसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ को पुरस्कृत किया जाएगा।

सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन प्रो. चंदना डे ने फोटोग्राफी को भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया। विभाग की समन्वयक डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक तस्वीर का प्रभाव शब्दों से कहीं अधिक गहरा होता है। विशेष सत्र में फिल्म निर्देशक दुर्गेश पाठक ने फोटोग्राफी में प्रकाश के महत्व और विभिन्न शॉट्स की बारीकियों पर प्रकाश डाला। वहीं, फोटोग्राफर विकास बाबू ने धैर्य को फोटोग्राफी का मूल तत्व बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक सीखी जा सकती है, लेकिन नजरिया फोटोग्राफर के दिल से पैदा होता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि देखते वक्त सोचते रहिए और सोचते वक्त देखते रहिए, यही एक अच्छे फोटोग्राफ की कुंजी है। उन्होंने लीडिंग लाइन, नैचुरल फ्रेम, गहराई और पैटर्न जैसे तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा की। लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. नीलू शर्मा ने कहा कि किसी भी तस्वीर को उसका भाव और कहानी अहम बनाते हैं, जबकि प्रकाश उसकी आत्मा है।

आईएमएस, लविवि ने नव प्रवेशित बीबीए (एनईपी) छात्रों का किया स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रबंधन विज्ञान संस्थान ने कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, द्वितीय परिसर निदेशक प्रो. आरके सिंह और आईएमएस, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओएसडी प्रो. विनीता काचर के मार्गदर्शन में नव प्रवेशित बीबीए (एनईपी) छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो.विनीता काचर के स्वागत भाषण से हुई। प्रो. विनीता काचर ने कुलपति प्रो. मनुका खन्ना और द्वितीय परिसर निदेशक प्रो. आरके सिंह का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत और अभिनंदन किया। ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने नव प्रवेशित बीबीए छात्रों को संबोधित किया और प्रबंधन विज्ञान संस्थान, नए परिसर की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और छात्रों से नियमित रूप से कक्षाओं में आने का आग्रह किया। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने नव प्रवेशित बीबीए छात्रों को संबोधित किया और अच्छे करियर के लिए नियमों, अनुशासन और नियमित अध्ययन का पालन करने की सलाह दी। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर निदेशक प्रो. आरके सिंह ने कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में शोभा बढ़ाई। आरके सिंह ने नव प्रवेशित बीबीए छात्रों को संबोधित किया और सफल होने के लिए प्रतिबद्धता के साथ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर डॉ. अमिताभ रॉय ने उपस्थित व्यक्तियों का धन्यवाद किया।

राज्यपाल से मिली केजीएमयू की टीम

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मंगलवार को राजभवन में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति एवं उनकी टीम ने मुलाकात की। यह भेंट विश्वविद्यालय को नैक पुनर्मूल्यांकन में ए प्लस प्लस रैंकिंग प्राप्त होने के अवसर पर आभार व्यक्त करने के लिए की गयी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखना और आगे विश्व स्तरीय रैंकिंग प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी को विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों के हित को केंद्र में रखकर कार्य करना चाहिए तथा अपने ज्ञान और विचारों का उपयोग विश्वविद्यालय की उन्नति और छात्रों के कल्याण में करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि इस दिशा में वैज्ञानिक मेहनत की आवश्यकता है। राज्यपाल ने बताया कि विश्वविद्यालयों के नैक मूल्यांकन को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से वे स्वयं 12 कुलपतियों के साथ बेंगलुरु जाकर मार्गदर्शन लेकर आईं और सभी विश्वविद्यालयों को दिशा-निर्देश दिए।

कर्मचारियों की समस्याओं से कराया अवगत

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मिले उप्र राज्य विवि कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला ने मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में मुलाकात की और राज्य विश्वविद्यायों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ उनका ध्यान आकृष्ट किया और उनको लखनऊ विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों के शैक्षिक गुणवत्ता बनाने में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कर्मचारी समस्याओं के समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाएगी।

इस दौरान संजय शुक्ला ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराया कि देश भर के विश्वविद्यालय में शिक्षकों को एक समान वेतन, भत्ते एवं प्रोन्नति आदि का लाभ मिल रहा है। वहीं, कर्मचारियों के संबंध में यह व्यवस्था लागू नहीं है। केंद्र सरकार ने पुस्तकालय संवर्ग से कुछ पदों को भी यूजीसी वेतनमान प्रदान किया है लेकिन लिपिकीय संवर्ग सहित अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। परिणाम स्वरूप एक ही विश्वविद्यालय में दोहरी व्यवस्था लागू है, जिसको लेकर कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त हो रहा है। महासंघ अध्यक्ष ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से एक राष्ट्र-एक चुनाव, एक देश-एक विधान-एक प्रधान की तर्ज पर देश भर के विश्वविद्यालयों में एक व्यवस्था लागू करने के साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों की भांति राज्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को वेतन, भत्ते, चिकित्सा सुविधा व पेंशन आदि प्रदान करने की मांग की।

इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार कर्मचारी समस्याओं के समाधान के निर्णायक कदम उठाएगी, इस संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट देने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है, शैक्षिक गुणवत्ता बनाने में शिक्षकों के समान कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार इसके प्रति गंभीर है और इस विषय पर निर्णायक कदम उठाएगी। लखनऊ आने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि वह शीघ्र तिथि निर्धारित कर अवगत करायेंगे।

बीबीएयू में पीजी पाठ्यक्रम के लिए स्पेशल ड्राइव के पंजीकरण शुरू, अंतिम तिथि 25 तक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए 19 अगस्त से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। अभ्यर्थी https://bbaucet.samarth.edu.in/pg/ लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त निर्धारित की गई है।

पंजीकरण के लिए सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण शुल्क 500/- रखा गया है। जबकि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं दिव्यांगजन वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण शुल्क 300/- है।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bbau.ac.in पर उपलब्ध सूचना पुस्तिका एवं प्रवेश विवरणिका तथा छात्रावास नियमावली को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के टोल फ्री नंबर 1800 180 5789 पर संपर्क कर सकते हैं।

शहर में होटल बनाना हुआ आसान भू-उपयोग की बाध्यता हुई खत्म

उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 में दी गयी सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में होटल का निर्माण कराना अब और भी आसान होगा। इसके लिए भू-उपयोग की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। न्यू बिल्डिंग बायलॉज के तहत अब किसी भी तरह के लैंड यूज में होटल का नक्शा पास किया जाएगा। इससे शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर के साथ-साथ होटल व्यवसाय में तेजी आएगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में मंगलवार को एलडीए की टीम ने चारबाग में होटल व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय व मानचित्र सेल के सहायक अभियंता सतीश यादव ने व्यापारियों को नये नियमों के फायदे बताये। उन्होंने बताया कि नये नियमों का उद्देश्य भवन निर्माण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाना है। नये नियमों के तहत बिल्डर छोटे भूखंडों पर नक्शा अनुमोदन कर सकेंगे और ऑनलाइन पंजीकरण से समय और लागत की बचत होगी। आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति से लोगों को अधिक आय के अवसर मिलेंगे। साथ ही अधिक निर्माण क्षेत्र और ऊंचाई की छूट से कम जमीन पर बड़े प्रोजेक्ट्स संभव होंगे।

शमन मानचित्र के लिए करेंगे आवेदन

बैठक में उपस्थित होटल कारोबारियों ने न्यू बिल्डिंग बायलॉज की सराहना करते हुए कहा कि नये नियम आम नागरिकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। व्यापारियों ने पहले से बने अपने होटलों का शमन मानचित्र पास कराने की पेशकश करते हुए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में सवाल पूछे। एलडीए अधिकारियों ने उनके प्रत्येक सवालों का जवाब देते हुए प्रक्रिया से अवगत कराया।

होटल के लिए एनओसी की अनिवार्यता समाप्त

- संयुक्त सचिव ने बताया कि प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति के अंतर्गत होटल व्यवसाय को वाह्य विकास शुल्क एवं प्रभाव शुल्क से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा होटल, चिकित्सालय और पेइंग गेस्ट सुविधाओं के लिए एनओसी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। पर्यटन क्षेत्र में होटल, होम स्टे के लिए मानकों में छूट से होटल कारोबारियों को बड़ा लाभ होगा।

कन्हैया माधौपुर वार्ड की सड़क लोक निर्माण विभाग को होगी हस्तांतरित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कन्हैया माधौपुर द्वितीय वार्ड की एक सड़क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित होगी। इसी तरह इंदिरा नगर सेक्टर आठ की एक सड़क वैज्ञानिक स्वर्गीय राम बक्श सिंह के नाम पर होगी। इससे सम्बंधित प्रस्तावों को पास करने के लिए, शुक्रवार को प्रस्तावित कार्यकारिणी बैठक में रखे जाएंगे। अधूरी कार्यकारिणी की वजह से कार्यकारिणी की बैठक नहीं हो पा रही थी। इस वजह से नगर निगम के नीतिगत प्रस्तावों के पास न होने से विकास कार्य बाधित है। अब कार्यकारिणी के रिक्त छह पदों पर सदस्यों का चयन होने के बाद शुक्रवार को बैठक में उपाध्यक्ष का भी चुनाव होगा। इसके साथ ही नीतिगत प्रस्तावों को पास किया जाएगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में बुलाई गई कार्यकारिणी बैठक में नये उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके बाद कार्यकारिणी पूरी होने पर विकास कार्यों से सम्बंधित एजेंडे पर चर्चा होगी। कन्हैया माधौपुर द्वितीय वार्ड स्थित बसंत बिहार कालोनी लालाबाग, रमना दुबग्गा का संपर्क मार्ग जो वर्तमान में नगर निगम के पास है, को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग की ओर से भेजे गये प्रस्ताव पर सहमति बनी तो उक्त मार्ग का समस्त विकास कार्य व नवीनीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग को दे दिया जायेगा। इससे पहले भी नगर निगम सीमा के 29 मार्ग नगर निगम प्रशासन इससे पूर्व भी लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित हो चुकी है। संपर्क मार्ग बसंत बिहार कालोनी को कानपुर बाईपास हाइवे से सीधा जोड़ता है। इसके अतिरिक्त इंदिरा नगर सेक्टर आठ से रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल के सामने की सड़क का नामकरण मशहूर वैज्ञानिक स्व. राम बक्श सिंह के नाम से किए जाने का प्रस्ताव भी शामिल है। राम बक्श सिंह को एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने गोबर और वनस्पति से गोबर गैस की रासायनिक विधि का अविष्कार किया था। इसके अतिरिक्त विकास नगर सेक्टर छह विद्युत केन्द्र के निकट चौराहे पर पद्मभूषण पूर्व रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडिस की मूर्ति लगाने समेत हजरतगंज स्थित रामतीरथ वार्ड में परिवर्तन चौक के पास डिवाइडर पर सफाई कर्मचारियों के नेता स्व. जगदीश प्रसाद वाल्मीकि की मूर्ति लगाये जाने का प्रस्ताव लाया जा रहा है।

जेपीएन सेंटर की सोसाइटी भंग, अब एलडीए को मिला अधिकार

लखनऊ। जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) की सोसाइटी अब भंग कर दी गई है। इससे सम्बंधित आदेश डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, लखनऊ मंडल की ओर से एलडीए को भेजा दिया गया है। डिप्टी रजिस्ट्रार अवनीश कुमार सिंह ने 31 जुलाई को आदेश जारी कर समिति को समाप्त कर दिया। अब जेपीएन सेंटर पूरी तरह से एलडीए के अधिकार क्षेत्र में आ गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण की ओर से सेंटर को पीपीपी मॉडल पर देने को लेकर आरएफपी तैयार कराई जा रही है। जेपीएनआईसी समिति का पंजीकरण वर्ष 2016 में तत्कालीन प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन सदाकांत ने 14 अक्टूबर 2016 को कराया था। इसके बाद 29 अक्टूबर 2021 को समिति का नवीनीकरण किया गया। उस समय तत्कालीन उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सदस्य सचिव की हैसियत से नवीनीकरण कराया था। इस समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव थे, जबकि प्रमुख सचिव आवास इसके सचिव बनाए गए थे। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव, कमिश्नर लखनऊ इसके सदस्य थे। साथ ही सरकार की तरफ से तीन अन्य सदस्य भी नामित किए गए थे।

नेहरू एंक्लेव के 14 फ्लैट व 64 भूखंडों की नीलामी आज

विशेष संवाददाता (vol)

- भूखंडों के अलावा जो अन्य योजनाओं के फ्लैट और व्यावसायिक भूखंड नीलाम किए जा रहे हैं

लखनऊ। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के 48 भूखंडों की नीलामी बुधवार को होगी। यहां के के गायब करीब 270 भूखंडों की फाइलें गायब हैं।

लोगों से गायब फाइलों के दस्तावेज मांगे गए थे। इसके बाद 48 भूखंडों का कोई दावेदार सामने नहीं आने पर इन्हें नीलामी में लगा दिया गया है। इसी तरह गोमती नगर विस्तार योजना के भी 17 भूखंड हैं जिनकी फाइलें गायब हैं और कोई दावेदार सामने नहीं आ रहा है। जिसके बाद एलडीए इन भूखंडों को खाली मानते हुए नीलाम कर रहा है। भूखंडों के अलावा जो अन्य योजनाओं के फ्लैट और व्यावसायिक भूखंड नीलाम किए जा रहे हैं उनकी कीमत 500 करोड़ रुपये से अधिक है।

एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना में एलडीए ने 1980 में बसाई थी। इसमें 90 साल की लीज पर भूखंड आवंटित किए गए थे। बीते साल यह जांच में पता चला की करीब 270 भूखंडों की फाइलें गायब हैं। इनकी जांच कराई गई तो वह एलडीए में नहीं मिली। जिसके बाद एक सार्वजनिक सूचना जारी कर गायब फाइलों वाले भूखंडों के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। जिसमें यह कहा गया कि जिन भूखंडों को कोई दावेदार सामने नहीं आएगा उनको एलडीए खाली मानते हुए नीलाम कर देगा। कई महीने का मौका दिए जाने के बाद करीब 200 भूखंडों के दावेदार सामने आए। जिसके बाद कुछ भूखंड पहले नीलाम किए गए और कुछ अब किए जा रहे हैं।

जांच के दौरान नेहरू एंक्लेव में भी 14 फ्लैट खाली मिले। फाइलों की जांच की गई तो उनका आवंटन ही नहीं हुआ था। अब इन्हें भी नीलामी में बेचा जा रहा है। यह फ्लैट नेहरू एंक्लेव के प्रेमायन वन प्रेमायन टू ब्लाक में हैं। एलडीए की ओर से विभिन्न योजनाओं के जिन भूखंडों की नीलामी की जा रही है उनमें कई ऐसे मामले सामने विवादित हैं। जिनकी नीलामी कोर्ट के आदेश के बाद एलडीए ने रोक दी है।

ठेले पर खुले में सामग्री बेची तो होगी कार्रवाई

लखनऊ। शहर में लगने वाले ठेले पर चाट पकौड़ा बेचने वाले दुकानदारो के समाग्री की जांच करने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों को निर्देश दिया है। छोटे-छोटे ठेले दुकानों पर खुले में खाने-पीने की समाग्री बेची जा रही है। खुले में रखी समाग्री को खाने से ज्यादातर लोग बिमार हो रहे है। ऐसे में अभियान चलाकर चौराहों पर लगने वाले खाने-पीने के समाग्री को जांच के लिए भेजा जायेगा। समोसा, जलेबी, पुड़ी, जूस और अन्य समाग्री चौराहे पर ज्यादा मात्रा में ठेले पर रख कर बेचा जा रहा है। जिसको सभी लोग सस्ता होने के कारण अपने और अपने परिवार को खिला रहे है। जिससे पेट की समस्या बढ़ती जा रहा है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा पेट से जुड़ी बिमारी तेजी से बढ़ रही है। आलमबाग में रहने वाले सुमेर ने बताया कि प्रतिदिन ठेले पर खड़े होकर सैकड़ो की संख्या में लोग छोटे-छोटे बच्चों के साथ खा रहे है जिससे बच्चों पर इस खाने का सबसे ज्यादा नुकसान का असर कर रहा है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि यह अभियान पहले से ही चल रहा था लेकिन अब ऐसे दुकानदारो की संख्या बढ़ती जा रहा है। जिसकी रोकथाम के लिए अभियान चलाया जायेगा।

निर्देश के बाद भी खड़ी हो रही है मौरंग लदी गाड़ी

लखनऊ। शहीद पथ के पास ट्रांसपोर्टनगर में मौरंग मंडी के लिए पार्किंग निर्धारित किया गया है फिर भी सड़क पर मौरंग मंडी लग हुई है। जिससे सड़क और सड़क के किनारे बने नाले में भी मौरंग की गिटटी फेंक दिया जा रहा है। जिससे नाला चोक हो जा रहा है। जबकी डीएम ने सख्त निर्देश दिया है कि कोई भी गाड़ी सड़क के किनारे नही खड़ा हो सकती है। नगर निगम द्वारा पार्किंग में मौरंग की गाड़िया खड़ी करने के लिए निर्धारित किया गया है। जिसमें गाड़िया नही खड़ी हो रही है। गाड़ी पार्किंग में नही खड़ा होने से नगर निगम को माह में लाखो रुपये का नुकसान हो रहा है। नगर निगम की पार्किंग में प्रति ट्रक 400 रुपये लिया जाता है। और पार्किंग के बाहर खड़ा करने पर 200 से 300 रुपये की वसुला जा रहा है। गाड़ी बाहर खड़ा करने के वजह से सड़क खराब हो रही है। खराब सड़क पर गहरा पानी भर जाता है। जिससे प्रतिदिन कोई न कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है।

लेसा में अभी नहीं लागू होगी वर्टिकल व्यवस्था

लखनऊ। बरेली,केस्को और अन्य जिलो में वर्टिकल व्यवस्था लागू है। इसके लागू होने से एक अवर अभियंता सर्किल स्तर पर जितने भी पावर हाऊस होगा उसमें एक ही जेई बिजली कनेक्शन देगा। जिससे दूसरा कार्य प्रभावित नही होगा। वही 11 केवी तार फाल्ट होने पर एक ही जेई और एसडीओ की जिम्मेदारी होगी कि वह उस फाल्ट हो समय पर बना कर बिजली व्यवस्था बहाल कर सके। लेसा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्टिकल व्यवस्था कर निजीकरण करने का प्लान बनाया जा रहा था इसलिए अधिकारी नही चाहते है कि वर्टिकल व्यवस्था नही लागू हो।

आवास विकास में बने आवासीय टावरो का लेसा लेगा एनओसी

लखनऊ। बिजली विभाग अब ऐसे उंची इमारते जो एलडीए और आवास विकास ने बनाया है। जिसमें लेसा ने बिजली के उपकरण लगाने के बाद तीन वर्ष के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय ने एनोसी दिया था। लेकिन फ्लैट पुराना होने के कारण बिजली तन्त्र में फ्लैट समितियों ने बदलाव कर दिया है। बदले गये उपकरण के वजह से बीते माह पहले अपार्टमेंट में एक संविदा कर्मी की मृत्यु हो गयी थी जिसको देखते हुए लेसा ने फिर से एनोसी के लिए नोटिस भेजना शुरु कर दिया है। अवध विहार में बने भागीरथी इनक्लेव, अलखनन्दा इनक्लेव सहित दर्जन भर ऐसे फ्लैट लखनऊ में बने हुए है। जिसमें बिजली विभाग ने 250 केवीए से लेकर 1000 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाया है। सरकारी फ्लैट होने के कारण बिजली विभाग ने पहले एनोसी नही लिया था लेकिन अब ऐसे फ्लैटो के लिए लेसा सिस गोमती के अधिशासी अभियंता विद्युत सुरक्षा कि एनोसी लेने के लिए नोटिस भेज रहे है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि एनोसी लेने के बाद बिजली उपकरण में कई तरह के बदलाव कर दिया जाता है जिसकी अनुमति विद्युत सुरक्षा निदेशालय से नही लिया जाता है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

पीएम आवास के नाम पर ठगी का शिकार हो रहे लोग

लखनऊ। राजधानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। कुछ संगठित गिरोह लोगों की जरूरत को देखते हुए पीएम आवास योजना में मकान दिलाने के लिए अवैध तरीके से वसूली कर रहे हैं। एलडीए अफसरों के घरों पर काम करने वाले भी इस ठगी का शिकार हुए हैं। रकम लेने के बाद जब आवास नहीं मिला तो कुछ लोगों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर इसकी शिकायत की है। इस पर अफसरों ने जब पड़ताल की तो लोगों को ठगे जाने का खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, कुछ लोग घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने का भरोसा दिलाते हैं। फार्म भरवाने के नाम पर उनसे पैसे लिए जा रहे हैं और पंजीकरण शुल्क के नाम पर 50 हजार रुपये तक की वसूली की जा रही है। फजीर्वाड़े की शिकायतें एलडीए तक पहुंची हैं। इस पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लोगों को सावधान रहने की अपील की है।

उपमुख्यमंत्री व नगर अध्यक्ष से मिले नटखेडा रोड के व्यापारी

आलमबाग। मंगलवार को आलमबाग नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से उनके आवास पर मिलकर नटखेडा रोड की बदहाल सड़क समस्या से अवगत कराया। इस दौरान नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित व्यापारियों में कृष्ण पाल, प्रशांत वर्मा, मानस रस्तोगी, विनय मलिक, राकेश रात्रा, उत्कर्ष सड़ना, अरुण राजपूत सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। वहीं व्यापारियों का कहना था कि नटखेडा रोड पर सीवर लाइन पड़ने के कारण बडे-बडे गड्ढे हो गए हैं। इन दिनों बारिश के चलते आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जिसके चलते उन्होंने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से उनके आवास पर मिल नटखेडा रोड की बदहाल सड़क समस्या से अवगत कराया है और उन्होंने जल्द सड़क समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया है।

टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक फिर बार टली, अब 21 को

लखनऊ। मंगलवार को होने वाली टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक एक बार फिर टल गई। इससे पहले भी तीन बार बैठक को अपरिहार्य वजह बताकर स्थगित किया जा चुका है। इसके कारण नए वेंडिंग जोन बनाए जाने और बकाया वेंडिंग शुल्क पर ब्याज लगाए जाने जैसे प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिल पा रही है। अब बैठक 21 अगस्त को प्रस्तावित की गई है। टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य और पटरी दुकानदार संगठन के नेता अशोक गुप्ता ने बताया कि इस साल अब तक चार बार बैठक टल चुकी है। पहले फरवरी के पहले सप्ताह में, उसके बाद 26 अप्रैल को फिर 06 अगस्त और 19 अगस्त को बैठक बुलाई गई मगर बैठक हुई नहीं। ऐसे में पटरीदुकनदारों के जो मुद्दे हैं उन पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। कई जगह वेंडिंग जोन बनाए जाने हैं मगर वह मामला अटका है। अमीनाबाद बाजार को विरासत बाजार बनाए जाने और टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों को भत्ता देने का प्रस्ताव है। लगातार बैठक टाले जाने के कारण इस बार नगर आयुक्त गौरव कुमार से आपत्ति जताई गई। उन्होंने बताया कि दो अपर नगर आयुक्त अवकाश पर चले गए हैं। इनके पास ही फेरी नीति का काम था। ऐसे में अब 21 को बैठक बुलाई जाएगी।

विभाग के पास बिजली उपभोक्ता का रिकॉर्ड सुरक्षित नहीं!

समरेश पति त्रिपाठी

बिजली अधिकारी अपने सीयूजी फोन से ही फोन करते है, इसलिए अपने पावर हाऊस का नम्बर रखे, किसी भी अन्य नम्बर पर कोई भी बिजली की जानकारी न दे। **शैलेन्द्र दूबे संयोजक**, संयुक्त सर्घष समिति

बिजली उपभोक्ता को सर्तक रहना होगा, विभाग को भी इसके लिए सख्त कदम उठाना होगा। अवधेश कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष

लखनऊ। पावर कारपोरेशन प्रदेश के करोडों विद्युत उपभोक्ताओं की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर उनका मोबाइल नंबर ईमेल नंबर व्हाट्सएप नंबर अपने रिकॉर्ड में दर्ज कर रहा है। जबकी पावर कारपोरेशन उसकी गोपनीयता सुरक्षा बरकरार रखने के लिए नियामक आयोग को उपभोक्ता परिषद ने लिखित में दिया है।

प्रदेश में लगभग एक करोड 73 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर 24 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना ईमेल और 9 लाख 86 हजार विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना अपना व्हाट्सएप केवाईसी विभाग के पास अपडेट कराया है। उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं से केवाईसी अपडेट कराने की अपील के साथ उनकी सुरक्षा की भी उठाई मांग। लाखों विद्युत उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर फ्रॉड ग्रुप के पास कैसे पहुंचा यह चिंता का विषय और उसमें से हजारों विद्युत उपभोक्ताओं के साथ फ्राड ग्रुप में कर लिया। प्रदेश में लगभग 3 करोड 22 लाख ऐसे विद्युत उपभोक्ता है जिनकी बिलिंग हो रही है बिजली कंपनियां केवाईसी अपडेट करा रही हैं निश्चित ही केवाईसी अपडेट होने से बिजली उपभोक्ताओं को सही जानकारी समय-समय पर बिजली कंपनियों से मिलती रहेगी। लेकिन बिजली कंपनियों को इस ओर भी विशेष ध्यान देना होगा की पूरे देश में बडे पैमाने पर फ्रॉड ग्रुप बिजली कंपनियों से विद्युत उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर लेकर उस पर अनेकों मैसेज भेज कर उनके साथ चीटिंग व फ्रॉड कर रहे हैं ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं का डाटा पूरी तरीके से सिक्योर रहे किसी को भी इसकी जानकारी ना दी जाए इसके लिए पावर कारपोरेशन को सख्त कदम उठाना होगा।

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की मोबाइल नंबर व्हाट्सएप नंबर और ईमेल की गोपनीयता पूरी तरीके से बिजली कंपनियां बनाए रखें इसके लिए भी सख्त निर्देश जारी किए जाने चाहिए वर्तमान में 1 सितंबर 2022 तक की बात करें तो हमारे प्रदेश के लगभग 1 करोड 73 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर विभाग के जानकारी में उपलब्ध करा दिया है लगभग 9 लाख 86 हजार विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध करा दिया है और इसी प्रकार लगभग 24 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना ईमेल भी विद्युत कंपनियों को उपलब्ध करा दिया अब बिजली कंपनियों को इसकी गोपनीयता बनाए रखनी है।

स्कूलो में फायर और सुरक्षा के हों इंतजाम: डीएम

लखनऊ। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की गयी। डीएम ने सभी शासकीय, गैर शासकीय माध्यमिक, बेसिक एडेड, नान एडेड व बोर्ड के विद्यालयों को एनबीसी-2005, अग्निशमन सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय प्रवेश एवम निकास द्वार की व्यवस्था, वैकल्पिक व्यवस्था, विद्यालयों के बाहर आवागमन की सुचारू व्यवस्था एवम पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए है। बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने विद्यालय में आने वाले छात्र, छात्राओं के अभिभावकों से अनुरोध करें कि बच्चों को छोड़ने व ले जाने के लिए जिस वाहन से आये उसे मुख्य सड़क एवं विद्यालय गेट पर न खड़ा करें हमेशा वाहन पार्किंग स्थल या खाली जगह पर लगाये जिससे कि अन्य वाहनों को आवाजाही में परेशानी न हो। सभी बड़े विद्यालय जिनमे पर्याप्त जगह है वह विद्यालय के अंदर ही पार्किंग की व्यवस्था को सुनिश्चित कराए। उन्होंने निर्देश दिया कि 3 दिनों के अन्दर जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाय।

वसंत कुंज में बनेगा ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का डिपो, जमीन देगा एलडीए

लखनऊ। मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का डिपो वसंत कुंज में बनाया जाएगा। इसके लिए यूपी मेट्रो को जमीन देने के लिए पैमाइश और सर्वे का काम जल्द होगा। यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने 13 अगस्त को एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के डिपो के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर पत्र लिखा है। इससे पहले भी एलडीए ने भूमि हस्तांतरण के संबंध में विचार-विमर्श के लिए बैठक की थी। इस बैठक में एलडीए ने यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को प्रस्तावित डिपो की भूमि का मानचित्र दिया था, लेकिन प्रस्तावित भूमि और डीपीआर में दिखाई गई भूमि में अंतर था। मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए 45 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। एलडीए के नक्शे के हिसाब से लखनऊ मेट्रो ने डिपो का संशोधित लेआउट भी तैयार कराया है और उसे एलडीए को भेज दिया है। जमीन मिलने के बाद मेट्रो डिपो का सबसे पहले निर्माण शुरू होगा। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने जो नया संशोधित लेआउट तैयार कर एलडीए को भेजा है उसमें मछली मंडी की भी जमीन शामिल है। हरदोई रोड स्थित वसंतकुंज की मछली मंडी की जमीन दिया जाना मुश्किल है। फिलहाल एलडीए इसका परीक्षण कर रहा है। शीघ्र ही मेट्रो को जमीन मिलने की उम्मीद है। वसंत कुंज में मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए एलडीए जल्द जमीन देगा।

बिजली चोरी रोकने के लिए रात में भी चलेगा चेकिंग अभियान

लखनऊ। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी बिजली चोरी रोकने के लिए अपने क्षेत्रों में रात में भी चेकिंग अभियान चलाएं, जिससे कि बढ़े विद्युत लोड से हो रहे फाल्ट एवं ट्रिपिंग को भी नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी कर विभाग को राजस्व हानि पहुंचाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। बिजली चोरी करना दण्डनीय अपराध है। उन्होने कहा कि भीषण गर्मी और उमस के कारण बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है, फिर भी विद्युत कार्मिक बिजली की निर्बाध आपूर्ति बनाये रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान बढ़े हुए लोड से होने वाले फाल्ट, ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मर खराबी एवं तार टूटने की शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेने के निर्देश दिये गये हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिले एवं प्रदेश की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ हो इसके लिए कार्य कराये जा रहे हैं। केन्द्र की आरडीएसएस योजना से जर्जर पोल एवं तार को बदलने, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में बेहतर आपूर्ति के साथ 24 घंटे बिजली मिलेगी। एके शर्मा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय से अपना बिल जमा करें, जिससे कि बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ कर सबको बिजली पहुंचायी जा सके।

लखनऊ के प्रमुख अस्पतालों में 5,000 अतिरिक्त बेड्स की आवश्यकता

डॉ. राजेश्वर सिंह का 15,800 करोड़ का रोडमैप, लखनऊ को बनायेंगे उत्तर भारत की स्वास्थ्य राजधानी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई परिभाषा देने के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनपद के प्रमुख अस्पतालों में 5,000 अतिरिक्त अस्पताल बेड सृजन का एक व्यापक प्रस्ताव सौंपा है। यह प्रस्ताव एक सुविचारित स्वास्थ्य विजन के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक लखनऊ को उत्तर भारत की स्वास्थ्य राजधानी बनाना है।

तत्काल आवश्यकता पर बल : प्रस्ताव में इस तथ्य को रेखांकित किया गया है कि लखनऊ की स्वास्थ्य प्रणाली पर अत्यधिक दबाव है। एसजीपीजीआई, केजीएमयू, आरएमएल, सिविल व लोक बंधु जैसे प्रमुख संस्थान अपनी स्वीकृत

सरोजनीनगर के विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह ने सीएम योगी को दिया विस्तृत प्रस्ताव

क्षमता से कहीं अधिक मरीजों का उपचार कर रहे हैं। 45 लाख से अधिक आबादी और निरंतर बढ़ते शहरीकरण के साथ, आने वाले वर्षों में अस्पताल अवसंरचना की मांग-आपूर्ति खाई गंभीर हो सकती है। डॉ. सिंह ने कोविड-19 महामारी से मिले सबक पर भी जोर दिया, जिसने बेड उपलब्धता, आईसीयू क्षमता और ऑक्सीजन आपूर्ति में कमजोरियों को उजागर किया था। संरचित विस्तार योजना के तहत अगले 3 से 5 वर्षों में

3 से 5 वर्षों में 5,000 अतिरिक्त अस्पताल बेड, लखनऊ के चिकित्सा परिवर्तन का खाका

5,000 बेड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे प्रमुख संस्थानों में इस प्रकार वितरित किया जाएगा। इसमें एसजीपीजीआई और केजीएमयू में 500-500 बेड, आरएमएल, सिविल और लोक बंधु अस्पताल में 250-250 बेड और शेष बेड अन्य सरकारी और जिला अस्पतालों में व्यापक स्वास्थ्य सुधार प्रस्ताव।

बेड विस्तार के अलावा, प्रस्ताव में बहुआयामी रणनीति शामिल है रियल-टाइम बेड ट्रैकिंग और लखनऊ व जिला अस्पतालों के बीच रेफरल लिंक। सैटेलाइट यूनिट : बाहरी लखनऊ क्षेत्रों में एसजीपीजीआई/केजीएमयू के उपकेंद्र। विशेषीकृत आपातकालीन और सुपर-स्पेशियल्टी इकाइयाँ : सामान्य वार्ड पर दबाव कम करने के लिए एआई-इंटीग्रेटेड सिस्टम : मरीज प्राथमिकता निर्धारण, टेली-आईसीयू सेवाएं और ई-ओपीडी, वर्टिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार और लखनऊ हेल्थ सिटी का निर्माण – जिसमें अस्पताल, रिसर्च सेंटर और बायोटेक हब होंगे। मानव संसाधन सुदृढ़ीकरणः बंधन सेवा अवधि, पैरामेडिकल ट्रेनिंग संस्थान और श्रेष्ठ चिकित्सा प्रतिभाओं के लिए प्रोत्साहन के साथ वित्त पोषण का विविधीकरणः राज्य व केंद्र सरकार का आवंटन, सीएसआर, पीपीपी मॉडल, विश्व बैंक, एडीबी, और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन जैसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग होगा।

वित्तीय खाका : कुल अनुमानित लागत 15,812.5 करोड़ है, जिसमें - राज्य सरकार का योगदानः 6,325 करोड़, केंद्र सरकार का योगदानः 4,743.75 करोड़, सीएसआर/पीपीपी मॉडलः 2,371.87 करोड़, अंतरराष्ट्रीय फंडिंगः 2,371.87 करोड़शामिल है।

विजन 2030 – उत्तर भारत की स्वास्थ्य राजधानी : डॉ. सिंह का रोडमैप लखनऊ को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य अवसंरचना, एआई-आधारित चिकित्सा सेवाओं, वैश्विक शोध सहयोग और मेडिकल टूरिज्म का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखता है। यह पड़ोसी देशों व अफ्रीकी राष्ट्रों तक को सेवा प्रदान करेगा। साथ ही, आयुष्मान भारत व राज्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत सुलभ और किफायती उपचार सुनिश्चित करेगा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में 15,000 से अधिक नए रोजगार उत्पन्न करेगा।

यह प्रस्ताव, यदि लागू होता है, तो न केवल लखनऊ की स्वास्थ्य रीढ़ को मजबूत करेगा बल्कि शहर को पूरे उत्तर भारत के लिए चिकित्सा शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

काकोरी एक्शन में दिखी क्रांतिकारियों की कहानी

संगीत नाटक अकादमी में नाटक का मंचन

लखनऊ। भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंगमण्डल की ओर से मंगलवार को काकोरी एक्शन नाटक का मंचन किया गया। सुशील कुमार सिंह की कृति को डॉ.सुमित श्रीवास्तव की परिकल्पना और निर्देशन में मंचित किया गया। संत गाडगे प्रेक्षागृह संगीत नाटक अकादमी में मंचित इस नाटक की कहानी ने दर्शकों में देश प्रेम की भावना जगा दी और कई बार दर्शक भारत माता की जय के नारे भी लगाते दिखे।

काकोरी एक्शन नाटक की कहानी में क्रांतिकारियों द्वारा काकोरी में सहारनपुर लखनऊ 8 डाउन पैसेंजर ट्रेन में अंग्रेजों के खजाने को देशभक्त क्रांतिकारियों राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, मन्मथ नाथ गुप्त और शचिंद्रनाथ बख्शी को याद किया गया। कहानी में एक नाट्य दल काकोरी शताब्दी वर्ष पर प्रस्तुति करने जा रहा है मगर उनकी बस काकोरी स्टेशन के पास ठीक उसी जगह पर आकर खराब हो जाती है जहां 100 साल पूर्व यह महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक घटना घटी थी। वह मैनेजर से उलझ जाते हैं कि ऐसी खटारा बस क्यों की। कलाकारों को मालूम पड़ता है कि यह वही जगह है जहां क्रांतिकारियों ने ट्रेन का खजाना लूटा था। उन्हें इस जगह का कुछ और अहसास होने लगता है तो वह रोमांचित हो उठते हैं। बस जब तक ठीक हो वह अपनी थीम सॉन्ग का रिहर्सल करने लगते हैं। इसी में घटनाओं का एक रोमांचकारी सिलसिला शुरू हो जाता है।

मंच पर अंकुर, अनिल, रितेश, श्रुति, भावना और श्वेता आदि कलाकारों ने अभिनय किया।

संक्षेप

31 अगस्त से समाप्त हो रहा मघा नक्षत्र

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री ने बताया की मघा नक्षत्र एवं सिंह की संक्रांति 17 अगस्त रविवार से प्रारंभ होकर 31

अगस्त रविवार को समाप्त होगी। अतः सभी सनातनी मातायें अपनी संतानों को मधुर मिष्ठान एवं रूचि कर विशेष कर पायस खिलायें। मघा नक्षत्र में माता के हाथ का खाने से संतानों के शरीर पुष्ट और बलवान होते हैं। सभी सनातनी धर्मावलंबी मातायें 17 अगस्त से 31 अगस्त के मध्य अपनी सुविधानुसार एवं अपनी अपनी कुल परम्परा के अनुसार ही मनायें। अशास्त्रीय कार्य करने से हानि ही होती है अतः आप सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रृद्धा और विश्वास से युक्त होकर कार्य करें। माता के हाथ का भोजन संतानों को पुष्ट करता है और मघा नक्षत्र के बरसने से धरती मां तृप्त हो जाती है।

दहेज प्रताड़ता का मामला दर्ज

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भाटमऊ निवासिनी शाहजहां पत्नी शाहरूक ने बताया कि बीते 3 मार्च को उसकी शादी थाना आसीवन के गांव अच्चेपुर किरमिली निवासी फारूक के पुत्र शाहरूक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति शाहरूक, सास जूहरन, जिठानी निशा, मुमताज, जेठ मेराज वा सिराज देवर आमिर खान नन्दोई महनूर सभी लोग दहेज मे सोने की चैन वा 1,00000 रूपया की माँग करते थे। मांग पूरी न होने पर उसको सदैव परेशान वा प्रताडित करते थे। इसी बीच महिला को मारपीट कर घर से भगा दिया। जिससे पीडिता अपने मायके आ गयी। जहाँ 30 जुलाई को पति बिदा कराने की बात कह घर आये और रात भर रूकने के बाद सुबह होने पर कहा कि उक्त दहेज व रूपयो की ब्यवस्था हो तो हमारे साथ चल सकती हो। जब हमने असमर्थता ब्यक्त की तो पति हमको मारने पीटने लगा। हमको बचाने आयी बहन शहर बानो के आँख के ऊपर घूसा मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर पडी। जब 112 डायल किया तो दहेज मे दी गयी गाडी छोडकर जान से मारने की धमकी देकर रफूचक्कर हो गया। कोतवाली पुलिस ने सुसंस्कृत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी।

बिना मान्यता के चल रहा विद्यालय बंद करने के आदेश

सीतापुर। गोंदलामऊ विकास खंड की ग्राम पंचायत जरिगवां में बिना मान्यता के संचालित वासुदेव पब्लिक स्कूल को बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ गोंदलामऊ सीमा निगार द्वारा शिकायत की जांच के बाद की गई। जरिगवां निवासी अर्पणा सिंह व प्राथमिक विद्यालय जरिगवां के प्रधानाचार्य ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए इस विद्यालय की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर बीईओ ने औचक निरीक्षण कर जांच पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन कोई भी मान्यता संबंधी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। बीईओ सीमा निगार ने तत्काल प्रभाव से विद्यालय को बंद कराने के निर्देश दिए और पूरी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को भेज दी है।

छात्रा को वैन ने मारी टक्कर ,घायल

सीतापुर। अटरिया नीलगांव मार्ग पर स्कूल जा रही साइकिल सवार छात्रा को एक तेज रफ्तार वैन ने टक्कर मार दी जिसमें छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताते चलें कि सन्ध्या उम्र करीब 15 वर्ष पुत्री रमेश रावत निवासी उमापुर सरौरा थाना अटरिया जो मंगलवार की सुबह अपनी साइकिल से सरौरा के राजकिय हाईस्कूल में पढ़ने के लिए निकली थी तभी उमापुर गांव के सामने ही तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कूल शिक्षिकाओं से भरी वैन ने साइकिल सवार छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गए स्थानीय लोगों ने वैन को मौके पर पकड़ लिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रा को हिंद अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्थिति नाजुक बताई जा रही है। अटरिया थाना प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर वैन चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया है।

डीएम ने राजस्व वसूली की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने लक्ष्य पूरा न करने वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ठोस और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय और वन विभाग समेत कई विभागों की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत व वन विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावी प्रवर्तन अभियान चलाया जाए और विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। आरसी वसूली में सुधार और नियमों के तहत कुर्की की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लंबे समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। निस्तारण की जांच उच्च अधिकारी स्वयं करें ताकि शिकायतों का सही समाधान सुनिश्चित हो सके। बैठक में एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को लंबित एमओयू तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बर्ड फ्लू पर नियंत्रण के लिए बड़े पैमाने पर सैंपलिंग कराई जाए और खाद्य सामग्री की दुकानों पर निरीक्षण कर अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने की कार्रवाई की जाए। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शुरू होगी हेल्पडेस्क, फर्जी हाजिरी पर लगेगी रोक

सीतापुर। मनरेगा मजदूरों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी बीडीओ श्रीश कुमार गुप्ता की पहल पर अब ब्लाक सकरन की सभी 85 ग्राम पंचायतों में मनरेगा हेल्पडेस्क शुरू की जाएगी। इस व्यवस्था से न केवल मजदूरों को आवश्यकता अनुसार काम मिलेगा बल्कि फर्जी हाजिरी और फर्जी भुगतान जैसी गड़बड़ियों पर भी रोक लगेगी।

मजदूरों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

मजदूरों का आरोप था कि ग्राम पंचायतों में एनएमएमएस (मोबाइल एप के जरिए हाजिरी) के नाम पर फोटो किसी दूसरे का अपलोड कर दिया जाता था और भुगतान किसी अन्य खाते में पहुंच जाता था। कई बार ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक अपने नजदीकी लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर बिना कार्य कराए ही एमवी (मेजरमेंट बुक वेरिफिकेशन) पूरा दिखाकर भुगतान करा लेते थे।

सुबह 8 बजे से मिलेगी सुविधा

अब प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक सुबह 8 बजे से हेल्पडेस्क पर बैठेंगे और मजदूरों की शिकायतों का समाधान करेंगे। हर दिन की रिपोर्ट ब्लाक मुख्यालय को भेजी जाएगी। पंचायत सचिव समय-समय पर हेल्पडेस्क का निरीक्षण करेंगे ताकि व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे। खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी पंचायत सचिवों को हेल्पडेस्क खोलने के निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां फर्जी हाजिरी और भुगतान की गड़बड़ी पर रोक लगेगी, वहीं प्रत्येक इच्छुक मजदूर को समय पर काम भी मिल सकेगा।

मां फांसी पर झूली, मासूम बेटे का मिला शव, हत्या का आरोप

महोली /सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चैकी अंतर्गत नगर पंचायत महोली के मोहल्ला जलालपुर देहात वार्ड नंबर 16 में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 25 वर्षीय महिला रूबी का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला, वहीं दूसरे कमरे में उसका पांच माह का बेटा अनुराग संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, सीओ महोली दीपक सिंह, इंस्पेक्टर महोली दिलीप कुमार चैबे, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। रूबी मूल रूप से लखीमपुर जिले के पासिगवा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुका की रहने वाली थी। मृतका के पिता खुशीराम और भाई हरिनाम ने आरोप लगाया कि दवा न कराने और हत्या की वजह से मां-बेटे की जान गई है। वहीं, मृतका के ससुराल पक्ष का कहना है कि घटना के समय उसका पति विजय कश्यप घर पर नहीं था और चारा लेने खेत पर गया हुआ था। इंस्पेक्टर महोली दिलीप कुमार चैबे ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्राधिकारी दीपक सिह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है और पति विजय कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पत्नी की मौत के कुछ घंटों बाद पति ने भी छोड़ी दुनिया

सीतापुर। प्यार और वियोग की ऐसी मार्मिक कहानी मंगलवार को महमूदाबाद के सिरौलीपुरवा गांव में सामने आई जिसने हर किसी को झकझोर दिया। लंबे समय से बीमार पत्नी की मौत के कुछ घंटों बाद ही शोक से टूटा पति भी दुनिया छोड़ गया। दोनों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया तो गांव का माहौल गमगीन हो उठा। गांव निवासी गुरुपाल 75 वर्ष की पत्नी कलावती 60 वर्ष कई दिनों से बीमार चल रही थीं। इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार तड़के करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सुबह जब कलावती का शव गांव लाया गया तो पूरा परिवार रोने-बिलखने लगा। पत्नी की अर्थी के पास गुरुपाल का दर्द बेकाबू हो उठा। वे जोर-जोर से विलाप करने लगे। उनके आंसू और चीखें सुनकर परिवारजन भी सिसक उठे। परिजनों ने उन्हें ढांढस बंधाने की कोशिश की, लेकिन पत्नी के वियोग को सह न पाने से कुछ देर बाद ही गुरुपाल की भी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। दोनों की मौत से गांव में मातम छा गया। लोग कह रहे थे कि गुरुपाल अपनी पत्नी के बिना जी नहीं पाए और साथ जीने-मरने की कसमें सच साबित हो गईं। शाम को दोनों शवों को श्मशान घाट ले जाया गया, जहां बड़े बेटे रवींद्र ने एक ही चिता पर मां-पिता को मुखाग्नि दी। उस पल हर किसी की आंखें नम थीं और माहौल बेहद भावुक हो उठा।

विश्वविद्यालय में मॉक इंटरव्यू सत्र का आयोजन

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में मॉक इंटरव्यू सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन सीटीपीसी के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने किया। प्रो. कुमार ने छात्रों को इंटरव्यू की तैयारी से जुड़ी बारीकियों, आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों और करियर निर्माण के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू में प्रथम प्रभाव सबसे अहम होता है, इसलिए छात्रों को आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करना चाहिए। साथ ही शारीरिक भाषा, स्पष्ट व संक्षिप्त उत्तर और रेज्यूमे की गहन जानकारी सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किसी प्रश्न का उत्तर न आने पर विनम्रता से स्वीकार करना एक सकारात्मक गुण है। सत्र के दौरान छात्रा श्रेय मिश्रा का मॉक इंटरव्यू स्वयं निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने लिया।

गन्ने की फसल में रोग व कीट का निरीक्षण, किसानों को दिए सुझाव

सीतापुर। गन्ना एवं चीनी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन में सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड हरगांव के सचिव आनंद प्रकाश दुबे, महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार राना व गन्ना विशेषज्ञ एवं उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने चीनी मिल परिक्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर गन्ने की फसलों का निरीक्षण किया। ग्राम घूरखेड़ा में किसान राहुल के खेत में लगी गन्ना प्रजाति को.शा. 08436 की जांच के दौरान गन्ने में कैंसर (रेड रॉड) रोग पाया गया। प्रभावित पौधों को फाड़कर देखने पर गुदा लाल, सफेद धब्बे और अल्कोहल जैसी गंध मिली।

किसान को सलाह दी गई कि प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट करें और उस स्थान पर 10 ग्राम ब्लीचिंग पाउडर डालकर ढक दें। ग्राम झाला मुस्तफाबाद के किसान करनैल सिंह के खेत में को. 0238 प्रजाति का गन्ना लगाया गया था। निरीक्षण में वहां भी रेड रॉड से प्रभावित पौधे मिले। विशेषज्ञों ने उन्हें रोग नियंत्रण के उपाय बताए। वहीं, किसान रामप्रकाश यादव के खेत में रोग और कीट का असर नहीं पाया गया। महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार राना ने किसानों को जानकारी दी कि ब्लीचिंग पाउडर चीनी मिल द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे किसान प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही किसानों को सलाह दी गई कि वे गन्ना प्रजाति को. 0238 की बुवाई न करें।

अघोषित विद्युत कटौती पर भड़के वकील, सौपा ज्ञापन

सीतापुर। जनपद में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश मंगलवार को फूट पड़ा।

सीतापुर बार एसोसिएशन की आमसभा में अधिवक्ताओं ने बिजली विभाग की लापरवाह कार्यप्रणाली और लगातार हो रही कटौती पर जमकर नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता बार अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने की तथा संचालन महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी ने किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय परिसर और पूरे जिले में बिजली कटौती से कामकाज बुरी तरह प्रभावित है। मुकदमों की तैयारी नहीं हो पा रही है और विभागीय लापरवाही के चलते आए दिन करंट लगने से हादसे हो रहे हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पावर हाउस और बिजली विभाग के

अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन तक नहीं उठाते। सभा में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांगपत्र जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को मांगपत्र सौंपा। इस दौरान उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार पाण्डये, कोषाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, अम्बरीष शुक्ला, आलोक मिश्र (राजन), विनोद कुमार सिंह, दिनेश चन्द्र शुक्ल, भूपेन्द्र श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, रामकृष्ण तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, कुलदीप दीक्षित, गिरीश चन्द्र मिश्र, मोहम्मद अमीन सिद्दीकी, शैलेन्द्र यादव, प्रेमनारायण शुक्ल, पंकज मिश्र, अनुराग दीक्षित, दीपक तिवारी, प्रमोद दीक्षित, ब्रजेश चन्द्र श्रीवास्तव, नीरज दीक्षित, अतुल कृष्ण अवस्थी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं को सुना

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में स्थानीय विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। गौरांग राठी ने किसान बंधुओं की विभिन्न प्रकार की विभागों से सम्बंधित समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारी को गुणवत्ता पूर्ण समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि आम के निर्यात में कृषकों को अच्छी सुविधा मिल सके इसके लिए कार्य करें। उपनिदेशक कृषि अधिक से अधिक एफ पी ओ का गठन कराएं साथ ही किसानों को क्लस्टर के रूप में तैयार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नाव में आम का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है किसानों को निर्यात के लिए गुणवत्तापूर्ण संसाधन मिल सके अच्छी मार्केट मिल सके इसके लिए उन्नाव में मैंगो पैक हाउस के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसी प्रकार आम के अच्छे उत्पादन वाले क्षेत्रों में आम मंडी भी बनाई जाएंगी ताकि आम उत्पादकों के लिए अच्छी सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने किसान बन्धुओ की डीएपी की मांग पर एआर कोऑपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि आम की फसल के लिए जरुरत वाले क्षेत्रों में डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं को निर्देशित करते हुए कहा किसान आवश्यता के अनुसार यूरिया का स्टॉक रखे ताकि सभी किसानों को यूरिया उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आज किसान दिवस में जो किसानों की शिकायतें मिली हैं प्राथमिकता के साथ उनका समयबद्ध गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जाए इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। वैठक के अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौर जी उपनिदेशक कृषि मत्स्य अधिकारी, कॉपरेटिव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी और कृषक गण मौजूद रहे।

तीन माह में साढ़े सात लाख की लागत से बनी इंटरलॉकिंग धंसी

सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत शाहपुर में पंचायत निधि से बना इंटरलॉकिंग मार्ग महज तीन माह में ही धंस गया। साढ़े सात लाख की लागत से तैयार यह मार्ग निर्माण की खामियों और मानकों की अनदेखी के कारण अब ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है।

ग्राम पंचायत ने सांडाहसकरन मार्ग से दीपिका के खेत तक इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण पंचायत के पंचमवित्त से कराया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में पर्याप्त गिट्टी-बालू का प्रयोग नहीं किया गया और एजिंग पीली ईंटों व घटिया सामग्री से बनाई गई। नतीजतन, बनते ही इंटरलॉकिंग धंसने लगी। निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी थी। मौके पर पहुँचे अवर अभियंता सुभाष वर्मा ने करीब पाँच मीटर इंटरलॉकिंग उखड़वाकर दोबारा लगवाई थी। इसके बावजूद जेई द्वारा 26 जून को मार्ग की माप/जाँच (एमबी) करके ठेकेदार 7,55,522 का पूरा भुगतान करा दिया गया। भुगतान के महज पंद्रह दिन बाद ही मार्ग फिर धंस गया और एजिंग की दीवारों में दरारें पड़ गईं। ग्रामीणों का कहना है कि तेज बारिश में यह दीवार कभी भी गिर सकती है और दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस मामले पर खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि जानकारी मिली है, मामले की जाँच करवाई जाएगी।

डीएम ने खराब रैंकिंग वाले विभागों को दिए सुधार के निर्देश

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में शासन के विकास की शीर्ष प्राथमिकता वाले बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में खराब रैंक समाज कल्याण ,प्राथमिक शिक्षा, ग्राम विकास, लोक निर्माण, पंचायती राज,सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योग, पर्यटन ,नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति सहित अन्य खराब रैंकिंग वाले विभागों को सुधार किए जाने के निर्देश दिए साथ ही स्पस्टीकरण काल करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में सी एम डैशबोर्ड में रैंक न गिरे अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी। कहा विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रैंक सुधारें रैंक गिरनी नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि विधायक निधि और सांसद निधि द्वारा कराये जाने वाले कार्यो की थर्ड पार्टी सत्यापन कराया जाए। उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि सी एम युवा विकास अभियान के तहत अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर लाभ दें सभी लंबित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी नवाचार करें इसके लिए प्राथमिकता से गुणवत्ता युक्त कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपरजिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्र का चयन

सीतापुर। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में 18 अगस्त 2025 को संपन्न हुई मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गांधी विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ मंडल की टीम में जगह बनाई है। अब छात्र बरेली में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंडल का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतियोगिता में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली की कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं क्रीड़ा प्रभारी भूषण मिश्र ने जानकारी दी कि छात्र का चयन उसके शानदार खेल प्रदर्शन की बदौलत हुआ है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.के. शुक्ला ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने छात्र को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

छात्रों का राजकीय पौधशाला में शैक्षिक भ्रमण

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 19 अगस्त 2025 को कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों के लिए राजकीय पौधशाला, सीतापुर का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों में पेड़-पौधों के प्रति रुचि

जागृत करना, उनके संरक्षण के महत्व को समझाना और जीवन में उनकी आवश्यकता से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न औषधीय पौधों जैसे पत्थरचट्टा, सुदर्शन, स्नेक प्लांट, दोना तुलसी, अरिका पाम और क्रोटन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें फल-फूल देने वाले पौधों और किचन गार्डनिंग से संबंधित पौधों की भी उपयोगिता समझाई गई। विद्यालय प्रबंधन की ओर से यह शैक्षिक भ्रमण निःशुल्क आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने प्रकृति और पौधों से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी सीखा।

कार ने बाइक सवार भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत

सीतापुर। अटरिया नेशनल हाईवे पर कुंवरपुर चेक पोस्ट के निकट सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो मौसेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिंधौली पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, शैलेंद्र गौतम (37) पुत्र नंदकुमार निवासी चमरपुरवा मजरा कुंवरपुर अपने मौसेरे भाई अवधेश कुमार (35) पुत्र रुपबसंत निवासी फूलबाग कॉलोनी बहादुरपुर थाना गुडंबा, लखनऊ के साथ बाइक से निजी कार्य वैरिफिकेशन कराने लखनऊ जा रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे कुंवरपुर चेक पोस्ट के पास कार संख्या यूपी 27 एजी 0099 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर अटरिया क्षेत्र से एनएचएआई एंबुलेंस चालक चंद्रकांत अवस्थी और लालजी शर्मा पहुंचे और दोनों को सीएचसी सिंधौली ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। उधर हादसे के बाद भाग रही कार को राहगीरों ने कुछ दूरी पर रोक लिया। चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उमाकांत शुक्ला, थाना प्रभारी निरीक्षक अटरिया ने बताया कि हाईवे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। शवों को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर कार बरामद कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सीतापुर। लहरपुर तहसील क्षेत्र में ग्रामीण अन्तेष्ठि स्थल के मार्ग की मांग पर अड़ गए। ग्रामीणों ने काफी देर तक हंगामा किया। ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से बताया कि रास्ते की मांग को लेकर तहसील का घेराव करेंगे। विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत शेखवापुर अंगरासी के ग्रामीण मंगलवार को रास्ते की मांग पर अड़ गए। गांव से मरघट तक रास्ते की माँग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने काफी देर

हंगामा काटा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से लेकर मरघट तक जाने का कोई रास्ता नहीं है। जिससे हम ग्रामीणों को काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। जब अंतिम संस्कार करना होता है तो हम सब को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मरघट तक पहुंचने के लिए दोनों तरफ कटीले तार लगे है। हम लोग निकलते समय चोटिल हो जाते है। गांव से कुछ दूरी के बाद आगे रास्ता बंद है। कई बार इसकी शिकायत की गई। लेकिन कोई सुनवाई नही की हुई। नाराज ग्रामीणों ने बताया कि अगर मरघट तक पहुंचने का रास्ता नही मिलता है तो हम सब तहसील का घेराव करने पर विवश होंगे। रास्ता नहीं मिला तो ओट का भी बहिष्कार करेंगे। ग्रामीण सरवन, सुधीर कुमार, नीरज, छोटे लाल, उपेंद्र कुमार, श्री पाल, प्रसाद, पंचम, हीरालाल, सुन्दर लाल, राजकुमार, चेतराम, कंधई, धर्मराज, रामचंद्र, नन्दलाल, जुगराज, रमेश, राजकुमार, केदारी आदि मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में लेखपाल विपिन कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया राजस्व अभिलेखों में मरघट जाने का मार्ग नही है। मेरे द्वारा ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से बताया गया है। रस्ते की बात है मेरे स्तर नही हो सकती है। ग्रामीण उच्चाधिकारियों से मिल कर अपनी बात रखें।

संक्षेप

दीवार गिरी, मजदूर की मौत

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पवैया गांव में कच्ची दीवार गिरने से मजदूर की मौत हो गयी। बीती रात लगभग 8 बजे बाल गोविंद 47 घर के बाहर चारपाई पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी बारेलाल के घर की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। घटना के बाद लगभग 30 मिनट तक वह मलवे में दबा रहा। परिजनों ने जब तक उन्हे मलवे से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक मजदूर के परिवार में पत्नी चुनकी और एक बेटा है। वह मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। बबेरू कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह रजावत ने बताया कि दीवार गिरने से हुए हादसे की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत, मां घायल

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम गुन्देरा निवासी मनोहर पुत्र चतरा सहरिया ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी भाभी फूलकुंवर पत्नी स्व.नारायण सिंह अपने आठ वर्षीय पुत्र सौरभ के साथ गांव से सड़क पर आ रहा थी। तभी पिकअप गाड़ी संख्या यू.पी.93 सी.टी. 6432 जो कि उगरपुर की ओर से अंधी रफ्तार से आ रही थी ने लापरवाही से उसकी भाभी फूलकुंवर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी भाभी घायल हो गयी और उसके भतीजे सौरभ की मौके पर ही वाहन के नीचे दबकर मौत हा गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1), 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुलिस अधिकारियों के स्थानान्तरण

ललितपुर। परिक्षेत्रीय स्थापना बोर्ड की बैठक बीते 15 तारीख को हुई जिसमे में निर्णय लिये गया कि जनपद में तैनात 2 निरीक्षकों व 6 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण अनुकम्पा के आधार पर किया गया है। जिसमे जनपद में तैनात निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र को झांसी और निरीक्षक हरिशंकर चन्द्र का तबादला जालौन हुआ। वहीं उपनिरीक्षक शिवमंगल सिंह, दिलीप कुमार सिंह, अभिनेन्द्र सिंह चैहान और राम नरेश सिंह का जालौन स्थानांतरित किया गया। तो वही उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह और सहायक उपनिरीक्षक अनुराग शर्मा को झांसी भेजा गया। आदेश जारी होने के बाद सभी अधिकारियों को जल्द ही नयी तैनाती पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिये गये हैं।

खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा : विधायक

युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री का किया गया वितरण

ललितपुर। जनपद ललितपुर के विकास भवन सभागार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण किया गया।

इस अवसर पर सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक का विकास भवन पहुंचने पर विभागीय अधिकारियों एवं युवा प्रतिभागियों द्वारा स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक रामरतन ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों के माध्यम से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की ऊर्जा भी आती है। हमारी युवा पीढ़ी खेलों में जितनी सक्रिय होगी, उतना ही समाज और राष्ट्र प्रगति करेगा। प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि गांव-गांव के युवाओं को खेल की सुविधाएँ उपलब्ध हों और ग्रामीण प्रतिभाएँ भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकें। विधायक ने आगे कहा कि खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोजगार एवं सम्मान दोनों ही मार्ग खुलते हैं। उन्होंने युवक एवं महिला मंगल दलों से आह्वान किया कि वे खेलों को नशामुक्त और अनुशासित समाज बनाने का माध्यम बनाएं। इस अवसर पर विधायक रामरतन ने विभिन्न खेलों में रुचि लेने वाले युवाओं एवं युवतियों को खेल सामग्री वितरित की तथा विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए। इससे उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और युवाओं को खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में निरंतर भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहरलाल पंथ, मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर और जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवक-युवतियाँ, ग्राम प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया और अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए सभी को खेलों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया।

विधायक ने मृतक के घर जाकर दी आर्थिक सहायता

ललितपुर। ग्राम बुढवार में आकाशीय बिजली से युवक की मृत्यु पर सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता राशि देकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। विकास खंड जखौरा के ग्राम बुढवार में आकाशीय बिजली गिरने से कुशवाहा परिवार के युवक अंशुल की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। विधायक सदर ने ग्राम बुढवार जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर युवक की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा राहत निधि से 4 लाख रुपये का चेक परिजनों को सौंपा। सदर विधायक ने इस अवसर पर कहा कि इस दुखद घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। विपदा की इस घड़ी में धैर्य और हिम्मत बनाए रखना आवश्यक है। परिवार को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान अनुपम चैबे जी, जितेंद्र रिछारिया, तहसीलदार, बूथ अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, दयाराम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर की यातायात व्यवस्था में सिर दर्द बने ई-रिक्शा

ललितपुर। नगर की यातायात व्यवस्था में सिर दर्द बने ई-रिक्साओं पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। सघन चेकिंग अभियान के साथ जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। ई-रिक्सा चालक नगर की यातायात व्यवस्था बिगाड़ने में अपना अहम किरदार निभा रहे हैं, वह एक सवारी के चक्कर में बीच सडक पर रिक्सा रोक देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेसा बन जाता है, वहीं व न तो निर्धारित संख्या में सवारियों को बैठाते हैं, और न ही यातायात नियमों का पालन करते हैं, जिस कारण नगरवासियों को भी टेजफिक समस्याओं से जूझना पड रहा है। इसी समस्या को लेकर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा ई-रिक्शा चेकिंग व जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चेकिंग करते हुए नियमों के बारे में जागरुक किया गया। ई-रिक्शा चालकों से नियमों का पालन हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही शहर व थाना क्षेत्र के प्रमुख चैराहों पर, चालकों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, लेन ड्राइविंग का पालन करें तथा मानक से अधिक सवारी न बैठाने आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा 41 ई-रिक्शा के चालान किये गए तथा 3 ई-रिक्शा को सीज किया गया।

एसडीएम और ईओ ने किया सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण

ललितपुर। जल विहार पर्व के चलते उप जिलाधिकारी सदर, प्रशासक मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक द्वारा तालाब के घाटों का निरीक्षण अवर अभियंता एवं मुख्य स्टोर लिपिक को जल विहार के पूर्व समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासक द्वारा सर्वप्रथम सुम्मेरा तालाब के घाटों का निरीक्षण किया गया व साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसमें उनके द्वारा अवर अभियंता एवं निर्माण लिपिक को निर्देश दिए कि जो भी घाट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है उनकी तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराई जाए। इसके उपरांत प्रशासक द्वारा मंदिर परिसर एवं सुम्मेरा तालाब के घाटों पर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु मुख्य स्टोर लिपिक को निर्देशित किया गया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्ष को निर्देश दिए गए कि जल विहार पर्व के पूर्व तालाब, तालाब के समस्त घाटों व मंदिर परिसर के अंदर विशेष रूप से टीमें लगाकर साफ-सफाई व्यवस्था एवं घाटों की रंगाई-पुताई का कार्य जल विहार के पूर्व सम्पन्न करा लिया जाए।

इसके उपरांत उपजिलाधिकारी सदर/प्रशासक द्वारा नझाई बाजार स्थित आईसीसीसी (कमाण्ड सेन्टर) पर जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जल विहार पर्व के चलते बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रशासक कमाण्ड सेन्टर में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संचालक से नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि के जाने में जानकारी ली गई। इसके उपरांत जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल विहार पर्व के चलते जो विमानों का रूट मार्ग है उस पर जो सड़के उखड़ी पड़ी है व पाईप लाइन डालने के चलते अव्यवस्थित हो गई है उन्हें तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए। विमानों के रूट मार्ग पर लीकेज की व्यवस्था को दुरूस्त कराये जाने के लिए जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों के निर्देशित किया गया कि विमानों के रूट में जहां पर विद्युत लाइन के खंबे अव्यवस्थित है, उन्हें ठीक कराया जाए, तार आदि जो सड़कों पर झूल रहे है उन्हें व्यवस्थित किया जाए। इसके उपरांत नगर पालिका के अवर अभियंता, संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व मुख्य स्टोर लिपिक को निर्देशित किया गया कि जल विहार के पूर्व समस्त घाटों की मरम्मत कराई जाए, उनकी रंगाई-पुताई कराई जाए, रूट मार्ग की समस्त सड़कों की मरम्मत कर गड्ढे आदि भरवाये जाये व मार्गों पर लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बदहाली देख नाराज हुए आयुक्त , त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बांदा। आयुक्त अजीत कुमार ने मंगलवार को बी-पैक्स केन्द्र मुरवल आयुष्मान अरोग्य मंदिर और यूपी कॉपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड बांदा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मिली अनियमितताओं पर आयुक्त ने गहरा असंतोष जताते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बी-पैक्स के निरीक्षण के समय महज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित मिला। अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये। केन्द्र तक पहुंचने का रास्ता बेहद गंदा और कीचड़ युक्त मिला। किसानों ने शिकायत की, कि केन्द्र प्रभारी गोदाम में खाद उपलब्ध होने के बावजूद वितरण कार्य उप केन्द्र बगेहटा से करा रहे हैं। इससे किसानों को भारी असुविधा हो रही है। आयुक्त ने सहायक निबंधक व सहायक आयुक्त सहकारिता को तत्काल मुरवल केन्द्र पर खाद उपलब्ध कराकर किसानों को यहीं से वितरित कराने के कड़े निर्देश दिए। आयुष्मान अरोग्य मंदिर में चिकित्सक अंजली मिश्रा मौजूद मिलीं लेकिन केन्द्र के बाहर कूड़े के ढेर और कीचड़ युक्त रास्ता तथा गंदगी मिली। आयुक्त ने खंड विकास अधिकारी बबेरू को रास्ता दुरूस्त कराने और कूड़े की तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। यूपी कॉपरेटिव फेडरेशन कृषक केन्द्र में खाद के लिए किसानों की लंबी लाइन मिली। केन्द्र प्रभारी ने कहा कि सर्वर न चलने के कारण वितरण रूका है। आयुक्त ने क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ को निर्देश दिए कि तकनीकी समस्या का निराकरण कराकर लाइन में खड़े किसानों को खाद वितरित कराएं। उन्होने स्पष्ट लहजे में कहा कि किसानों और आम लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

स्कूलों का निरीक्षण, बढ़ायें छात्र उपस्थिति : डीएम

बांदा। विकासखण्ड बड़ोखर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय बोधीपुरवा और परमपुरवा का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होने बोधीपुरवा विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता स्तर एवं विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षकों को निर्देश दिए कि सभी बच्चे ड्रेस पहन कर आएं। डीएम ने शुद्ध पेयजल एवं हांथ धोने के लिए पानी की टोंटी लगाने के निर्देश दिए। कक्षा 3 के बच्चों से जोड़-घटाव के प्रश्न करते हुए शिक्षा गुणवत्ता का आंकलन किया और शिक्षकों को सुधार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजीकरण के अनुसार कराए जाने के निर्देश दिए। परमपुरवा प्राथमिक विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम मिलने पर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर परखने के लिए बच्चों से गणित व विज्ञान के प्रश्न पूंछे। यहां शैक्षणिक स्तर बेहतर मिला। उन्होने विद्यालय में निमार्णाधीन एकल कक्ष का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने मीनू के तहत गुणवत्तायुक्त मिड-डे-मील वितरण के निर्देश दिए। उन्होने बीते वर्ष मिली धनराशि से कराए गये कार्यों के बारे में जानकारी ली और बाउंड्री की दीवार में पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी, शिक्षक मौजूद रहे।

मृतक आश्रित को बैंक ने सौंपा दो लाख का चेक

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सगरा सुंदरपुर बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा सगरा सुंदरपुर ने मृतक आश्रित को मुआवजे का चेक सौंपा। चेक पाकर मृतक आश्रित के चेहरे पर राहत भरी खुशी दिखी। लीलापुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुलरहा गांव के सूरज सरोज भारतीय स्टेट बैंक सगरा सुंदरपुर में खाताधारक थे। बैंक की ओर से उसका चार सौ छत्तीस रुपये का बीमा भी किया गया था। सूरज सरोज की बीते अठारह मार्च 2025 को एक दुर्घटना में असामयिक मौत हो गयी थी। इसकी जानकारी होने के बाद बैंक शाखा की ओर से मृतक के पिता बैजनाथ सरोज को दो लाख रुपये का चेक सौंपा गया। योजना से लाभान्वित होने पर मृतक आश्रित ने बैंक प्रबन्धन के प्रति आभार जताया। शाखा प्रबन्धक सुशील कुमार दुबे ने कहा कि सरकार की यह कल्याणकारी योजना है। हर खाताधारक को चार सौ छत्तीस रुपये का बीमा अवश्य कराना चाहिए। जिससे किसी प्रकार की घटना होने पर आश्रित को उसका लाभ मिल सके। इस मौके रोकड़ अधिकारी सपना राजपूत एवं समस्त स्टाफ तथा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बालेंद्र कुमार ओझा आदि मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर लगा, लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

नगीना, बिजनौर। गोयल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एवं भारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट नगीना द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। रक्तदान शिविर में कई सामाजिक संगठनों, गणमान्य व्यक्तियों व महिलाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया।

नगीना-धामपुर मार्ग पर बीते दिन आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किसान नेता चैधरी दिगम्बर सिंह व भाजपा नेता क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान, नगर मंडल महामंत्री सचिन शर्मा व डॉ स्वेत कमल गोयल, मनजीत विश्नोई, अमन जोशी, हाजी फाहीम अख्तर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर गोयल आयुर्वेदिक औषधालय के संचालक व भारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट नगीना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ स्वेत कमल गोयल, राष्ट्रीय महासचिव सलाउद्दीन सिद्दीकी, संस्थापक शम्मीपाल व मनजीत विश्नोई व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमन जोशी, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश त्यागी आदि ने रक्तदाताओं तथा नजीबाबाद से आए रक्तदान महान दान ब्लाक अध्यक्ष हाजी फाहीम अख्तर व उनकी टीम को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में सीमा देवी, सोमा देवी, गायत्री गर्ग, रेखा अग्रवाल, काजल, इरम परवीन, सुषमा पाल, मुमताज परवीन, आकाश जोशी, रोहित मल्होत्रा, प्रर्यान्क कुमार, सिद्धार्थ चैधरी, शुभम मित्तल, शुभम गुप्ता, रुद्रप्रताप, पार्थ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल, निमिष गर्ग, मानस अग्रवाल, रोहन, संजीव अग्रवाल, डॉ संदीप शर्मा, चन्द्रशेखर पाल सहित रक्तदान शिविर में महिलाये भी शामिल रहीं। डॉ श्वेत कमल गोयल ने बताया कि उनके हॉस्पिटल में इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर किए जाते रहे है और आगे भी किये जाते रहेंगे।

सफाई कर्मियों ने ईपीएफ गबन के मामले में सौंपा ज्ञापन

महोबा। नगर पालिका परिषद चरखारी के सभी सफाई कर्मचारियों ने ईपीएफ के लगभग एक करोड़ रुपए के गबन के मामले में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सोंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि सफाई कर्मचारियों का ईपीएफ माह जून 2022 से अभी तक एस आर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा के ठेकेदार व विभागीय कर्मचारियों ने मिलकर हेराफेरी करके कम धनराशि जमा की गई और हम लोगों का लगभग एक करोड़ रुपए गबन कर लिया गया है। इसके सम्बन्ध में पूर्व में अधिशाषी अधिकारी व विभागीय कर्मचारियों से कई बार शिकायत की गई और इसके बारे में जानकारी चाही गई तो हम लोगों को नौकरी से निकालने की धमकी देकर चुप करा दिया जाता था। हम लोगों के पास अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए इस नौकरी के अलावा दूसरा कोई आय का साधन नहीं है, इसलिए अभी तक शिकायत करने की हिम्मत नहीं हुई। परन्तु जब हम लोगों यह जानकारी हुई कि हम लोगों के हक के लिए एक वृद्ध समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी राठ रोड महोबा में स्थित मोक्षधाम में आमरण अनशन कर रहे हैं, और मानव सेवा संस्था भी हम लोगों के हक की आवाज उठा रही है, तब जाकर हमने हिम्मत जुटाकर अपनी आवाज उठाई है। ज्ञापन में सफाई कर्मियों ने निवेदन किया है कि कि हम लोगों के हक का पैसा वापस दिलवाने की कृपा करें और दोषियों के खिलाफ कानूनी दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें. जिससे भविष्य में कोई भी गरीबों के हक पर डांका डालने की कोशिश न कर सकें।

खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

प्रतापगढ़। न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विजेताओं को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में खो खो, कबडडी, लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। खो खो प्रतियोगिता में मोठिन को हराकर प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खण्डवा की टीम विजेता बनीं। वहीं कबडडी प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय पूरे श्याम सिंह की टीम ने खण्डवा को हराकर जीत का खिताब अपने नाम किया। दौड़ प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जसमेढ़ा की टीम विजेता बनीं। खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर शिक्षिका रेनू सिंह, निसार अहमद, देवप्रताप मिश्र, बृजेन्द्र नारायण पाण्डेय, उमेशचंद्र शुक्ल, नीतीशधर द्विवेदी, विकास कुमार, कंचन मिश्रा, शालिनी जायसवाल, राजेन्द्र कुमार, शिवकुमार शर्मा, इंद्रपाल, सुमित शुक्ल, शिवकुमारी, सुरेश साहू, सुनील उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

श्रम और एएचटी टीम ने पकड़े 6 बाल श्रमिक

ललितपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने जिला स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन रोकथाम व बाल भिक्षावृत्ति अभियान अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन, एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग निरीक्षक हरिशंकर प्रभारी निरीक्षक एएचटी हमराह म.हे.का.सीता देवी, म.का.कल्पना बाजपेयी, श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, कुलदीप गुप्ता, रामप्रताप, प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड लाइन से अजय कुमार, शिवम शुक्ला, शिवम वर्मा की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान जिला क्षेत्र चैकी बांसी, थाना तालबेहट कस्बा क्षेत्र पर अभियान चलाया गया ए.एच.टी., श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई रैकी। सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 06 किशोर श्रमिक बालश्रम करते मिले, श्रम विभाग द्वारा नियोजकों को मौके पर ही नोटिस देकर किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों, जनरल स्टोर व दुकानदारों को बालश्रम अधिनियम की जानकारी देते हुये हिदायत दी गयी। किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

बिजनौर। प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न समस्याओं के लिए महानिदेशक, स्कूली शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक उत्तर प्रदेश व अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन तथा बेसिक शिक्षा मंत्री से लखनऊ स्थित उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की।

विकासखंड कोतवाली के प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीते दिन महानिदेशक, स्कूली शिक्षा एवं राज्य परियोजना निर्देशक, उत्तर प्रदेश सरकार का पत्र 30 जुलाई 2025 के संबंध में महानिदेशक स्कूली शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, अपर मुख्य सचिव तथा बेसिक शिक्षा मंत्री से भेंट की। शिक्षक संघ ने अपनी विभिन्न समस्याओं के संबन्ध में बताया कि उपरोक्त शासनादेश के अनुसार जो कार्मिक सेवा में नहीं थे उनको पुरानी पेंशन के विकल्पों में सम्मिलित किया जा रहा है (केवल नियुक्ति/प्रशिक्षण संबंधी विज्ञापन जारी हुआ था) जबकि 28 मार्च 2025 से पूर्व सेवारत मृतक आश्रित सहायक अध्यापकों को उक्त लाभ में सम्मिलित नहीं किया जा रहा है। जो कि उपरोक्त शासनादेश के अनुसार न्याय संगत नहीं है। उन्होंने शासनादेश में वर्णित विकल्पों में 28 मार्च 2025 से पूर्व से मृतक आश्रित सहायक अध्यापकों को सम्मिलित कराए जाने की मांग की तथा 25 मार्च 1985 के शासनादेश के प्रावधानों की प्रति भी संलग्न की। प्रतिनिधिमंडल में ओंकार सिंह, नवरत्न सिंह, अमित त्यागी, सचिन राजपूत तथा मोहम्मद मोबीन शिक्षक शामिल रहे। शिक्षा मंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि आपके इस पत्र के संदर्भ में मुख्यमंत्री से भेंट कर आपकी समस्याओं को उनके समक्ष रखा जाएगा।

सहमति से निपटे 7 वाद, लोक अदालत 13 को

बांदा। आगामी 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को देखते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित वादों के अधिक से अधिक निस्तारण कराए जाने के लिए मंगलवार को पहली प्रारम्भिक वार्ता बैठक हुई। बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमे राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिन्हित किए गये 50 वादों की पत्रावलियों पर विचार करते हुए अधिवक्ताओं और पक्षकारों के साथ सुलह के आधार पर वादों के बारे में चर्चा की गयी। 7 वादों का निस्तारण मौके पर ही पक्षकारों की आपसी सहमति से सुलह समझौता के आधार पर किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज श्रीपाल सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह मण्डेला, अधिवक्ता याश्मीन खान, राजीव चैधरी, कामता निगम, मनोज तिवारी, मौजूद रहे।

युवती के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। युवती को अगवा करने की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित का आरोप है कि बीती ग्यारह अगस्त को सुबह करीब चार बजे उसकी अठारह वर्षीया बेटी शौच के लिए घर से बाहर गयी थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी इंद्रजीत सरोज उर्फ भुल्ले पुत्र राजाराम उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका भी जतायी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मारपीट में दो पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के तिवारी का पुरवा उमरार गांव की सुधा देवी पत्नी स्वर्गीय कमलाकांत ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रास्ते के विवाद को लेकर रामकिशोर, निरंजन ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सौर ऊर्जा से सिंचाई

देश के किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प के साथ सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए अनेक योजनाएं चला नही है। इस संदर्भ में कृषि सिंचाई के लिए शुरू की गयी पीएम कुसुम योजना किसानों की बेहतरी के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। कृषि क्षेत्र सिंचाई कार्यों के लिए देश की कुल बिजली के करीब पांचवें हिस्से की खपत करता है। डीजल का बहुत बड़ा हिस्सा भी इसी काम में लगता है। डीजल पंप की जगह सौर ऊर्जा से संचालित पंप लगाकर और ग्रिड से जुड़े पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़कर पीएम-कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) योजना कार्बन उत्सर्जन कम करने, सब्सिडी कम करने और किसानों को इनपुट की लागत के उतार-चढ़ाव से बचाने में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना का पहला चरण 2025-26 में चल रहा है और इसका लक्ष्य है सोलर पंपों, ग्रिड से जुड़े पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़कर तथा बंजर भूमि पर छोटी सौर ऊर्जा परियोजनाओं की मदद से सिंचाई के लिए 34.8 गीगावॉट अतिरिक्त सौर ऊर्जा तैयार करना। करीब 34,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ योजना का लक्ष्य 14 लाख सोलर पंप स्थापित करना और 35 लाख ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों को सौर ऊर्जा संचालित पंप में

बदलना है। इसमें फीडर स्तर तक को भी सोलर में बदलना शामिल है। वास्तव में मांग में इजाफा हुआ है और यह इस बात को रेखांकित करता है कि सौर ऊर्जा को स्वीकार करने और इसका विस्तार करने की अत्यधिक आवश्यकता है। 2024-25 में ही भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी ने योजना के तहत ऋण की मंजूरी में 27 फीसदी इजाफा दर्ज किया और ऋण राशि 47,453 करोड़ रुपये पहुंच गई। ऋण वितरण में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस संबंध में अगस्त 2024 में कृषि अधोसंरचना निधि में इसके एकीकरण के बाद नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा इस योजना के दूसरे चरण को शुरू करने की काफी संभावनाएं नजर आती हैं। पहले चरण के सबकों से सीख लेते हुए अब केंद्रीय वित्तीय सहायता की सीमा हटाई जा सकती है और एग्रोवॉल्टेइक स्थापनाओं को समायोजित किया जा सकता है जहां फसल और सोलर पैनल एक साथ होते हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र के केंद्रीकृत भू-एकीकरण पोर्टल की तरह बड़े पैमाने पर अपनाए जाने वाले मॉडल भी अपनाए जा सकते हैं जहां 40,000 एकड़ से अधिक जमीन का इस्तेमाल सौर खेती के लिए किया जा रहा है। डीजल पंप को बदलने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और ईंधन कीमतों के उतार-चढ़ाव से बचने में मदद मिलेगी। सौर ऊर्जा दिन के समय उच्चतम उत्पादन करती है जो सिंचाई की जरूरतों के अनुरूप है और इसे अधिक किफायती बनाता है। इतना ही नहीं किसानों द्वारा जो अतिरिक्त बिजली तैयार की जाएगी उसे वापस ग्रिड में भेजा जा सकता है। इससे उन्हें न्यूनतम लागत पर अतिरिक्त आय अर्जित करने में भी मदद मिलेगी। इस प्रकार सौर ऊर्जा न केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद कर सकती है बल्कि उसकी बदौलत हम विकेंद्रीकृत और मजबूत बिजली सहयोग हासिल कर सकते हैं और ग्रामीण समुदायों को भी मजबूत बना सकते हैं। यह सही है कि पवन ऊर्जा और बायोमास भी देश में नवीकरणीय ऊर्जा मिश्रण के अहम घटक हैं। वे भी मायने रखते हैं लेकिन पवन ऊर्जा क्षमताओं का पूरा लाभ लेने में भौगोलिक बाधाएं आड़े आती हैं। यह किसानों के लिए भी उतना अनुकूल नहीं है। दूसरी ओर बायोमास लॉजिस्टिक्स और टिकाऊपन से जुड़े कई सवाल खड़े करती है। इनके विपरीत सौर ऊर्जा किसानों के नियंत्रण वाली और किफायती ऊर्जा साबित होती है। आम परिवारों द्वारा सौर ऊर्जा को अपनाना पहले ही हमें अच्छे परिणाम देने वाला साबित हुआ है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी योजनाओं ने 10 लाख से अधिक घरों को सोलर पॉवर ग्रिड में शामिल किया है। पीएम कुसुम योजना से सोलर पंप से सिंचाई को बढ़ावा मिल रहा है। इससे किसानों की लागत घटी है, आय बढ़ी है और डीजल के बजाय सौर ऊर्जा से सिंचाई होने से कॉर्बन उत्सर्जन भी नहीं होता।

'नोबेल शांति पुरस्कार' छीनने की हरकतें

मनोज वार्ष्णेय

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप टैरिफ पॉलिसी को डायनामाइट की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ही नहीं, अनेक दूसरे देश ने भी उनके इस टैरिफ रूपी वायरस को गंभीरता से नहीं लिया और इसका उत्तर ट्रंप को उनकी ही भाषा में देने की कोशिश कर रहे हैं।

शांति का नोबेल पुरस्कार इस वर्ष के लिए दिया जाता है...... को सुनने के लिए तरस रहे हैं दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दुनिया का सबसे बड़ा शांति का पुरस्कार लेने के लिए वह जितने बेकरार हैं, पुरस्कार से उनकी उतनी उतनी ही दूरियां बढ़ती जा रही हैं। वह एक कदम उसकी ओर बढ़ाने की कोशिश करते हैं तो पुरस्कार उनसे दो कदम दूर चला जाता है। हालत यह है कि सोशल मीडिया में उनके नाम पर जो चल रहा है, वह गंभीर कम हंसाने वाला अधिक है। वह जितना इस पुरस्कार को लेने के लिए दूसरों को धमकाते हैं, उतनी ही उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

डोनाल्ड ट्रंप इस वक्त अपने देश पर कम, इस बात पर अधिक ध्यान दे रहे हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार से नोबेल पुरस्कार मिल जाये। इसके लिए वह कोई भी ऐसा काम नहीं छोड़ रहे, जिससे उन्हें पुरस्कार मिलने की संभावना मजबूत हो। सोशल मीडिया पर वह अक्षय कुमार और परेश रावल अभिनीत फिल्म 'हेराफेरी के बाबू भइया' के रूप में प्रसिद्धि पा रहे हैं। जिस तरह के उनके बयान हैं, उससे कहा जा रहा है कि वह बिना निशाना देखे ही नोबेल के लिए बंदूक चला रहे हैं। उनके टैरिफ वार को टैरिफ वायरस कहा जा रहा है, जिनके वह दोस्त होते थे, जिन्हें वह अपनी प्राथमिकता बताते थे, उन सभी को भी नोबेल के लिए नामित करने के लिए चरम तक जाकर डरा रहे हैं, ठीक वैसे ही जैसे पाकिस्तान परमाणु बम को लेकर भारत को डराने के लिए कूद-फांद कर रहा है। वह सभी नोबेल के नाम पर उनकी मदद करना तो दूर उन्हें नामित भी नहीं कर रहे हैं। हाल की चुनौती उन्हें अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री तथा पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन से मिली है। हिलेरी ने कहा कि अगर वह यूक्रेन-रूस का युद्ध रुकवा देंगे, तो वह उन्हें नामित करेंगी।

ट्रंप ने अब तक जितने भी काम किए हैं, वह शांति कम अशांति के अधिक नजर आते हैं। हां, यह बात दीगर है कि वह ट्रंप की नजर में शांति का प्रयास हैं। शांति का मतलब सिर्फ यह नहीं होता कि दो देशों में युद्ध न हो या फिर सेना में कमी की जाए। शांति का मतलब यह भी होता है कि मानव के जीवन में शांति आए इसके लिए काम किया जाए। पर भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाकर ट्रंप ने व्यापार तथा यहां की जनता के बीच जो

सामयिक

मानसिक अशांति पैदा की है, वह किस तरह से भारत के नेतृत्व को प्रेरित करेगी कि वह ट्रंप को नोबेल के लिए नामित करे? यह धमकी देना कि वह और टैरिफ लगाएंगे, भारत रूस से तेल नहीं ले, को क्या एक हवाई बयान समझा जाए? यदि नहीं तो फिर ट्रंप किस तरह से भारत जो इस वक्त पूरे विश्व के लिए धुरी बन चुका है, से यह उम्मीद कर रहे हैं कि वह उसे नोबेल के लिए नामित करेगा। ट्रंप के अब तक के निर्णय बताते हैं कि वह हर, वह काम कर रहे हैं, जिससे भारत दबाव में आ जाए।

पाकिस्तान जो सिर्फ आतंक के लिए जाना जाता है, उसे शह देना, भारत द्वारा पीटे जाने का श्रेय खुद को दिलवाने के लिए रोज यह कहना कि मैंने युद्ध रुकवाया है, किस श्रेणी में आता है? ट्रंप को पता है कि पाकिस्तान भारत की मिसाइलों से इतना भयभीत था कि उसने खुद ही युद्ध रोकने के लिए कहा। चाहे वह पाकिस्तान हो या फिर कांगो-रंवाडा, थाइलैंड-कंबोडिया, इजराइल-ईरान या फिर सर्बिया-कोसोवो, हर कहीं कि परिस्थितियां अलग थीं। खुद ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने कई युद्ध व्यापार की मदद से रुकवाए हैं। मतलब साफ है, उन्हें आर्थिक नुकसान की धमकी। अब कोई देश नहीं चाहता कि उसका आर्थिक नुकसान हो और उसके नागरिक अभावों की जिंदगी जीएं। प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि धमकाकर, शांति कैसे लायी जा सकती है? अगर धमकाकर शांति नहीं आती, तो धमकाकर शांति का नोबेल देने की सिफारिश कैसे कराई जा सकती है? नोबेल पुरस्कार की कहानी जरा इस संदर्भ में देखनी होगी। डायनामाइट के अविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल थे और एक अखबार में उनकी मृत्यु का गलत समाचार छप गया। इसके बाद उन्होंने खुद को डायनामाइट के आविष्कारक के रूप में शर्मसार समझा। अपनी इस भूल को सुधारने के लिए उन्होंने यह पुरस्कार देने की बात कही।

अब ट्रंप भी दुनिया के लिए अपने टैरिफ को डायनामाइट की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ही नहीं किसी दूसरे देश ने भी उनके इस टैरिफ रूपी वायरस को गंभीरता से नहीं लिया है और इसका उत्तर ट्रंप को उसकी ही भाषा में दे रहे हैं। चीन, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन, कोरिया या रूस आदि जैसे किसी भी देश ने अभी तक उनके प्रयासों को इस स्तर पर जाकर नहीं सराहा है कि उन्हें नोबेल के लिए नामांकन मिले। खुद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उनके समझौता कराने के सपने को तोड़कर बता दिया है कि वह उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हां, यह बात भी उनके खिलाफ जाती है कि उन्होंने किस तरह से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अपने घर में गर्मागर्म बहस की और फिर टैरिफ डायनामाइट लगाकर भारत को धमकाकर रूस से तेल लेने से रोकने का प्रयास किया। यूं, पहले भी तीन बार ट्रंप को नोबेल के लिए नामित किया जा चुका है। नार्वे, आस्ट्रेलिया तथा स्वीडन जैसे देशों की हस्तियों ने उन्हें नामांकित किया, लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप ने नोबेल को मिशन के रूप में लिया है। यदि उनकी इस सोच को देखें तो उनके पास आज धन-संपति के साथ ही पूरी दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति के रूप में भरपूर शक्ति है। ऐसी स्थिति में उन्हें लगता है कि यदि उन्हें नोबेल पुरस्कार, वह भी शांति के लिए मिल जाएगा, तो वह ऐसे राष्ट्रपति के रूप में जाने जाएंगे जो हर प्रकार से श्रेष्ठ थे। नोबेलमैनिया कह लें या फिर यह कि खुद को शांति का रहनुमा कहलाने की लालस ही है, जो उन्हें भारत जैसे देश से पंगा लेने को मजबूर किए है। पाकिस्तान तो अपनी हरकतों से अमेरिका से इतना दबा-डरा हुआ है कि उसको समझ में ही नहीं आता कि वह कैसे क्या करे? इसीलिए भारत से पिटने के बाद उसके हुकमरानों ने ट्रंप को पहली ही मुलाकात के बाद नोबेल के लिए नामांकित कर दिया। अब ट्रंप सिर्फ और सिर्फ भारत पर दबाव इसलिए बना रहे हैं कि वह कैसे भी यह कह दे कि ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने में ट्रंप ने मदद की। ट्रंप यह भी जानते हैं कि उसके प्रतिद्वंदी बराक ओबामा को यह पुरस्कार जब मिला था तो दुनिया ने उसे किस तरह से लिया था, इसलिए वह हर कीमत पर भारत से फेवर चाहते हैं। यह बात सर्वविदित है कि भारत की छवि एक शांतिप्रिय और अहिंसा के प्रतीक देश के रूप में है। ट्रंप का यह कहना कि वह चाहे जो कर लें उन्हें नोबेल नहीं मिलेगा, यह भी उनकी खुद की गढ़ी गई छवि का ही प्रतिबिंब है। महात्मा गांधी जिन्हें अहिंसा का पुजारी कहा जाता था, उन्हें आज तक नोबेल नहीं मिला तो क्या यह संभव है पूरी दुनिया के मीडिया में अपनी झूठी बातें, दादागिरी के लिए जाने जा रहे ट्रंप को यह पुरस्कार मिल जायेगा?

सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने राजस्थान के कोटा- बूंदी में ग्रीन फील्ड एयर पोर्ट के विकास को मंजूरी दे दी है। जेपी नड्डा.

भाजपा जनता के लिए भारी बोझ बन गयी है, जिस दिन भ्रष्टाचार की भाजपाई की पोटली को जनता तोल देगी उस दिन भाजपा पटरी से उतर जायेगी और दिन दूर नहीं। अखिलेश यादव

चुनाव को लेकर जिस प्रकार की बातें इंडी गठ-बंधन और कांग्रेस पार्टी कर रही हैं, वह चोरी की बात नहीं, एक बल्कि पुरानी कहावत है कि चोर मचाये शोर, वाला काम कर रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.

विचार

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

वासना का जाल

अंतर्दृष्टि

वासना इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

लेकिन घुटनों में दर्द है

व्यंग्यलोक

वे कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है-ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की छूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात ने तो कहीं का नहीं छोड़ा। वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सीजन के कारण रेलों-बसों में भीड़ जा रही है। हाथ-पांव टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढूंढ़ लिये है। डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दूकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दूकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दूकान में कुछ होगा, तब आयेगा न। ग्राहक तो खाली दूकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी थोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठा जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है।

पूरन सरमा

अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है। क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दुबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है। अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूँ। जैसा नाम वैसा ही गुण। वे डिजायनर हैं। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछो से वाक्य भी भयानक निकतले हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी मैं कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समझ में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुररमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर है, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दूकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गये हैं। कला की वैल्यू तो समझते नहीं और कोड़ियों में काम करना चाहता है। आप अपने आसपास नजर फैलाइये, डिसूजा, भयानक जी और मधुसूदन जी बेतादाद मिल जायेंगे। ये हैं आजकल के काम करने वाले, बदमिजाज, आलसी और कामचोर बहानेबाज।

पर्यटन के आकर्षक गंतव्य हैं भारत के तटीय शहर

पर्यटन

समीर चौधरी

मेरा बेटा अपनी छुट्टियां मनाने के लिए थाईलैंड के समुद्री तट पर जाना चाहता था। मैंने उससे कहा कि पहले भारत के समुद्री तटों की सैर तो कर लो, बहुत खूबसूरत हैं, उसके बाद दुनिया की सैर करना। मैंने उसे बताया कि भारत पर इतने सुंदर समुद्री तटों की कृपा है जैसे संसार में कहीं और नहीं मिलते। हमारे हजारों किमी लम्बे समुद्री तट पर विशिष्ट शहर बसे हैं, जो एकदम से आपको अपना दीवाना बना देते हैं। इन शहरों में समुद्र की मुलाकात इतिहास, संस्कृति व प्रकृति से होती है। इनमें से कुछ समुद्री शहर तो अच्छे से संरक्षित कोलोनियल विरासत, रंगीन स्ट्रीट्स, सुंदर बीचों और सी-फूड बाजारों के लिए विख्यात हैं। यह सुनकर मेरे बेटे ने मालूम किया कि उसे किस तटीय शहर में जाना चाहिए। मैंने आठ तटीय शहरों के बारे में उसे बताया, जो मेरी राय में सबको देखने चाहिये। लीजिये, आप भी उनके बारे में जानें।

पुड्डुचेरी को अक्सर 'फ्रेंच रिवेरा ऑफ द ईस्ट' कहते हैं। इसमें कोलोनियल आकर्षण और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का गजब का संगम है। पेड़ों की लम्बी कतारों वाले बुलेवार्ड और आकर्षक गोल्डन बीच पोस्टकार्ड पिक्चर सी सुंदरता उत्पन्न करते हैं। पर्यटक फ्रेंच क्वार्टर्स में चहलकदमी करते हैं, शांत कैफे में कॉफी का आनंद लेते हैं और पैराडाइस बीच पर डूबते हुए सूरज को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। औरोविले और श्री औरोबिंदो आश्रम का शांत वातावरण इस शहर को आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। कोवलम केरल में गजब का तटीय शहर है, जो पहली के चांद जैसी अपनी कोस्टलाइन के लिए विख्यात है।

बीच प्रेमियों के लिए यह ट्रॉपिकल जन्नत है, विशेषकर जो वाटर स्पोर्ट्स, आयुर्वेदिक उपचार व बीच सुंदरता का आनंद लेना चाहते हैं। यह शहर लाइटहाउस बीच, हवाई बीच और समुद्र बीच के लिए विख्यात है। यहां सी-फूड वास्तव में बहुत स्वादिष्ट है। दिउ छोटा सा सुंदर द्वीप शहर है, जिसमें पुर्तगाली विरासत और सुंदर बीचों का मिश्रण है। यहां कुछ प्रमुख आकर्षणों में शामिल हैं दिउ फोर्ट, नैदा गुफाएं और सेंट पॉल चर्च आदि। जब आप इस शहर में हों तो नागोया बीच व घोघला बीच न जाना भूलें। यहां पर्यटक वाटर स्पोर्ट्स का भी आनंद लेते हैं। एक समय था जब कर्नाटक के गोकरण के बारे में कम लोग जानते थे, लेकिन आज यह तटीय मंदिर शहर गोवा के विकल्प के रूप में उभर गया है। यहां आपको वर्जिन बीच देखने पर आश्चर्य होगा जैसे ओम बीच व कुदले बीच। ट्रेकिंग के लिए भी गोकरण एकदम परफेक्ट है और यहां अनेक योगा रिट्रीट्स भी हैं, जिनसे आध्यात्मिकता व एडवेंचर का परफेक्ट संगम हो जाता है।

गुजरात के कच्छ क्षेत्र में मांडवी गजब का शाहकार है जो अपनी मांडवी बीच और 16वीं शताब्दी के विजय विलास पैलेस के लिए जाना जाता है। इस शहर में ठहरने की शांत जगह हैं। इसके लकड़ी के परम्परागत धो (पाल वाली नौका) इस क्षेत्र की समुद्री विरासत का प्रतीक हैं। भारत का सबसे दक्षिण सिरा कन्याकुमारी है जहां अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिन्द महासागर आपस में मिलते हैं। यह शहर अपने सूरज के उगने व डूबने के नजारों और समुद्रों के संगम के लिए विख्यात है। हालांकि यहां देखने को बहुत कुछ है, लेकिन पर्यटक विशेषरूप से विवेकानंद रॉक मेमोरियल और थिरुवल्लुवर मूर्ति के दर्शन करने के लिए जाते हैं। कर्नाटक में एक अन्य हीरा मालपे जो उडुपी के निकट है और अपनी गोल्डन बीच और मंत्रमुग्ध करने वाले सेंट मैरी द्वीप के लिए विख्यात है। इसका साफ पानी पैरासेलिंग, जेट स्कीइंग व बोटिंग के लिए आदर्श है। ताजा सी-फूड, विशेषकर उडुपी पकवान, इस शहर के आकर्षण को बढ़ा देते हैं। मालपे का शांत वातावरण इसे व्यस्त पर्यटक केन्द्रों से अलग खड़ा कर देता है।

केरल में अरब सागर को देखता हुआ केरल का वर्कला शहर बीच प्रेमियों के लिए विशिष्ट जगह है। इसका पापनासम बीच अति पवित्र समझी जाती है और माना जाता है कि इसमें पवित्र जल है। चट्टानों की तरफ सुंदर कैफे, दुकानें और योगा केंद्र हैं। जो लोग अध्यात्मिक स्पर्श के साथ प्राकृतिक सौन्दर्य की तलाश में हैं उनके लिए यह आदर्श जगह है, जिसमें तटीय आकर्षण के साथ शांति भी है और इसलिए पर्यटकों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।

आपकी बात

शहरों में बढ़ेगा वायु प्रदूषण

देश में मानसूनी वर्षा का क्रम जारी है और इससे प्रदूषण से राहत है। लेकिन सितम्बर के आखिर या अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में जब मानसून वापस हो जायेगा और वर्षा रुक जायेगा, तो शहरों में तेजी से प्रदूषण बढ़ने लगेगा। हालत इतनी गंभीर हो जायेगी नवंबर-दिसम्बर में उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में लोगों का दम घुटने लगेगा। प्रदूषण के कारण शहरों में बुजुर्गों का सांस लेना दूभर हो गया है। बच्चे, युवा और कामगार वर्ग दूषित हवा से बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों का तांता है और स्कूल से लेकर निर्माण गतिविधियों तक पर पाबंदी लगा दी गयी है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है इसलिए इसकी चर्चा कुछ अधिक है, लेकिन अगर दिल्ली से इतर अन्य शहरों की बात करें, तो उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में अक्टूबर से फरवरी तक, तीन-चार महीनों तक सांस लेना दूभर हो जाता है। इससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, लोग खांसी, गले की खरास, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, एंजाइटी आदि की गिरफ्त में हैं और सबसे गंभीर बात यह है कि अत्यधिक वायु प्रदूषण के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा कम हो गयी है। दिल्ली में लोगों की जिंदगी 12 वर्ष कम हो गयी है, तो उत्तर भारत के तमाम अन्य शहरों में भी प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य और उम्र प्रभावित हो रही है।

इस गंभीर संकट पर भी अगर देश में जमकर राजनीति होती है, तो यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि देश की राजनीति अब जनहित के बजाय जनप्रिय हो गयी है। और एक बात सबको दिमाग में बैठा लेना चाहिए कि लोकप्रिय राजनीति हमेशा लोकहित की राजनीति नहीं होती है। कहा जाता है कि अच्छी बात प्रायः कड़वी होती है। इसी तरह सरकार के अच्छे फैसले प्रायः शुरूआत में तकलीफ देते हैं लेकिन लंबे समय में यह व्यापक जनहित के वाहक बनते हैं। आज अगर दिल्ली से लेकर पटना तक, हवा खराब है। शहरों में धुंआ और धूल का जहरीला मिश्रण सीधे हमारे फेफड़े तक पहुंच रहा है, तो इसके लिए कहीं न कहीं लोकहित की राजनीति से सियासत का मुंह मोड़ना और हर वक्त चुनावी फायदे के लिए लोकप्रिय राजनीति में धंसे रहना है। दिल्ली में तो लोकप्रिय राजनीति इतनी अधिक हुई है कि दक्षिण भारत की राजनीति भी अब उसके आगे शर्माती है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्रीस बस यात्रा, फ्री तीर्थ यात्रा, जैसी योजनाओं की दिल्ली में इतनी अधिक जरूरत शायद नहीं थी। दिल्ली सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाली सिटी है। यहां फ्री के बजाय अगर सरकार संसाधनों का निवेश ट्रैफिक सिस्टम को बदलने में, सड़कों को दुरुस्त करने में, कंस्ट्रक्शन गतिविधियों के लिए वाजिब प्रोटोकॉल विकसित करने और पराली प्रबंधन के लिए ठोस पहल की गयी होती, तो आज दिल्ली में दमघोंटू हवा का इतना संकट नहीं होता। विकास करने वाले बहुत से देशों में इस तरह का संकट आया है। अमरीका का लॉस एंजलिस जहां हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग होती है, कभी हॉलीवुड का यह हॉर्टस्थल भी गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में था। अब जरूरत इस बात की है कि शहरों की हवा शुद्ध करने के लिए गंभीर प्रयास हों।

चन्द्र प्रकाश वर्मा, लखनऊ.

सड़कों पर सावधानी जरूरी

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। इसे रोकने की पहल करनी होगी।

विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

जनपद को मिली 53126 बैग यूरिया उर्वरकः जिला कृषि अधिकारी

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद बहराइच को चिलवरिया रैक प्वाइन्ट से 53126 बैग यूरिया उर्वरक प्राप्त हुई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा चिलवरिया रैक प्वाइन्ट पर प्राप्त इफको यूरिया बैग का अवलोकन किया गया। तदोपरांत जिला कृषि अधिकारी एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक इफको द्वारा समस्त यूरिया उर्वरक रैक पॉइंट से सीधे रिटेलर्स एवं कोऑपरेटिव समिति को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी जनपद में प्राप्त उर्वरक के अतिरिक्त, 4036 मैट्रिक टन यूरिया, 5271 मैट्रिक टन डीएपी, 2883 मैट्रिक टन एनपीके एवं 11845 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। डॉ. यादव ने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 32416 बोतल नैनो डीएपी एवं 19765 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। उन्होंने जिले कृषकों को सुझाव दिया है कि डीएपी के साथ-साथ नैनो डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट ट्रिपल सुपर फास्फेट का भी प्रयोग करें, इसकी भरपूर मात्रा जनपद में उपलब्ध है। उन्होंने कृषकों को आश्वस्त किया है कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी।

फतेहगंज में पूर्व की तरह ही सजेगी दुर्गा पूजा

अयोध्या। श्री राम जानकी मंदिर फतेहगंज में पूर्व की भांति ही दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन होगा। प्रशासन द्वारा मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर में पड़े मलबे को हटाया जाए, जिससे झांकी की सजावट का कार्य प्रारंभ हो सके। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मौजूद रहे। बैठक में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, गल्ला व्यापार मंडल के आनंद अग्रवाल, गौरी शंकर, नीरज सिंघल, राजेश बंसल, ललित,निक्की, एवं नवयुवक क्रांतिकारी संघ सेवा ट्रस्ट के संरक्षक अशोक अग्रवाल, सुभाष यादव आदि लोग मौजूद रहे।

84 कोसी,14 कोसी, पंचकोसी व रिंग रोड पर बैठक

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में 84 कोसी, 14 कोसी, पंचकोसी व रिंग रोड के सम्बंध में बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार बीकापुर को अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के आदेश दिये। उपजिलाधिकारी बीकापुर को बकाया भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने बैठक में अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड-03 व निर्माण खण्ड-04 को कार्य में शिथिलता पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य को परिक्रमा से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही नेशनल हाईवे के सम्बंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने हेतु कहा गया है। इसी के साथ जिलाधिकारी द्वारा रिंग रोड की समीक्षा करते हुये सम्बंधित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि रिंग रोड की अतिरिक्त भूमि हेतु ग्रामों की आने वाली भूमि का सम्पत्ति मूल्यांकन शीघ्र कराया जाय। जिलाधिकारी द्वारा लंबित पत्रावलियों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया, जिससे उक्त दोनों मार्गो के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सकें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पोर्टल पर डाटा फीड करने के साथ मॉनिटरिंग करने के निर्देश

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के फ्लैगशिप प्रोजक्टों की माह जुलाई 2025 की जारी रैंकिंग के आधार पर विकास कार्य सम्बंधी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी, जिसमें सभी अधिकारियों को बैठक में तैयारी से आने तथा माह के अंतिम सप्ताह में पोर्टल पर डाटा फीड करने के साथ साथ उसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि छात्रों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने उपनिदेशक पर्यटन को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो की प्रगति के अनुसार सूची तैयार करते हुये कार्य में 90 प्रतिशत पूर्ण कार्यो को तेजी से कराया जाय। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सामूहिक विवाह की तैयारियों को समय पर पूर्ण कराते हुए निर्धारित तिथियों में आयोजन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके साथ साथ उद्यान विभाग, कृषि विभाग, एनआरएलएम, मनरेगा, आवास, ग्राम विकास, मनरेगा, जल निगम, पर्यटन, नगर निगम, राजकीय निर्माण निगम, आवास विकास परिषद, सेतु आदि विभागों की विस्तृत समीक्षा की।

दो उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि किसानों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई कि मौर्य खाद भण्डार सुजौली द्वारा उर्वरक को निर्धारित दर से अधिक दर पर बेचा जा रहा है और वितरण कृषकों को नहीं किया जा रहा है। किसानों की ओर से प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से मौर्य बीज भंडार का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि इसके साथ ही मटेरा में स्थित उर्वरक विक्रेता हैदर खान के स्टॉक में अनियमित पाये जाने के कारण उनका भी लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है साथ ही 02 अन्य उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता ई-पॉस मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन प्रतिदिन अद्यतन कर उर्वरक की बिक्री करें। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में आज यूरिया उर्वरक प्राप्त हुई है जिसे सभी समितियां पर भेजा जा रहा है।

एआटीओ दफ्तर में होगी डिजिटल पेमेंट सुविधा

- रोड टैक्स, जुर्माना , अन्य शुल्क का पीओएस मशीन से कर सकेंगे ऑनलाइन भुगतान
- वाहन स्वामियों को कार्यालय में नकदी लाने की समस्या से मिलेगा छुटकारा

बाराबंकी। वाहन चालकों को एआरटीओ में टैक्स या जुमार्ना भरने के लिए कैश लेकर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब परिवहन विभाग में नगद, डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भी टैक्स का डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए कैश काउंटर पर पीओएस (पेमेंट ऑन स्पॉट) मशीन लगा दी गई है। परिवहन विभाग में अब तक रोड टैक्स, जुमार्ना और अन्य शुल्क का भुगतान नकद ही लिया जाता था। अब वाहन चालकों को चालान कटने पर नकद लेन-देन की बजाय मौके पर ही क्रेडिट या डेबिट कार्ड से जुमार्ना या टैक्स भुगतान की सुविधा मिलेगी। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि विभाग में अब तक रोड टैक्स, जुमार्ना और अन्य शुल्क का भुगतान नकद ही लिया जाता था। लेकिन प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों के जरिए कार्ड से पेमेंट की सुविधा शुरू की जा रही है। अब जनपद मे चालान कटने पर नकद लेन-देन की बजाय मौके पर ही क्रेडिट या डेबिट कार्ड से जुमार्ना या टैक्स भुगतान की सुविधा मिलेगी। जिससे नगद के साथ डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भी टैक्स का डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए पीओएस मशीन लगा दी गई है। .अब कार्यालय में आने वाले लोग अपने टैक्स या जुमार्ने का भुगतान अपने कार्ड व क्यूआरकोड़ स्कैनर से पीओएस मशीन के माध्यम से कर सकेंगे। साथ ही चेकिंग के दौरान चालान होने पर मौके पर ही कार्ड से भुगतान करने की सुविधा लोगों को मिलेगी। अब लोगों को अपना टैक्स जमा करने के लिए कार्यालय में नकदी लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे यहां आसानी से डिजिटल भुगतान कर सकते हैं।

जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनता दर्शन के दौरान भूमि विवाद, पेंशन, आवास, विद्युत, स्वास्थ्य एवं राजस्व संबंधी आदि शिकायतें आयी थीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

महिला चिकित्सक से मारपीट के आरोप में दो पर केस दर्ज

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर क्षेत्र में एक महिला चिकित्सक से मारपीट करने और उसका वीडियो बनाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पार्क व्यू गौर सिटी निवासी डॉ. सुमन सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है और आरोपियों में से एक महिला चिकित्सक का परिचित है। दनकौर थाना प्रभारी मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना 17 अगस्त की है, जब आरोपियों में से एक नितिन भाटी ने महिला को मिलने के लिए बुलाया था। थाना क्षेत्र के एक ढाबे के पास दोनों बातचीत कर रहे थे, तभी मोहित भाटी भी वहां पहुंचा और उसने महिला से अभद्रता शुरू कर दी। जब महिला चिकित्सक ने इसका विरोध किया, तो नितिन ने उसे पीटना शुरू कर दिया और मोहित इस घटना का वीडियो बनाने लगा। महिला ने दोनों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

चंदौली में विवाद के बाद पत्नी की हत्या

चंदौली। जिले में मंगलवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर मामूली विवाद के बाद फावड़े से हमला कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के बथावर गांव की है। उसने बताया कि भगवान दास यादव का अपनी पत्नी कीमकला देवी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद उसने कीमकला पर फावड़े से वार कर दिया। सकलडीहा पुलिस क्षेत्राधिकारी स्नेहा तिवारी के मुताबिक, महिला की मौके पर ही मौत हो गई और वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। महिला की मां ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि आरोपी चाहता था कि कीमकला मायके की जमीन को अपने नाम करवा ले जिसका विरोध करने पर भगवान दास ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। भगवान दास हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और पंचायत सदस्य भी है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। सकलडीहा पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को टक्कर मारी, एक की मौत

इटावा। जिले में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि यह घटना सुबह आगरा-कानपुर छह लेन राजमार्ग पर इकदिल थाना क्षेत्र के जगमोहनपुरा गांव के पास हुई। जगमोहनपुरा निवासी बृजेश कुमार (32) और ग्राम प्रधान के पति रामकेश सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे, जबकि कुमार की मोटरसाइकिल पास में ही खड़ी थी। उन्होंने बताया कि तेज गति से आ रही एक कार ने नियंत्रण खो दिया और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कुमार और उनकी मोटरसाइकिल कई फुट दूर एक खेत में जा गिरे, जबकि रामकेश सड़क किनारे एक खाई में गिर गया। पुलिस ने बताया कि कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मेटा के अलर्ट पर पुलिस ने युवक को आत्महत्या से बचाया

कौशाम्बी। कौशाम्बी जिले में इंस्टाग्राम पर जहर खाकर आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट डालने वाले 20 वर्षीय युवक को पुलिस ने मेटा से अलर्ट मिलने के बाद समय रहते बचा लिया। पुलिस ने बताया कि पिपरी थाना अंतर्गत औधन गांव निवासी वेद कुमार पाल ने 18 अगस्त को एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें ज़हर की एक शीशी दिखाई दे रही थी और शीर्षक लिखा था," आज रात मैं यह ज़हर पी लूंगा और मेरी कहानी यहीं खत्म होगी। मेटा ने इस पोस्ट को फ्लैग किया और वीडियो, मोबाइल नंबर और लोकेशन की जानकारी लखनऊस्थित उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के साथ साझा की। इसके बाद यह जानकारी कौशाम्बी पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को दी गई, जिसने पिपरी थाने को सूचित किया। मेटा सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम व फेसबुक की मूल कंपनी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस की एक टीम युवक के घर पहुंची और उसे समय रहते बचा लिया। उसकी काउंसलिंग की गई और बाद में उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया। काउंसलिंग के दौरान, पाल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने पिता द्वारा खेतों में इस्तेमाल किए जा रहे कीटनाशक की बोतल का ढक्कन उठाया था और बिना किसी गंभीर इरादे के इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया था ||युवक ने लिखित और मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि वह दोबारा ऐसा व्यवहार नहीं करेगा। अधिकारियों ने बताया कि उसके परिवार ने पुलिस की त्वरित कार्वाई के लिए उनका धन्यवाद किया।

मेरठ में सेना के जवान से मारपीट के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

मेरठ । जिले में एक टोल प्लाजा पर सेना के एक जवान के साथ टोल कर्मचारियों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह गिरफ्तारी सोमवार रात की गई और इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल कंपनी पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह घटना रविवार को सरूरपुर इलाके के भूनी टोल प्लाजा पर उस वक्त हुई, जब गोटका गांव के निवासी कपिल छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहे थे। टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार थी और जल्दी निकलने को लेकर कपिल की टोलकर्मियों से कहासुनी हो गयी जिसके बाद विवाद बढ़ने पर टोलकर्मियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जवान पर हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जवान के पिता कृष्णपाल की शिकायत के आधार पर थाना सरूरपुर में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर सोमवार दिन में पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और देर रात एक अन्य आरोपी को भी पकड़ लिया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से इन सभी की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सचिन, विजय, अनुज, अंकित, सुरेश राणा, अंकित शर्मा और नीरज तलियान उर्फ बिट्टू शामिल हैं और सभी को अदालत में पेश किया जाएगा। मिश्रा ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। एनएचएआई के बागपत क्षेत्रीय कार्यालय के परियोजना निदेशक नरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में टोल कंपनी की गंभीर लापरवाही पाए जाने पर उस पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी को दो दिन में जवाब देना होगा, अन्यथा उसका अनुबंध रद्द कर भविष्य में किसी भी टोल प्लाजा का ठेका लेने से रोक दिया जाएगा।

गोवा में सम्मानित हुए होम्योपैथिक चिकित्सक

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा क्षेत्र के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक ब्रह्मपुर निवासी डॉ सुरेश द्विवेदी को गोवा में आयोजित अखिल भारतीय होम्योपैथिक शिखर सम्मेलन-5 में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान साक्ष्य आधारित अनुसंधान के लिए दिया गया। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर और प्रख्यात गायक अल्ताफ राजा ने भी डॉक्टर द्विवेदी के प्रयासों की सराहना की। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से गोवा में हुए शिखर सम्मेलन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि होम्योपैथी केवल चिकित्सा का विज्ञान नहीं बल्कि विश्वास, करुणा और मानवता का संगम है। इस उपलब्धि पर प्रद्युम्न द्विवेदी, प्रदीप पांडेय, श्रीभागवत मिश्र, बालेंदु द्विवेदी, बालकिशोर द्विवेदी, कैलाश द्विवेदी, उमेश द्विवेदी, निशिथ द्विवेदी, विमल द्विवेदी, विनय द्विवेदी,जगन्नाथ द्विवेदी, सर्वेश द्विवेदी, युगेश द्विवेदी, गिरीश द्विवेदी,गायक सुजीत सहित तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

डीएम ने की नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक

- स्वच्छता रैंकिंग सुधार, कल्याण मंडप व तालाब सुंदरीकरण पर विशेष बल दिये जाने को लेकर किया निर्देशित

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर विकास विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने नगर स्वच्छता समेत विभिन्न श्रेणियों में आने वाली रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर करने, सभी निकाय गंभीरता से कार्य करने, स्वच्छता के प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध प्रगति दर्ज करने, फील्ड स्तर पर किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने, सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा व अतिक्रमण की स्थिति मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्यवाही कर जुमार्ना वसूलने, नगर निकायों में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने, निमार्णाधीन कल्याण मंडपों की प्रगति पर विशेष जोर दिये जाने को लेकर अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर बोलते हुए कहा कि प्रत्येक निकाय अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों पर विशेष ध्यान दे। किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए तथा तालाबों को सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य किए जाएं। जिलाधिकारी ने बकाया वसूली को प्राथमिकता पर लिये जाने और किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाने समेत सभी नगर निकाय अपने-अपने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर विवेकशील, नगर पालिका परिषद नवाबगंज अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला समेत नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

कल आयोजित होगा रोजगार मेला

बहराइच । प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में 21 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 06 नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या राजकीय आईटीआई स्मृति शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई, डिप्लोमा व बी-टेक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ कक्षा 08, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु एमआरएफ टायर कम्पनी, आरआर ग्लोबल, रामरतन इन्फ्रास्ट्रक्चर, टोयटा मोटर, क्वैशकार्प तथा सिसका एलईडी द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार वेतनमान मिलेगा।

टाइम-लैप्स कैमरों में रिकॉर्ड किया गया राम मंदिर का निर्माण

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पांच अगस्त 2020 को आधारशिला रखे जाने के बाद शुरू हुए राम मंदिर निर्माण की पूरी प्रक्रिया को स्थल पर लगाए गए पांच टाइम-लैप्स कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि टाइम-लैप्स कैमरा एक ऐसा कैमरा होता है जो किसी घटना या दृश्य की तस्वीरें बहुत धीरे-धीरे (जैसे हर कुछ सेकंड, मिनट या घंटों में) खींचता है और फिर उन तस्वीरों को जोड़कर एक वीडियो बनाता है। निर्माण पूरा होने तक की पूरी यात्रा को रिकॉर्ड करने के लिए कैमरे लगाने वाले राम मंदिर न्यास ने इन रिकॉर्डिंग को बौद्धिक संपदा अधिकार घोषित कर दिया है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इन्हें एक समझौते के तहत केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की को दिए जाएंगे, ताकि इस सामग्री का इस्तेमाल पढ़ाई, प्रशिक्षण और मंदिर के निर्माण पर वृत्तचित्र बनाने के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें खुदाई और मिट्टी परीक्षण से लेकर प्रस्तावों और चरणबद्ध निर्माण तक, हर चीज का दस्तावेजीकरण किया जाएगा।

ठाकुर जी के नाम जमीन को कूट रचित तरीके से बेचने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

सरहरी ,गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र ग्राम सभा सरहरी स्थित ठाकुर जी मंन्दिर के नाम राय साहव सरहरी के परिवारीजनो द्वारा ठाकुर जी के नाम कर दिया गया था। मगर वर्षो बाद राय साहव सरहरी के मौजूदा लोगो द्वारा पहले उक्त जमीन पर भट्ठे का कारोबार शुरू कर ब्यवसाय शुरू करने के पश्चात अब कूट रचित तरीके से कुछ जमीन जमीन कारोबारियो के हाथ बेचने पर ग्रामीणो का गुस्सा फूट गया। परिणाम स्वरूप दर्जनो ग्रामीण प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया। मंगलवार को पूर्वान्ह ग्राम सभा मंगलपुर के छोटी कोइलहिया स्थित काली मंदिर के प्रागण में ग्राम सभा के दर्जनो ग्रामीण इकट्ठे हो कर राय परिवार के द्वारा ठाकुर जी के नाम की जमीन को कारोबारियो के हाथो बेचने पर नारेबाजी कर अपने गुस्से का इजहार किया ग्राम सभा के एक समाज सेवी बिन्देश निषाद ने बताया कि राय साहब स्टेट के पूर्वजो द्वारा ठाकुर जी के नाम 7.96 50 हे० जमीन कर दी गयी थी। राय साहव सरहरी के परिजनो द्वारा पहले ठाकुर जी के जमीन पर ईट भट्ठा ब्यापार शुरू किया गया। अब उसी जमीन के लगभग एक एकड़ जमीन कारोबारियो के हाथ बेच दिया गया। जमीन कारोबारी जब उक्त जमीन की बाउंड्री करना शुरू किये तो तब जाकर असलियत का पता चला। ग्रामीणो ने तत्काल लिखित सूचना देकर जिलाधिकारी , मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से मुख्य मंत्री एवं अन्य सम्बन्धित को सूचित करने के पश्चात कुछ कार्यवाही न होने पर बिरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसमें गाँव के तमाम लोग उपस्थित रहे।

जिले के पत्रकारों को अमरनाथ यात्रा करायेगी समिति

- अमरनाथ यात्रा मार्ग पर दूसरी सर्वाधिक ऊंचाई पर समिति लगाती है भंडारा
- अमरनाथ गुफा के प्रसाद से तैयार हो रहा भंडारे का प्रसाद, भंडारा आज

बाराबंकी। अमरनाथ यात्रा का समापन हो चुका है। जनपद के लिए गर्व का विषय है कि श्री बफार्नीश्वर महादेव सेवा समिति को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एवं विपरीत परिस्थितियों में भी समिति सदस्यों द्वारा की जा रही सेवा की प्रशंसा करते हुये पहली बार नहीं इससे पूर्व भारतीय सेना द्वारा समिति को सम्मानित किया जा चुका है। उक्त उद्गार नगरपालिका प्रांगण मे श्री बफार्नीश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता मे समिति प्रधान/अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने मीड़िया से रुबरु होते हुये कही। प्रेस वार्ता मे समिति अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा अमरनाथ यात्रा मार्ग पर पर 12वा भंडारे का आयोजन किया गया। इसके उपरांत समिति के सेवाभाव को देखते हुए जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा कटरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। उन्होने आगे बताया कि अमरनाथ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले तमाम भंडारों को प्रशासन ने अव्यवस्थाओं एवं सुरक्षा कारणों एवं मानक पूरा न करने के चलते रोक दिया था। लेकिन समिति के सेवादारों के द्वारा की गई व्यवस्था इतनी पूर्ण रही की अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने जनपद की समिति द्वारा लगाए गए भंडारे को अनवरत जारी रखा। उन्होने आगे बताया कि इसके पूर्व वर्ष 2013 और 2014 में भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट और महार रेजिमेंट द्वारा और वर्ष 2016 में तत्कालीन राज्यपाल एन0 एन वोहरा द्वारा समिति को सम्मानित किया जा चुका है। समिति अध्यक्ष ने आगे बताया कि अमरनाथ गुफा बंद हो जाने के उपरांत समिति सदस्य भंडारे का समापन कर जनपद आ चुके हैं। तथा सभी सदस्य अगले वर्ष अमरनाथ यात्रा में लगने वाले भंडारे को भव्य बनाने के लिए फिर से तत्पर हो गए हैं। समिति के सभी सेवादारों के सकुशल जनपद आगमन के उपरांत रुद्राभिषेक का आयोजन कर अमरनाथ गुफा के प्रसाद को सेवादार श्रद्धालुओं को पहुंचाने की जिम्मेदारी भी यह समिति उठाती है। जिसके चलते अमरनाथ गुफा के मुख्य प्रसाद को मिश्रित कर भंडारे का प्रसाद निर्मित कराया जाता है। इस भंडारे का आयोजन विधिवत पूजा अर्चन के उपरांत 20 अगस्त दिन बुधवार को नगर पालिका प्रांगण में किया जाएगा। समिति सदस्य राजेश अरोड़ा बब्बू ने बताया कि जो भी पत्रकार बंधु अमरनाथ यात्रा करना चाहते है। वह अग्रिम वर्ष यात्रा जाने के लिए समिति के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

फोरलेन पर अतिक्रमण से दुर्घटना की आशंका



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के मजूरी चौराहे पर फोरलेन पर अवैध रूप से हुआ अतिक्रमण दुर्घटना को दावत दे रहा है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग किया है। मजूरी गांव के सामने चौराहे कुछ लोग सड़क की पटरी पर अवैध अतिक्रमण कर दुकान खोल लिया है। शाम को इन दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रहती है। शाम को भीड़ बढने पर लोग सड़क पर ही ब्रेंच लगाकर बैठते हैं। भीड़ भाड़ के दौरान फोरलेन से जाने वाले बड़े वहान चालक अगर थोड़ी सी लापरवाही की तो बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग किया है।

गरीबों के मसीहा थे रायबरेली के रॉबिनहुड

हिम्मत, निडरता और जनसेवा की मिसाल थे पूर्व विधायक अखिलेश सिंह

हरीषा नन्द मिश्र

रायबरेली। रायबरेली के रॉबिनहुड और गरीबों के मसीहा पूर्व विधायक व जननायक अखिलेश सिंह की कहानी हिम्मत, निडरता और जनसेवा की मिसाल है। 15 सितंबर 1959 को लम्बरदार धुन्नी सिंह के पुत्र के रूप में जन्मे अखिलेश सिंह ने न केवल रायबरेली, बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी अमिट छाप छोड़ी। पांच बार (1993 से 2017 तक) रायबरेली सदर से विधायक रहे अखिलेश सिंह ने अपने राजनैतिक और सामाजिक जीवन में जनता की आवाज बनकर दलितों, पिछड़ों और वंचितों के लिए संघर्ष किया। उनकी बेटी अदिति सिंह आज उनके नक्शेकदम पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी से सदर विधायक के रूप में क्षेत्र का विकास और जनता की सेवा कर रही हैं।

प्रारंभिक जीवन और राजनैतिक सफर

अखिलेश सिंह का जन्म रायबरेली में एक समाजसेवी परिवार में हुआ। उनके पिता धुन्नी सिंह की समाजसेवा की भावना ने अखिलेश को जनता के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा दी। अपनी प्रखर वक्तत्व शैली, निडरता और आम जनमानस के प्रति संवेदनशीलता के कारण वे जल्द ही जनता के बीच लोकप्रिय हो गए। 1993 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने पहली बार रायबरेली सदर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने लगातार 1993, 1996, 2002, 2007 और 2012 में विधायक के रूप में जनता की सेवा की। अपने राजनैतिक करियर में उन्होंने कांग्रेस, निर्दलीय और पीस पार्टी जैसे विभिन्न मंचों से चुनाव लड़ा, लेकिन उनकी जनसेवा की भावना कभी कम नहीं हुई।

जनता के मसीहा की थी छवि : अखिलेश सिंह को जनता के बीच एक बाहुबली नेता के रूप में भी जाना जाता था, लेकिन यह छवि उनकी निडरता और अन्याय के खिलाफ डटकर मुकाबला करने की हिम्मत से बनी। चाहे वह गरीबों के हक की लड़ाई हो या सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना, अखिलेश सिंह हमेशा आगे रहे। उनके समर्थक उन्हें रॉबिनहुड कहते थे, क्योंकि वे गरीबों और वंचितों के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लोग उन्हें न केवल एक नेता, बल्कि अपने परिवार के सदस्य की तरह मानते थे। जेल में रहते हुए उन्होंने विधान सभा का चुनाव जीता था। उनकी सादगी, जनता के साथ सीधा संवाद और उनकी समस्याओं को हल करने की तत्परता ने उन्हें जन-जन का प्रिय बना दिया। अखिलेश सिंह का पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ भी करीबी रिश्ता रहा। उनकी राजनैतिक सूझबूझ और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें कांग्रेस के महत्वपूर्ण नेताओं में शामिल किया। हालांकि, बाद में उन्होंने निर्दलीय और अन्य दलों के साथ भी अपनी राजनैतिक यात्रा को आगे बढ़ाया।

पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढा रही हैं अदिति सिंह

अखिलेश सिंह ने न केवल अपने कार्यों से जनता का दिल जीता, बल्कि अपनी बेटी अदिति सिंह को भी राजनीति में जनसेवा की प्रेरणा दी। उन्होंने अदिति को जनता की आवाज बनने के लिए तैयार किया और 2017 में अदिति सिंह ने रायबरेली सदर सीट से विधायक का चुनाव जीता। आज अदिति सिंह भारतीय जनता पार्टी की निडर, कर्मठ और ईमानदार विधायक के रूप में अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सक्रियता ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया है। लंबे समय तक जनता की सेवा करने वाले अखिलेश सिंह को अपने जीवन के अंतिम वर्षों में गंभीर बीमारी का सामना करना पड़ा। 20 अगस्त 2019 को लखनऊ के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनके निधन से न केवल रायबरेली, बल्कि पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी कमी को आज भी उनके समर्थक और क्षेत्र की जनता महसूस करती है। अखिलेश सिंह का जीवन और उनकी राजनैतिक यात्रा एक प्रेरणा है। उन्होंने दिखाया कि सच्ची जनसेवा और निडरता के साथ समाज में बदलाव लाया जा सकता है। उनकी बेटी अदिति सिंह आज उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए रायबरेली के विकास के लिए काम कर रही हैं। अखिलेश सिंह का नाम रायबरेली के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उनकी निडरता, जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण उन्हें हमेशा जनता के दिलों में जिंदा रखेगा। उनकी विरासत को उनकी बेटी अदिति सिंह और उनके अनुयायी आज भी जीवित रखे हुए हैं।

कूट रचित प्रमाण पत्र से सगे भाई ने हड़पी बीमा राशि, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कूट रचित प्रमाण पत्र के सहारे सगे भाई ने अपने भाई की कृषक दुर्घटना कल्याण बीमा की पांच लाख रुपए प्राप्त कर लिया है। मामले में जांच के बाद हल्का लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर बीरी गांव के राम केदार पुत्र हिनई की मृत्यु हो गई थी। आरोप है कि उनके सगे भाई ने कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत कर कृषक दुर्घटना कल्याण बीमा की पांच लाख रुपए अवैध ढंग से प्राप्त कर लिया है। मामले में मृतक के पुत्र राम मिलन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर शिकायत की थी। जिसमें एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने तहसीलदार, बीडीओ एवं नायब तहसीलदार दोस्तपुर की संयुक्त टीम गठित कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। टीम ने 13 अगस्त को प्रेषित जांच आख्या में कहा है कि राम लगन मौर्य ने प्रस्तुत परिवार रजिस्टर की नकल दिनांक 18 जनवरी 2025 को फर्जी तथा कूट रचित बनाया गया था। विधि विरुद्ध दुर्घटना बीमा की धनराशि हासिल की थी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि सोमवार को हल्का लेखपाल अकरम हुसैन की तहरीर पर मृतक के सगे भाई राम लगन मौर्य के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

जमीनी विवाद को लेकर दंपती व उसके बेटे को विपक्षियों ने पीटा

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने दंपति एवं उसके बेटे को मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई। कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा गांव की चमेला देवी पत्नी अमरजीत का विपक्षियों से जमीनी रंजिश चल रही है। सोमवार को सुबह लगभग दस बजे जब वह अपने खेत से घर आ रही थी। आरोप है कि तभी विपक्षियों ने रास्ते में उनको गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लात घुसो से जमकर मारा पीटा। इसके बाद विपक्षी घर में घुसकर रखे सामानों को तोड़फोड़ डाला। समान तोड़ने से मना करने पर पति अमरजीत यो बेटे संजय को भी मारा पीटा, जिससे तीनों को काफी चोट आई। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही विवेक, विकास एवं सुनीता देवी के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

यूनिफार्म पाकर खिल उठे नौनिहालों के चेहरे

अमेठी। कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात प्राथमिक विद्यालय देवार देवकली में समस्त छात्रों को नये कलेवर के यूनिफार्म वितरित किये गए। नई यूनिफॉर्म वितरण के बाद विद्यालय के बच्चों के चेहरे खिल उठे, विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है लिहाजा बच्चे अच्छी मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें जिससे आगे दिक्कत ना हो। इस मौके पर राजेश कुमार तिवारी, आशीष कुमार, श्रीमती रोली सिंह, श्री राम कुमार गुप्ता, राजेश कुमार शुक्ल, सुमन शर्मा आंगनबाड़ी, ज्ञान प्रकाश शुक्ला सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही।

प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन, ट्रायल्स कार्यक्रम घोषित

अमेठी। उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला एवं मंडल स्तर पर चयन/ट्रायल्स की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला स्तर पर ट्रायल्स का आयोजन 21 अगस्त 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में होगा। इसके बाद मंडल स्तर पर ट्रायल्स 22 अगस्त को जनपद अयोध्या में संपन्न होंगे। चयनित खिलाड़ियों के बीच प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 अगस्त तक जिला खेल कार्यालय, मथुरा में किया जाएगा। उपक्रीड़ाधिकारी ने बताया कि चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक बालिकाओं को दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आयु प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रतिभागी खिलाड़ी की जन्मतिथि 1 जनवरी 2012 के बाद की होनी चाहिए।

स्कूल के लिए दान में दी गयी 15 बिस्वा भूमि भी प्लॉटिंग कर बेच डाली, जांच में हुआ खुलासा

आगरा। हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां स्कूल के लिए दान गई जमीन में प्लॉटिंग कर दी गई। इस जमीन को बेच दिया गया। मजिस्ट्रेट जांच में पूरे मामले का खुलासा हो गया है। स्कूल के लिए दान की गई 15 बिस्वा भूमि प्रबंधक ने प्लॉटिंग कर बेच दी। मजिस्ट्रेट की संयुक्त जांच में खुलासा होने के बाद डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईओएस ने संपत्ति खुर्दबुर्द करने के आरोप में स्कूल की प्रबंध समिति भंग करने की सिफारिश संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजी है। मामला फतेहाबाद स्थित इरादतनगर के सार्वजनिक इंटर कॉलेज का है। लटीपुरा निवासी सुदेव ने हाईकोर्ट में प्रत्यावेदन देकर प्रबंध समिति पर अनियमितता के आरोप लगाए। दान की गई भूमि को अवैध ढंग से बेचने, फर्जी नियुक्तियां करने और दान की भूमि पर कृषि से आय अर्जित करने के गंभीर आरोप थे। मामला राजस्व से जुड़ा होने के कारण हाईकोर्ट ने डीएम को निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय व जिला विद्यालय निरीक्षक की संयुक्त जांच कमेटी बनाई। कमेटी ने दोनों पक्षों के बयान व साक्ष्य लिए। जांच रिपोर्ट के अनुसार वासुदेव के नाना नेकराम ने तीन बार में कुल 16 बीघा, 9 बिस्वा, 1 बिस्वांसी भूमि दान की थी, जिसमें प्रबंधक ने 15 बिस्वा भूमि प्लॉटिंग कर बेच दी। डीआईओएस चंद्रशेखर का कहना है कि डीएम के आदेश पर प्रबंध समिति के विरुद्ध अपव्यय अधिनियम 1974 की धारा 16डी में कार्रवाई की गई है। संयुक्त शिक्षा निदेशक को रिपोर्ट भेजी है। इसमें प्रबंध समिति को भंग करने और शासन स्तर से कार्रवाई की सिफारिश की गई है। डीएम ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर डीआईओएस को कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

संक्षेप

अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि आज

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा भारत सरकार और उप्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए एक भव्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 20 अगस्त को रायबरेली के कार्यालय विकास खंड अमावां के निकट तकिया चैराहा पर आयोजित होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नेता और पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह की मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा, जो क्षेत्रवासियों के लिए एक भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण होगा। सदर विधायक अदिति सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, लाभ वितरित किए जाएंगे, और क्षेत्रवासियों की शिकायतों का निवारण किया जाएगा।सरकार की योजनाओं का लाभ वितरण, समस्याओं का समाधान, और स्व. अखिलेश सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए शिविर में उपलब्ध योजनाएं और सेवाओ का लाभ प्रदान किया जाएगा।

आगरा में 21 प्रधानों पर भ्रष्टाचार के दाग

आगरा। गांव की सरकार में 21 प्रधानों के दामन पर भ्रष्टाचार के दाग लगे हैं। हैंडपंप रिबोर, नाली-खड़ंजा, आरसीसी निर्माण में वित्तीय अनियमितता के मामले में इनकी जांच चल रही है। आगरा में गांव की सरकार में 21 प्रधानों के दामन पर भ्रष्टाचार के दाग हैं। इनके विरुद्ध हैंडपंप रिबोर, नाली-खड़ंजा, आरसीसी निर्माण आदि में अनियमितता के आरोप हैं। जिनकी जांच चल रही है। ऐसे में आने वाले पंचायत चुनाव में भ्रष्टाचार का मुद्दा तूल पकड़ सकता है। जिले में 690 ग्राम प्रधान हैं। पंचायतीराज विभाग में प्रधानों का लेखा-जोखा होता है। पंचायत चुनाव आते ही गांव-गांव शिकवा-शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। विकास भवन में आई शिकायतों में 21 प्रधानों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। प्रधानों पर लगे आरोपों की जांच पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अधिकारी प्रधानों को बचाने में जुटे हुए हैं। उनकी सही से जांच नहीं हो रही। मिलीभगत भी हो सकती है। उधर, आरोपी इसे चुनावी रंजिश में की गई शिकायत बता रहे हैं। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह का कहना है कि जिला स्तरीय अधिकारियों से जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बरौली अहीर ब्लॉक में ग्राम पंचायत नोबरी, दिगनेर, नैनाना ब्राह्मण, सैंया ब्लॉक में बिरहरु, फतेहाबाद ब्लॉक में बमरौली, सलेमपुर मुड़िया, शमसाबाद ब्लॉक में धनौली कलां और लहर पुर्दी, जगनेर ब्लॉक में सिंगाइच, सरेंधी और नीमेना, खंदौली ब्लॉक में पैंतखेड़ा, पिनाहट में करकौली और रेहा, फतेहपुर सीकरी ब्लॉक में तेहरा रावत और नगला बहरावती, खेरागढ़ में भैंसोन, एत्मादपुर ब्लॉक में बहरामपुर और फतेहाबाद में नगरिया। अछनेरा ब्लॉक में गोपाऊ आदि ग्राम पंचायत के प्रधान पर विकास कार्यों में अनियमितता के आरोपों की जांच चल रही है। ग्राम प्रधानों के विरुद्ध सीधी शिकायत पर जांच नहीं होती। शिकायतकर्ता को शपथपत्र देना पड़ता है। डीएम या सीडीओ स्तर के अधिकारी जांच का आदेश करते हैं। जांच भी जिला स्तरीय अधिकारी से कराई जाती है। आरोप सिद्ध होने पर प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज हो सकते हैं। वित्तीय अनियमितता मिलने पर उनसे सरकारी धन की वसूली होती है। पिछले पांच साल में दो प्रधानों के वित्तीय अधिकार अनियमितता के आरोप सिद्ध होने पर सीज हो चुके हैं।

दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल एसेसमेंट कैंप आयोजित, 10 को मिला प्रमाण पत्र

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। समग्र शिक्षा योजना के तहत स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल एसेसमेंट कैंप 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी पूजा पाठक की देखरेख में हुए इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का परीक्षण किया। कैंप में डॉ. राजेश मिश्र, डॉ. हरेंद्र नाथ और अंबुज मिश्र द्वारा किए गए परीक्षण के उपरांत 10 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिससे अब ये बच्चे विभिन्न शैक्षणिक और सामाजिक योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। वहीं, अन्य 15 बच्चों को बेहतर चिकित्सकीय मूल्यांकन हेतु उच्च चिकित्सा संस्थानों के लिए रेफर किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में दिव्यांग शिक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, दिनेश राम, जय प्रकाश वर्मा और सत्येंद्र का अहम योगदान रहा। साथ ही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणविजय सिंह ने भी सक्रिय सहयोग देकर कैंप की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया। इस तरह के आयोजन समाज में समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं, जो दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होते हैं।

बीएड द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 22 को

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बी एड द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 22 अगस्त को डी एस एम स्कूल में प्रातः 08.00 बजे से सम्पन्न होगी। प्रशिक्षुओं को अपने प्रवेश-पत्र, वार्षिक पाठ योजना के साथ उक्त तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी। यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने दी।

यूरिया की किल्लत से किसानों की परेशानी जारी, सैकड़ों किसान लौटे निराश

गोसाईगंज, सुलतानपुर। जिले के किसानों को यूरिया खाद के लिए लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है। पर्याप्त आपूर्ति न होने से किसानों को सरकारी केंद्रों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। जिससे किसान प्राइवेट दुकानों से ऊंचे दाम पर यूरिया खरीदने को मजबूर हो रहे है। मंगलवार को कटका इनायतपुर पीसीएफ खाद गोदाम पर दूसरे दिन भी किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां सोमवार को चिन्हित किए गए लगभग 260 किसानों को 500 बोरी यूरिया वितरित की गई, लेकिन आपूर्ति कम होने से करीब 250 किसान फिर बना खाद लौट गए। दिनभर लाइन में खड़े रहे किसान सर्वेश मिश्रा, दिनेश वर्मा, दयाराम व राम प्रताप ने बताया कि उन्हें केवल आश्वासन मिला और शाम को कहा गया कि खाद खत्म हो गई है। खाद न मिलने से किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सरकारी केंद्रों पर कमी के चलते किसान प्राइवेट दुकानों की ओर रुख कर रहे हैं, अधिकतर निजी दुकानों पर भी यूरिया नदारद है। जहां है उनसे अधिक दाम वसूले जा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि दुकानदार यूरिया के साथ जिंक और सल्फर खरीदने को भी बाध्य कर रहे हैं। यहां उपनिरीक्षक एनामुल हक, हेड कांस्टेबल अयूब खान, सिपाही ओमप्रकाश, दीपक कुमार, महिला हेड कांस्टेबल ऊषा सोनी व हेड कांस्टेबल पप्पू कुमार लाल बहादुर लोधी की मौजूदगी में खाद वितरण कार्य कराया गया। पीसीएफ केंद्र प्रभारी सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पूर्व में टोकन पाए किसानों को ही खाद दी गई, शेष किसानों को अगली खेप आने पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला प्रशासन करेगा उर्वरक की नीलामी

फिरोजाबाद। गत वर्ष 2024 में रबी सत्र के दौरान साधन सहकारी समिति दतावली की इफ्को डीएपी उर्वरक की 125 बैग मात्रा को जिला कृषि अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा ग्राम तिलियानी से जब्त कर पुलिस चौकी उखरैण्ड थाना सिरसागंज की अभिरक्षा में रखवाया गया था,जिसे डीएम फिरोजाबाद के न्यायालय आदेश में पारित निर्णय के क्रम में नीलामी कर प्राप्त धनराशि को सरकारी कोष में जमा कराया जायेगा। इस नीलामी में जनपद के सभी फुटकर उर्वरक विक्रेता प्रतिभाग कर सकेंगे। नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाले उर्वरक विक्रेता को उर्वरक दी जायेगी। नीलामी के नियम व शर्तें जिला कृषि अधिकारी फिरोजाबाद के यहॉ किसी भी कार्य दिवस में देखे जा सकते हैं।

नाबालिग से रेप, वीडियो वायरल

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच, पीड़िता लापता

आगरा। सबसे बड़े व्यावसायिक केंद्र में किशोरी के साथ हैवानियत की गई। इतना ही नहीं आ ?ेपियों ने वीडियो भी बनाया, जो वायरल कर दिया। ये वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आगरा के व्यावसायिक केंद्र संजय प्लेस में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दो युवकों ने पहले दुष्कर्म किया। बाद में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सोमवार को पुलिस को घटना की जानकारी वायरल वीडियो से हुई। दो युवकों की पहचान कर ली गई है। चौकी प्रभारी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। हालांकि पुलिस के सामने पीड़िता नहीं आई है। घटना दो से तीन दिन पुरानी बताई गई है। सोमवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह 24 सेकंड का है। इसमें एक युवक साफ नजर आ रहा है। कुछ युवकों के हंसने की आवाज आ रही है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि संजय प्लेस स्थित स्काई टावर के पास किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ। गुफा मॉडल शॉप के पास से युवक उसे लेकर आए थे। एक युवक ने वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने घटनास्थल की पुष्टि की। इसके बाद संजय प्लेस चौकी प्रभारी एसआई विनोद कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कराया गया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि करबला, न्यू आगरा के जुनैद और आसिफ की पहचान हो गई है। मुकदमे में दोनों को नामजद किया गया। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम को लगाया गया है। वहीं किशोरी की भी तलाश की जा रही है। आशंका है कि किशोरी सड़क पर रहकर गुजर-बसर करती है। युवक उसे बहाने से अपने साथ लेकर आए होंगे। किशोरी के मिलने पर मेडिकल कराया जाएगा। उसके कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

युवा रालोद ने सहकारी समिति को भारत रत्न स्व.चौ.चरण सिंह की तस्वीर भेंट की

टूंडला। राष्ट्रीय युवा लोकदल फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे ने बी पैक्स पमारी कार्यालय कोटकी के अध्यक्ष सुजान सिंह व अकाउंटेंट गजेंद्र सिंह व सहायक अंकित शौनू कुमार को किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की तस्वीर भेंट की, इस दौरान उन्होंने जनपद के सभी सरकारी कार्यालय में किसान मसीहा की तस्वीर लगाने की अपील की और कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान मजदूर वर्ग के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया ब्लॉक व मंडी की स्थापना से लेकर जमींदारी उन्मूलन अधिनियम पारित कर किसानो को संक्रमण धर मिल्कियत दिला ने काम किया साथ ही उन्होंने किसान भाईयो से कहा कि डी ए पी यूरिया की हर संभव पूर्ती की जाएगी किसान भाई परेशान न हों राष्ट्रीय लोकदल इसके लिए प्रयासरत हैं। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ ब्रज क्षेत्र महासचिव निरंजन सिंह पोनिया चौधरी इन्द्रजीत सिंह जितेन्द्र सिंह पोनिया सुखबीर सिंह सहित दर्जनो किसान मौजूद रहे।

चोरी की बाइक सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद में वांछित अभियुक्त शाहरूख पुत्र मुस्तकीम निवासी गढैय्या मौहल्ला थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को चोरी की अपाचे मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।जिसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

जलस्तर हुआ कम, नहीं बन सका वैकल्पिक मार्ग, राहगीरों और स्थानीय लोगों में आक्रोश

संग्रामपुर, अमेठी। अमेठी संग्रामपुर मार्ग पर टिकरिया मालती नदी और अमेठी किठावर मार्ग पर पूरे तालुकदार विशेषरगंज में निमार्णाधीन पुल के बगल बने वैकल्पिक मार्ग को बहे हुए करीब 27 दिन बीत चुके हैं। अब मालती नदी का जलस्तर पूरी तरह कम हो चुका है और वैकल्पिक मार्ग तथा उसमें रखी पुलिया साफ दिखाई देने लगी है, लेकिन कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते मार्ग अभी तक दुरुस्त नहीं हो सका है। जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रतिदिन इन मार्गों से दोपहिया और चारपहिया मिलाकर ढाई से तीन सौ वाहन गुजरते थे। वैकल्पिक मार्ग खराब होने से वाहन चालक मौके पर पहुंचने के बाद वापस लौटने और दूसरे रास्तों से सफर करने को मजबूर हैं। दोनों मार्गों पर आने-जाने वाले करीब दो लाख लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। अमेठी किठावर मार्ग रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और अमेठी झ चार जिलों को जोड़ता है। इस मार्ग के खराब रहने से लोगों को तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए 15 से 18 किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। इसी तरह अमेठी संग्रामपुर मार्ग से प्रतापगढ़ और अमेठी जिले जुड़े हैं। इस मार्ग से सफर करने वाले 100 से अधिक गांवों के लोगों को ब्लॉक और जिला मुख्यालय तक पहुंचने में 10 से 15 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। संग्रामपुर ब्लॉक मुख्यालय पर तीन इंटर कॉलेज ब्लॉक, थाना, सीएचसी और सरकारी अस्पताल व अन्य सरकारी कार्यालय स्थित है ऐसे में प्रतिदिन विद्यालयों में पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राओं और स्थानीय कर्मचारियों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है लेकिन जल स्तर कम होने के बावजूद भी पीडब्ल्यूडी विभाग वैकल्पिक मार्ग का निर्माण नहीं करवा रहा है। स्थिति यह है कि वैकल्पिक मार्ग खराब होने से वाहनों का किराया भी बढ़ गया है।

बच्चों ने अपनी कला से जीवंत की राना की जयंती

रायबरेली। अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय होटल शांति इन में संपन्न हुआ। कला प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 520 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभय कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयु में बच्चे विभिन्न तरह के रंग भरना सीख जाते हैं जिनका उनके आने वाले भविष्य में काम आता है ।उन्होंने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत अच्छे मन से तस्वीरों को उकेरा है ये सब प्रशंसा के पात्र हैं उन्होंने समिति को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की कला में निखार आता है। एनटीपीसी ऊंचाहार की मानव संसाधन प्रबंधक रूमा डे ने भी बच्चों की चित्रकला की प्रशंसा करते हुए कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे जिस तरह से अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनेंगे। समिति द्वारा आयोजित कला प्रतियोगिता में जनपद के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला, न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर, रेयान इंटरनेशनल , सेंट जेम्स, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, राइजिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल, बीएसएस पब्लिक स्कूल, रायबरेली कान्वेंट स्कूल, वी ए एस एन पब्लिक स्कूल, विबग्योर पब्लिक इंटर कालेज, गोपाल सरस्वती, महावीर स्टडी सर्किल महाराजगंज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली वीणा पाणी इंटर कॉलेज, स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज घूराडीह, एसवीएम रायबरेली, किडजी देवानंदपुर, सर्वोदय इंटर कॉलेज केलौली, चिन्मया विद्यालय ऊंचाहार, श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल मुंशीगंज, बीएम ओपीएस लालगंज समेत जनपद के 26 स्कूलों ने किया। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व पूर्व प्राचार्य डायट जेपी सिंह ने एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कला प्रतियोगिता में जिले से करीब 26 विद्यालयों के 520 बच्चों ने 4 वर्गों में प्रतिभाग किया। सबसे खास बात तो यह रही कि इस प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। कला का हुनर दिखने वाले बच्चों की कला देखते ही बनती थी। प्रतियोगिता के बाद डॉ. किरन श्रीवास्तव, दलजीत कौर, अर्चना सिकरिया, प्रियंका अग्रवाल, श्वेता कपूर, बबीता दिक्षित, दीपिका खन्ना ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार पाने वाले बच्चों को 24 अगस्त को कवि सम्मेलन के पूर्व फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

टेढ़ी बगिया तिराहे पर एक्टिवा सवार सेवानिवृत्त फौजी को रौंदा, मौत

आगरा। सेवानिवृत्त फौजी सदर स्थित अस्पताल से दवा लेकर लौट रहे थे। रास्ते में उन्हें ट्रक ने चपेट में ले लिया। उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। हाथरस मार्ग स्थित टेढ़ी बगिया तिराहे (थाना ट्रांस यमुना) पर सोमवार शाम को रामबाग से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दवा लेकर घर लौट रहे एक्टिवा सवार सेवानिवृत्त फौजी को टक्कर मार दी। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया, इससे जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को एसएन मेडिकल कालेज इमरजेंसी ले गई, वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एसीपी छत्ता पियूष कांत राय ने बताया कि मृतक की पहचान सादाबाद निवासी सुरेंद्र सिंह (42) के रूप में हुई है। परिजन ने बताया कि वह 1 साल पहले सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। तीन साल से हृदय रोग से पीड़ित थे। उनका इलाज चल रहा था। बड़ा बेटा अंशुल (21) सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है। छोटा बेटा प्रिंस (16) हाईस्कूल में पढ़ रहा है। सुबह करीब 8 बजे सुरेंद्र सिंह दवा लेने के लिए सदर स्थित आर्मी हॉस्पिटल गए थे। शाम 4 बजे के करीब घर लौटते समय हाथरस रोड पर ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद तकरीबन 1 घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने किसी तरह यातायात सामान्य कराया।

कानपुर सुपरस्टार्स को काशी ने हराया

यूपी टी-20 : कानपुर अंत तक वापसी करती दिखाई दी, काशी रुंद्रास ने यह मैच 4 रनों से जीत लिया

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 19 अगस्त 2025 को खेले गए यूपी टी-20 लीग,दोपहर 3:00 बजे आईएसटी से, लखनऊ में स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। टी-20 के चौथे मुकाबले में काशी रुंद्रास ने कानपुर सुपरस्टार्स को कड़ा मुकाबला देने के बाद 4 रनों से हार का

> यूपी टी-20 लीग 2025: चौथा मुकाबला कानपुर सुपरस्टार्स व काशी रुंद्रास के बीच

सामना कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुंद्रास ने निर्धारित 20 ओवरों में 148/8 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में उतरी कानपुर टीम 20 ओवरों में 144/7 रन ही बना पायी। कानपुर अंत तक वापसी करती दिखाई दी, काशी रुंद्रास ने यह मैच 4 रनों से जीत लिया।

इस प्रदर्शन में खास योगदान रहा मोहम्मद शरीम का जिन्होंने 4 ओवर में मात्र 32 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटककर मैच में निर्णायक भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, अटल बिहारी राय ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 31 रन खर्च कर 1 विकेट लिया। काशी रुंद्रास ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद जीत हासिल की, जिससे अंक तालिका में उनका दर्जा मजबूत हुआ। अंतिम ओवर तक कानपुर सुपरस्टार्स के जीत की उम्मीद बनी हुई थी, लेकिन 4 रन वाली हार ने उन्हें निराश कर दिया। काशी रुंद्रास की जीत एक टीम व प्रयास का परिचायक रही, जहां गेंदबाजी ने जीत के प्रमुख आधार का निर्माण किया। दूसरी ओर कानपुर सुपरस्टार्स की बल्लेबाजी, खासकर अंतिम ओवरों तक, प्रशंसनीय रही कुछ और संयम और योजना की कमी उन्हें जीत दिलाने में बाधा बनी। यह मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मोड़ था।

एशियाई चैंपियनशिपः मनु ने जीता कांस्य

शिमकेंट (कजाकिस्तान)। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला। रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। यह रश्मिका (क्वालिफिकेशन स्कोर 582) के लिए दोहरी सफलता थी क्योंकि उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालिफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था। कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए इस प्रतियोगिता भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की

निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गईं।भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भाकर, सुरुचि सिंह और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

महिलाओं के जूनियर वर्ग में रश्मिका को कोरिया की हान से शुरुआत में कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 13वें प्रयास में बढ़त बनाने के बाद इसे आखिर तक बरकरार रखा। उन्होंने 15वें प्रयास में 10.9 अंक के निशाने के साथ अपना प्रभुत्व कायम किया। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली

भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था। कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए इस प्रतियोगिता भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गईं।

एशिया कप की भारतीय टीम में गिल बने उपकप्तान, बुमराह को मिला मौका

मुंबई। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टी20 का उपकप्तान बनाया गया है जबकि दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की लंबे समय के बाद छोटे प्रारूप की टीम में वापसी हुई है। खिलाड़ियों के विकल्प में अधिकता के कारण टीम में लगातार दो आईपीएल फाइनल खेलने और 2024 में खिताब जीतने वाले कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मौका नहीं मिला है। पच्चीस साल के गिल ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2024 में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वह अब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में अक्षर पटेल की जगह उप-कप्तान होंगे। भारत को एशिया कप के ग्रुप ए में पाकिस्तान, ओमान और यूएई के साथ रखा गया है।

गिल को टीम में शामिल किया जाना कोई हैरानी की बात नहीं थी। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों की ड्रॉ (2-2) रही श्रृंखला में चार शतक जड़े थे। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने यहां टीम की घोषणा के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, गिल ने इंग्लैंड दौरे पर हमारी उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया। टीम प्रबंधन को हालांकि गिल के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी सोच-विचार करना होगा क्योंकि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने पिछले कुछ समय से शीर्ष क्रम में एक प्रभावी जोड़ी बनाई है। अगरकर ने इसे सिरदर्द मानने के बजाय एक अच्छी समस्या करार दिया। उन्होंने कहा अब (शीर्ष क्रम के लिए) अधिक विकल्प हैं और शुभमन वैसे भी शानदार लय में हैं। यह टीम जब दुबई पहुंचेगी तो प्रतिद्वंद्वी टीम और परिस्थितियों के अनुसार अंतिम एकादश पर फैसला कर सकते हैं। टीम के पास सैमसन से मध्यक्रम में बल्लेबाजी कराने का विकल्प होगा।

केरल के इस बल्लेबाज ने अतीत में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की है। अगरकर ने भी इसी ओर इशारा किया। भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, सैमसन इसलिए खेल (सलामी बल्लेबाजी के तौर पर) रहे थे क्योंकि उस समय शुभमन और यशस्वी (जायसवाल) उपलब्ध नहीं थे। अभिषेक ने ऐसा प्रदर्शन किया है कि उन्हें टीम से बाहर रखना मुश्किल है। वह गेंदबाजी में भी योगदान दे सकते हैं।

संक्षेप

बैडमिंटन : तन्वी, उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में

नयी दिल्ली। तेजी से उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं, जिससे यह इस प्रतिष्ठित जूनियर प्रतियोगिता के लिए सबसे मजबूत भारतीय टीम बन गई है।

न्यू दिल्ली टाइगर्स ने नॉर्थ दिल्ली को हराया

नयी दिल्ली। न्यू दिल्ली टाइगर्स ने ऑलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइकर्स को शुरू से ही संघर्ष करना पड़ा और 12 ओवर के अंदर उसका स्कोर छह विकेट पर 54 रन हो गया। वैभव कांडपाल (45) और अर्जुन रापिया (29) ने सातवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। टाइगर्स के लिए यशजीत ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट लिए। पंकज जसवाल और प्रद्युम्न सनन ने दो दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया।

राष्ट्रपति की मंजूरी अधिनियम बना राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मंजूरी मिलने के साथ ही राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक अधिनियम बन गया है। इस विधेयक में भारत के खेल प्रशासन में व्यापक स्तर पर सुधार का वादा किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति की मंजूरी सोमवार को मिल गई। इसमें कहा गया है, संसद के निम्नलिखित अधिनियम को 18 अगस्त, 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और इसे सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025। जैसा कि पीटीआई ने पहले बताया था कि मूल विधेयक में दो प्रमुख संशोधन किए गए हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के दायरे को सीमित कर केवल उन खेल निकायों को इसमें शामिल किया गया है जो सरकारी धन और सहायता पर निर्भर हैं। इस तरह से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को प्रभावी रूप से इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

एशिया कप : सूर्यकुमार यादव करेंगे टीम इंडिया की अगुवाई

एजेंसी

मुंबई। सूर्यकुमार यादव पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे वअए में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होगा। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को वअए से होगा। गिल को उपकप्तान बनाया भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। सिलेक्शन से पहले मीडिया रिपोर्ट्स में गिल की टीम में जगह नहीं बताई जा रही थी। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि कढछ में गिल ने 650 रन बनाए थे। गिल भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान भी हैं। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 754 रन बनाए थे। बुमराह की टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वापसी जसप्रीत बुमराह की टी-20 टीम में वापसी हुई हैं। उन्होंने आखिरी टी-20 इंटरनेशनल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल खेला था। सिराज और वाशिंगटन को मौका नहीं स्क्वॉड में मोहम्मद सिराज और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह नहीं मिली हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी की उम्मीद थी लेकिन वे भी बाहर रखे गए। यशस्वी जायसवाल और सुंदर टीम के रिजर्व प्लेयर होंगे। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है। उसके साथ पाकिस्तान, वअए और ओमान की टीमें हैं। ग्रुप-बी श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को वअए, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत ने 8 बार जीता एशिया कप एशिया कप की शुरूआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद क्रिकेट एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान बिहार के राजगीर में भारत की मेजबानी में हो रहे हॉकी एशिया कप से हट गया है। इस संबंध में सदन में भी सवाल उठा था। पूर्व क्रिकेटर्स की भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान से खेलने से इनकार कर दिया था। वनडे वर्ल्ड कप के लिए विमेंस टीम भी जारी भारतीय मेंस क्रिकेट टीम के ऐलान के बाद नीतू डेविड की अध्यक्षता वाली सिलेक्शन कमेटी ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान भी किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितंबर से भारत में होगा। टीम इंडिया का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेला जाएगा। सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना, सिलेक्शन कमेटी और इउक सचिव।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 और उससे पहले खेले जाने वाले वअए ट्राई-सीरीज के लिए 17 मेंबर्स वाले टी-20 स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर एशिया कप के लिए 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम की घोषणा हो गई है। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होना है और भारत का पहला मैच 10 सितंबर को वअए के खिलाफ है। चलिए जानते हैं इस टूर्नामेंट में भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या हो सकती है। भारतीय स्क्वॉड में अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और संजू सैमसन के रूप में ओपनिंग के 3 विकल्प हैं। अभिषेक ओपनिंग ही करते हैं, वहीं शुभमन और सैमसन नंबर-3 पर भी खेल सकते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस मे बताया कि गिल मौजूद नहीं थे, इसलिए सैमसन से ओपनिंग कराई गई। गिल जब नहीं थे, तब ओपनिंग पोजिशन को सैमसन और अभिषेक दोनों ने अपना बना लिया। अभिषेक ने जहां 2 तो वहीं सैमसन ने 3 शतक लगा दिए। गिल अगर उप कप्तान हैं तो उनका खेलना भी कन्फर्म है, वे ओपनिंग करेंगे तो सैमसन या अभिषेक में से कोई एक बाहर होगा। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन को अगर फॉलो किया गया तो अभिषेक और शुभमन ही शुरूआत करेंगे। उस कंडीशन में सैमसन को नंबर-3 पर भेजा जा सकता है। अभिषेक और शुभमन अगर ओपनिंग उतरें तो सैमसन को नंबर-3 पर उतारा जा सकता है। क्योंकि सैमसन और जितेश में अगर किसी एक को विकेटकीपर बैटर के रूप में चुनना पड़ा तो मैनेजमेंट 3 शतक लगा चुके सैमसन को प्राथमिकता ही देगी। हालांकि, तिलक टी-20 बैटर्स रैंकिंग में नंबर-2 पर है और उन्हें बाहर करना भी मुश्किल होगा। अगर तिलक को मौका मिला तो सैमसन को बाहर किया जा सकता है, क्योंकि सैमसन का टॉप-3 पोजिशन से बाहर खेलना संभव नहीं है।

टेनिस : इगा ने सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता

एजेंसी

सिनसिनाटी (अमेरिका)। विश्व में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक सिनसिनाटी ओपन में अपने पिछले छह मुकाबलों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में एरीना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक ने कहा यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस साल के लिए मैंने जो लक्ष्य तय किए उनमें यहां खिताब जीतना भी शामिल था। अमेरिकी ओपन से पहले यहां जीत हासिल करके बहुत अच्छा लग रहा है। स्वियातेक ने इटली की खिलाड़ी के खिलाफ सभी छह मुकाबले जीते हैं तथा उनमें से केवल एक सेट गंवाया है। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3

कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया, लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रही। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी। पाओलिनी ने दूसरे सेट में दो बार सर्विस तोड़ी लेकिन स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं। वहीं दूसरी ओर

ब्रिटेन के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी काइल एडमंड ने 30 वर्ष की उम्र में खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। एडमंड ने दो एटीपी खिताब जीते और 2018 में एंडी मरे के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बने।

सिंकफील्ड : प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया

सेंट लुई (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने सोमवार को पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। पहले राउंड के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने पोलैंड के डुडा जान-क्रिजस्टोफ के साथ ड्रा खेला, जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले सैमुअल सवियन ने अपने अमेरिकी हमवतन वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव ने भी हमवतन अलीरेजा फिरौजा के साथ ड्रा खेला। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है। प्रज्ञाननंदा ने गुकेश के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलने का पूरा फायदा उठाया और केवल 36 चाल में जीत दर्ज की।

श्रीशंकर, कुजूर, अनु राष्ट्रीय अंतर-राज्य में बिखेरेंगे चमक

एजेंसी

चेन्नई। लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर, फर्राटा धावक अनिमेश कुजूर और भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी जैसे अनुभवी एथलीट बुधवार से शुरू होने वाली राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। इस पांच दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। इससे भारतीय खिलाड़ियों के पास विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने का अंतिम मौका मिलेगा। तोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए ज्यादातर स्पर्धाओं की क्वालिफिकेशन की अंतिम तिथि 24 अगस्त है।

इस आयोजन में हालांकि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी, बाधा धाविका ज्योति याराजी और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक लंबी दूरी के धावक गुलबीर सिंह भाग नहीं लेंगे। चोपड़ा अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने की तैयारी में विदेश में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने 28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। साबले चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर है जबकि ज्योति, पारुल और गुलवीर विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के बाद विदेश में अभ्यास कर रहे हैं। श्रीशंकर चोट के वापसी के बाद शानदार लय में है लेकिन लंबे समय तक खेल से दूर रहने के कारण उन्हें रेस टू तोक्यो रैंकिंग नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के लिए 8.27 मीटर की बाधा को पार करनी होगी। मौजूदा सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.13 मीटर का रहा है। ओडिशा के धावक कुजूर के नाम 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 मीटर) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है और वह विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। वह यहां सिर्फ 200 मीटर में चुनौती पेश करेंगे। वह इसमें रोड टू तोक्यो रैंकिंग में 42वें स्थान पर है। शीर्ष 48 स्थान वाले खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगे। अनु रानी भी रोड टू तोक्यो रैंकिंग में 28वें स्थान पर है। भाला

फेंक में शीर्ष 36 खिलाड़ी तोक्यो के लिए क्वालीफाई करेंगे। 32 साल की एशियाई खेलों की यह चैंपियन पिछले कुछ आयोजनों में 60 मीटर की दूरी तय कर रही है। चोपड़ा और किशोर जेना की अनुपस्थिति के बावजूद, पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में कई युवा खिलाड़ी देखने को मिलेंगे, जिन्होंने पहले ही 80 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है। इनमें सचिन यादव, रोहित यादव, यशवीर सिंह, साहिल सिलवाल, विक्रांत मलिक और शिवम लोहकारे शामिल हैं। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रवीण चित्रावल और अब्दुल्ला अबू बकर के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है।

सेंसेक्स में 371 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही। जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों के साथ वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा टाटा मोटर्स में बढ़त के साथ बीएसई सेंसेक्स 371 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के करीब पहुंच गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 370.64 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 482.13 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में बड़े सुधारों की योजना और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक चिंताओं में कमी से बाजार में धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत के लाभ में रही जबकि अदाणी पोर्ट्स में 3.16 प्रतिशत की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.82 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इटर्नल, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएलटेक शामिल हैं। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने और भारत की साख में हाल में सुधार से उत्साहित बाजार में तेजी जारी रही। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम होने के संकेतों से भी धारणा मजबूत हुई है। इससे निकट भविष्य को लेकर दृष्टिकोण रचनात्मक रुख की ओर मुड़ रहा है। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सूचकांक दोनों 0.97 प्रतिशत चढ़े। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,630 शेयर लाभ में रहे, जबकि 1,437 में गिरावट आई। वहीं 165 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.93 प्रतिशत टूटकर 65.98 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 550.85 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को 676.09 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी में 245.65 अंक की तेजी रही थी।

रुपया 40 पैसे की बढ़त के साथ 86.99 प्रति डॉलर पर

मुंबई। सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों के समर्थन से रुपया मंगलवार को 40 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक के बाद अमेरिका द्वारा अतिरिक्त शुल्क को लेकर चिंता कम होने से निवेशकों की धारणा को बल मिला है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.24 पर खुला। कारोबार के दौरान इसके 87.31 प्रति डॉलर के निचले स्तर और 86.92 प्रति डॉलर के उच्च स्तर को छुआ। अंत में यह 86.99 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 40 पैसे की बढ़त है। रुपया

सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.39 पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण में की गई घोषणा के अनुसार जीएसटी पुनर्गठन को लेकर आशावाद के बीच भारतीय रुपया एक महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका द्वारा अतिरिक्त शुल्क को लेकर चिंता कम होने से भी बाजार की धारणा को बल मिला है। चौधरी ने कहा कि हालांकि आयातकों द्वारा डॉलर की बढ़ी हुई मांग इस लाभ को सीमित कर सकती है। डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 86.70 से 87.40 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.04 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 370.64 अंक चढ़कर 81,644.39 अंक पर जबकि निफ्टी 103.70 अंक की बढ़त के साथ 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.04 प्रतिशत फिसलकर 65.91 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को लिवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 550.85 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

संक्षेप

टेक्सएक्सपेडाइट 3.0 का ऐलान

नई दिल्ली। भारत इनोवेशन का ग्लोबल हब बन रहा है और इसके पीछे टेक्नोलॉजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है इसे मजबूती देने के लिए गेम्स 24X7 ने आज अपने एक्सलरेटर प्रोग्राम टेकएक्सपेडाइट के तीसरे संस्करण का ऐलान किया। इस 90 दिन के प्रोग्राम को तीन प्रमुख क्षेत्रों एआई फॉर स्किल्स, गेमिंग एंड स्पोर्ट्स और इन्क्लूसिव टेक्नोलॉजी में शुरुआती स्तर पर काम कर रहे स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए डिजाइन किया गया है। टेकएक्सपेडाइट को शुरुआती चरण में काम कर रहे ऐसे स्टार्टअप्स के लिए तैयार किया गया है, जो आइडिया फेज से आगे निकल गए हैं और अपने प्रोडक्ट के निर्माण, टेस्टिंग या वैलिडेटिंग पर काम कर रहे हैं। इस प्रोग्राम के तहत आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

ओपन एआई ने पेश किया चैट जीपीटी गो

नई दिल्ली। ओपन एआई आज चैट जीपीटी गो पेश कर रहा है – एक नया सब्सक्रिप्शन प्लान जिसे भारत भर में उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत एआई टूल्स को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि देश में ओपन एआई के टूल्स को तेजी से अपनाया जा रहा है। रुपये 399 प्रतिमाह की कीमत पर उपलब्ध, चैट जीपीटी गो भारत में आम उपयोगकर्ताओं को चैट जीपीटी की सबसे लोकप्रिय सुविधाओं तक अधिक पहुँच प्रदान करता है जिनमें अधिक मैसेज लिमिट, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोड और मेमोरी शामिल हैं।

पोको एम7 प्लस 5जी की बिक्री फ्लिपकार्ट पर शुरू

नई दिल्ली। पोको ने अपने नए पोको एम7 प्लस 5जी की पहली बिक्री केवल फ्लिपकार्ट पर शुरू कर दी है। इस शक्तिशाली फोन ने 15,000 रुपये से कम कीमत में नया मानक स्थापित किया है। लॉन्च ऑफर्स और उपलब्धता पोको एम7 प्लस 5जी बिक्री 19 अगस्त को दोपहर 12 बजे से विशेष रूप से फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी कीमत 13,999* रुपये होगी।

रेडमी 15 5जी लॉन्च

बंगलुरू। शाओमी इंडिया ने रेडमी 15 5जी लॉन्च किया है। यह नया डिवाइस पावर, परफॉर्मेंस और स्टाइल का बेहतरीन संगम है, जिसे आज के हरपल कनेक्टेड रहने वाले ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है। रेडमी 15 5जी में इस सेगमेंट की पहली 7000एमएएच की ईवी-ग्रेड सिलिकॉन-कार्बन बैटरी है, जो 33वॉट फास्ट चार्जिंग और 18वॉट रिवर्स चार्जिंग के साथ 48 घंटे तक की पावर देती है।

सीरीज द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक पेश

मुंबई। पिक्चर तो सालों से बाकी है लेकिन शो तो अब शुरू होगा। नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रा. लि. ने आज बहुप्रतीक्षित सीरीज द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक पेश की जो आर्यन खान के निर्देशन की पहली शुरूआत को दशार्ती है। यह है मजेदार, फिल्मी और थोड़ा ज्यादा! एक वॉइसओवर की शुरूआत में मोहब्बतें जैसी रोमांटिक फील आती है, लेकिन आखिर में यह एक तीखे जवाब के साथ खत्म होता है, जो हमें हिंदी फिल्मों की याद दिलाता है। पहले यह एक बीते हुए समय की यादें जैसा लगता है, लेकिन जल्दी ही यह ज्यादा तेज और अलग अंदाज में बदल जाता है। इस पहली झलक से ही डायरेक्टर के तौर पर आर्यन खान बता देते हैं कि वे नई सोच और अलग सिनेमाई अंदाज के साथ आए हैं।

ओजी शेज का हजरतगंज सोशल पर कब्जा होगा

लखनऊ। हजरतगंज सोशल अपने कलाकार-प्रथम कार्यक्रम, सोशल सेलेक्ट्स के तहत, भारत के सबसे विशिष्ट डीजे, ओजी शेज के लिए अपना मंच खोलेगा। उभरते कलाकारों को सामने लाने और देश भर से नई धुनों को उभारने के लिए बनाए गए, सोशल सेलेक्ट्स में चुनिंदा उभरते कलाकार शामिल हैं, जिनका लक्ष्य उन्हें कल के सुपरस्टार बनाना है। ओजी शेज का सेट एफ्रो-हाउस, बेली फंक, जर्सी क्लब और अन्य का एक जीवंत मिश्रण पेश करता है, एक ऐसी रात जो सोशल की समुदाय-प्रथम ऊर्जा को एक अविस्मरणीय, डांस-फ्लोर-प्रेरित अनुभव में बदल देती है। एक स्व-शिक्षित डीजे और संगीत क्यूरेटर, ओजी शेज 70-90 के दशक के डिस्को, पॉप और स्लो रॉक की धुनों में डूबी हुई पली-बढ़ीं, लेकिन हिप-हॉप ने ही उनके जीवन भर लय के प्रति प्रेम को जगाया। हजरतगंज सोशल 22 अगस्त समयः रात 8 बजे से।

भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी शुल्क का सीधा असर सीमितः फिच

नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीधा असर सीमित है लेकिन अभी प्रभावित नहीं हुए दवा जैसे क्षेत्र भी भविष्य में होने वाली घोषणाओं की चपेट में आ सकते हैं।

अमेरिका ने भारतीय उत्पादों के आयात पर सात अगस्त से 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगा दिया है। इसके अलावा रूसी तेल का आयात जारी रखने के दंडात्मक जुर्माने के तौर पर 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगेगा। इस तरह भारत, अमेरिका में 50 प्रतिशत सीमा शुल्क के साथ एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक शुल्क का बोझ उठा रहा है। फिच रेटिंग्स ने इस शुल्क के प्रभावों पर जारी एक बयान में कहा कि मौजूदा शुल्क से भारतीय कंपनियों पर परोक्ष असर बढ़ने का भी जोखिम दिख रहा है। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौता हो जाने पर यह जोखिम कम हो जाएगा। हमारा मत है कि भारत स्थित कंपनियों पर अमेरिकी शुल्क का सीधा असर आमतौर पर कम है, लेकिन फिलहाल इससे अप्रभावित रहे दवा जैसे क्षेत्र भी आगे चलकर होने वाली अमेरिकी शुल्क घोषणाओं से प्रभावित हो सकते हैं। भारत की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां अपने 30-40 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात रूस से करती हैं।

सोना 500 और चांदी 1000 रुपये फिसली

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 100,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100,920 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 450 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोमवार को यह 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच व्हाइट

हाउस में हुई शांति वार्ता से यूक्रेन में युद्ध समाप्त होने की कुछ उम्मीद जगी है, जिससे सोने की कीमतों में गिरावट आई है...। भारत सरकार द्वारा जीएसटी नियमों में बदलाव के कारण डॉलर : रुपये की विनिमय दर में कमजोर रुख से घरेलू सोने की कीमतों पर असर पड़ा है। सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत मंगलवार को 1,000 रुपये घटकर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। पिछले सत्र में चांदी 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.15 प्रतिशत बढ़कर 3,337.92 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। निवेशकों का ध्यान अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल के जैक्सन होल संगोष्ठी में दिए जाने वाले बयान और फेडरल रिजर्व की हाल की बैठक के ब्योरे पर केंद्रित होने से सोने की कीमतें 3,380 डॉलर प्रति औंस से नीचे गिर गईं। हाजिर चांदी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38.09 डॉलर प्रति औंस पर रही।

कोल इंडिया ने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन के साथ किया समझौता

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कंपनी एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के लिए रेल अवसंरचना विकसित करने के वास्ते कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मंगलवार को जानकारी दी। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली सीआईएल कोयला परिवहन में सुधार के लिए अपने रेल बुनियादी ढांचे को सक्रिय रूप से मजबूत कर रही है। कोलकाता में दोनों कंपनियों के बीच गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड और कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 18 अगस्त 2025 को एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं...जिसका उद्देश्य सीआईएल और उसकी अनुषंगी कंपनियों के रेल बुनियादी ढांचा विकसित करना है। सीआईएल ने इससे पहले इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ भी समझौता किया था। इसके तहत कोयला क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों के लिए रेल अवसंरचना विकसित की जाएगी।

प्रस्तावित दो स्लैब की जीएसटी व्यवस्था दीर्घावधि में राजस्व बढ़ाने में मददगार होगीः एसएंडपी

नयी दिल्ली। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने कहा कि प्रस्तावित दो स्लैब की जीएसटी व्यवस्था प्रभावी कराधान दर को कम कर सकती है और लंबी अवधि में यह सरकार के राजस्व को बढ़ा सकती है।

फुआ की यह टिप्पणी केंद्र और राज्यों की बुधवार व बृहस्पतिवार को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले आई है। इसमें केंद्र द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। केंद्र सरकार ने जीएसटी व्यवस्था में सुधारों का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत कर स्लैब को घटाकर केवल दो कर स्लैब पांच और 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष कर दर लागू की जाएगी। जीएसटी के तहत वर्तमान में चार स्लैब 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत हैं। जीएसटी दरों में बदलाव से राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर फुआ ने कहा कि मौजूदा जीएसटी व्यवस्था जटिल है। इसमें चार अलग-अलग दरें हैं, जिससे लेखा-जोखा एवं क्रियान्वयन कभी-कभी काफी कठिन हो जाता है। इस प्रस्ताव पर केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

क्रिप्टो निवेशकों के लिए सुरक्षा है पहली प्राथमिकता

नयी दिल्ली। क्रिप्टो निवेशकों के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता बनकर उभरी है। यह खुलासा कॉइनस्विच द्वारा किए गए एक पैन-इंडिया सर्वे में हुआ है। कॉइनस्विच देश का सबसे बड़ा क्रिप्टो प्लेटफॉर्म है, जिसके पास 2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। सर्वे के अनुसार, लगभग एक-तिहाई प्रतिभागियों का मानना है कि अगर क्रिप्टो मार्केट में उन्नत सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं, तो उनका भरोसा और सुरक्षा का एहसास काफी बढ़ जाएगा। यह आंकड़े इस बात की ओर इशारा करता है कि भारतीय क्रिप्टो सेक्टर में मजबूत सुरक्षा ढाँचे, अधिक पारदर्शिता और उपयोगकर्ता-प्रथम सुरक्षा प्रणालियों की मांग लगातार बढ़ रही है।2025, में देशभर के लगभग 3000 सक्रिय क्रिप्टो निवेशकों से जानकारी जुटाई गई।

सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने टैंडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी

बैंगलुरू। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिजाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है। 6.8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बेड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीजों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा। रुपये 1000 करोड़ की यह ऐतिहासिक परियोजना, सेकोम मेडिकल सिस्टम एवं टोयोटा सुशो के सहयोग से जापानी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से पावर्ड विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सकरा के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि होगी।

मुद्रा योजना के तहत बकाया कर्ज मामले में एनपीए मार्च में बढ़कर 9.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बकाया कर्ज मामले में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) मार्च 2025 तक बढ़कर 9.81 प्रतिशत हो गई। मार्च 2018 में यह 5.47 प्रतिशत थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मार्च 2025 तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत वितरित ऋण राशि पर एनपीए की दर 2.19 प्रतिशत है जो मार्च 2018 के अंत में 2.71 प्रतिशत थी। सीतारमण ने कहा कि पीएमएमवाई के तहत एनपीए की दर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) की औसत एनपीए दर से अधिक है। उन्होंने एमएसएमई के लिए एनपीए के संबंध में कहा कि मार्च 2025 तक बकाया राशि के मुकाबले यह 3.60 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुद्रा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें प्रचार अभियान, आवेदन पत्र का सरलीकरण, ऋण गारंटी योजना, मुद्रा नोडल अधिकारी का नामांकन, सरकार और बैंकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर लगातार समीक्षा शामिल हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सीतारमण ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, व्यक्तिगत ऋण खंड के तहत स्वर्ण आभूषणों पर ऋण दिसंबर 2023 की तुलना में दिसंबर 2024 के दौरान 71.3 प्रतिशत बढ़ा। दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 के दौरान उक्त ऋण में वृद्धि 71,858 करोड़ रुपये थी, जबकि गैर-खाद्य ऋण में कुल वृद्धि 17,67,929 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि सोना के बदले ऋण से वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने और विशेष रूप से ग्रामीण, एमएसएमई और वंचित वर्गों के लिए ज ण तक पहुंच प्रदान करने में सहायता मिली है।

पेज एक का शेष

युवाओं को

पर हस्ताक्षर करना बेहद खुशी की बात है। इस नई चिवनिंग स्कॉलरशिप के तहत अगले तीन वर्षों तक हर साल पांच छात्रों को यूके में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई का अवसर मिलेगा। यह यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच बढ़ते रिश्तों का प्रतीक है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी जी की यूके विजिट के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा ट्रेड एग्रीमेंट और विजन 35 साइन किया गया है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ व्यापार के शानदार अवसर भी खुलेंगे। इस साझेदारी से भारत और विशेषकर उत्तर प्रदेश के छात्रों को वैश्विक मंच पर बड़ा फायदा होगा।

ऑनलाइन गेम

क्षेत्रीय आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका निभाएगी और प्रमुख धार्मिक एवं आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क बढ़ाकर व्यापार और औद्योगिक विकास के नए अवसर खोलेगी। इस परियोजना के तहत करीब 74.43 लाख प्रत्यक्ष रोजगार दिवस और 93.04 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार दिवस सृजित होने का अनुमान है।

राधाकृष्णन-रेड्डी

79 वर्षीय रेड्डी एक वरिष्ठ न्यायविद हैं, जिन्हें काले धन के मामलों की जांच में ढिलाई बरतने के लिए तत्कालीन केंद्र सरकार की आलोचना वाले कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाना जाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्थापित सलवा जुडूम को भी असंवैधानिक घोषित किया था। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में, न्यायमूर्ति रेड्डी ने विदेशों में अवैध रूप से रखे गए अघोषित धन को वापस लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने हेतु एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया था। विदेशी बैंकों में जमा काला धन को वापस लाना 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। राजग राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए समृद्ध राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव वाले एक बेदाग नेता के रूप में पेश कर रहा है और कह रहा है कि उनका चुना जाना राज्यसभा के सभापति के रूप में भी उपयोगी साबित होगा।राधाकृष्णन 2016 से 2020 तक अखिल भारतीय नारियल रेशा बोर्ड के अध्यक्ष रहे और इस दौरान नारियल रेशे के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राधाकृष्णन को एक ऐसे राजनेता के रूप में वर्णित किया जिनका सभी दलों में सम्मान है। वह तमिलनाडु में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय की प्रभावशाली गौंडर जाति से ताल्लुक रखते हैं। कांग्रेस नीत इंडिया खेमा रेड्डी को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए निरंतर काम करने वाले एक साहसी पुरोधा के रूप में पेश कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उपराष्ट्रपति चुनाव को एक वैचारिक लड़ाई करार दिया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश रेड्डी का एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है, जिसमें उन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य किया है। खरगे ने कहा, वह गरीबों के पक्षधर हैं और अपने कई फैसलों में... उन्होंने गरीबों का पक्ष लिया और संविधान तथा मौलिक अधिकारों की रक्षा भी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार, माकपा के एम ए बेबी, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक के तिरुचि शिवा और समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव सहित विभिन्न विपक्षी नेताओं के साथ यह बात कही।

भारी बारिश

और कई लोग खड़ी रेलगाड़ियों से उतरकर जलमग्न पटरियों पर चलने को मजबूर हुए। कुछ स्थानों पर नगर निकाय के कर्मियों ने फंसे हुए यात्रियों को बिस्कुट वितरित किए। इस संबंध में एक यात्री ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जिस ट्रेन में वह सवार था वह उपनगरीय ट्रेन घाटकोपर के पास आधे घंटे से अधिक समय तक फंसी रही और इसलिए कुछ यात्री निकटतम स्टेशन तक पहुंचने के लिए पटरियों के सहारे पैदल आगे बढ़ने लगे। टाटा अस्पताल में कार्यरत एक नर्स ने बताया कि उसकी ट्रेन दोपहर 12.30 बजे से तीन घंटे से अधिक समय तक परेल क्षेत्र में अपने स्थान से आगे नहीं बढ़ी। उसने कहा, हमें नहीं पता कि ट्रेन चलेगी या नहीं। हमें कुछ भी पता नहीं है कि क्या हुआ है और अब हमें नहीं पता कि क्या करना है, क्योंकि जलभराव के कारण सड़कें भी बंद हैं। सुबह एक अन्य यात्री ने कहा कि उपनगरीय रेल सेवा के निलंबन के कारण उनमें से कुछ के लिए मेट्रो रेल एकमात्र विकल्प बचा था। उन्होंने कहा, लोअर परेल स्थित अपने कार्यालय तक पहुंचने के लिए अब मैं मेट्रो लाइन-। से मरोल स्टेशन तक जाने की योजना बना रहा हूं और वहां से मैं वर्ली तक भूमिगत एक्वा लाइन से जाऊंगा। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि अपराह्न 3.29 बजे समुद्र में 2.2 मीटर तक की लहरें रह गईं, लेकिन सायन-कुर्ला और चूनाभट्टी-कुर्ला खंडों के बीच पटरियों पर पानी अभी तक कम नहीं हुआ है। नीला ने बताया कि अपराह्न दो से 2.30 बजे के बीच मुख्य लाइन के कुछ हिस्सों पर पानी 13 से 15 इंच तक जमा था जो बाद में यह घटकर 11 इंच रह गया, लेकिन लगातार भारी बारिश और मीठी नदी का जलस्तर बढ़ने से पटरियों पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है।

छुट्टी पर

अधिकारी तथा यूपीडास्प के निदेशक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हालांकि उनके छुट्टी पर जाने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म है। शशि प्रकाश गोयल अपनी कुशल कार्यशैली और रणनीतिक समन्वय के लिए जाने जाते हैं। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक एसपी गोयल स्वास्थ्य कारणों से दिल्ली गए हैं। विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि उन्हें हृदय रोग की कुछ समस्या हुई है। इस वजह से अगले 7 दिन तक वे दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ लेंगे। इस दौरान अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार उनकी जिम्मेदारी संभालेंगे।

धामी ने पेश

से भागकर अराजकता फैलाने का काम किया। सीएम ने कहा कि जनता सब देख रही है। हार के बाद कांग्रेस ईवीएम, चुनाव आयोग या सरकार को दोष देने की परंपरा दोहराती है। विपक्षी हंगामे के बीच मुख्यमंत्री धामी ने 5315.389 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। इसमें 925 करोड़ देहरादून की रिस्पना और बिंदाल नदियों पर एलीवेटेड रोड, 264 करोड़ आपदा प्रबंधन, 200 करोड़ हरिद्वार में प्रस्तावित कुंभ मेला, 188 करोड़ पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार के लिए रखे गए।

पीएम आवास

निर्माण मानक एवं गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही लाभार्थियों को दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल जैसी योजनाओं से भी जोड़ा जाए, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत बिजनौर जनपद की बोक्सा जनजाति के लिए स्वीकृत 145 आवासों में से 123 पूर्ण कर लिए गए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मॉडल आवास (ग्रामीण) के तहत 587 मॉडल हाउस बन चुके हैं, 190 निमार्णाधीन हैं। आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के वेरीफिकेशन का काम भी तेजी से चल रहा है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 में 25 हजार महिला राजमिस्त्रियों को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है। उत्तर प्रदेश ने ग्रामीण आवास निर्माण में न केवल देश के सामने एक रिकॉर्ड पेश किया है बल्कि लाखों परिवारों के लिए बेहतर जीवन की नींव भी रखी है। आने वाले समय में शेष घरों का निर्माण और तेजी से पूरा होने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीण भारत में सशक्त और सुविधाओं से युक्त आवास का सपना साकार हो सकेगा।

अनंतनाग और

के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के संबंध में की गई है। उन्होंने बताया कि यह कुर्की जिले में आतंकवाद को सहयोग देने वाले ढांचे को खत्म करने के उद्देश्य से उठाए गए कानूनी कदमों का हिस्सा है। गैरकानूनी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में सहायता करने या शामिल पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ ऐसी कार्वाई जारी रहेगी। इस साल अप्रैल में सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान ठोकर का घर एक विस्फोट में उस समय तबाह हो गया था। जब उसके अंदर रखे विस्फोटक फट गए थे। बारामूला जिले में डार की एक संपत्ति कुर्क की गई।

सीमा पार आतंकवाद समेत दुनिया की मुख्य चुनौतियों के समाधान में भारत अनिवार्य हिस्साः राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया की मुख्य चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है-चाहे वह ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ के बीच असमानता से उत्पन्न मुद्दे हों, सीमा पार आतंकवाद के खतरे हों या जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हों। ग्लोबल नॉर्थ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से विकसित और औद्योगिक देशों के लिए किया जाता है, वहीं ग्लोबल साउथ का इस्तेमाल आर्थिक रूप से कम संपन्न देशों के संदर्भ में होता है। राष्ट्रपति भवन में भारतीय विदेश सेवा (2024 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने उनसे वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को अपनाते हुए राष्ट्रहित सर्वोपरि को ध्यान में रखने को कहा। मुर्मू ने कहा कि उनके आसपास की दुनिया भू-राजनीतिक बदलावों, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षवाद के संदर्भ में तेज़ी से बदलाव देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी अमृत काल में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए हैं-एक ऐसा समय जब भारत वैश्विक मंच पर एक अग्रणी शक्ति के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत विश्व की मुख्य चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है-चाहे वह ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ के बीच असमानता से उत्पन्न मुद्दे हों, सीमा पार आतंकवाद के खतरे हों या जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हों। उन्होंने कहा, हमारी आवाज का महत्व है। हमारे राजनयिकों के रूप में, आप भारत का पहला चेहरा होंगे जिसे दुनिया आपके शब्दों में, आपके कार्यों में और आपके मूल्यों में देखेगी। राष्ट्रपति ने कहा, हम वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को अपनाते हैं, लेकिन कृपया यह ध्यान रखें - राष्ट्रहित सर्वोपरी हो। मुर्मू ने कहा कि देश के कूटनीतिक प्रयासै हमारी घरेलू ज़रूरतों और 2047 तक विकसित भारत बनने के हमारे उद्देश्यै के साथ निकटता से जुड़े होने चाहिए। राष्ट्रपति ने उनसे हमारे सभ्यतागत ज्ञान- शांति, बहुलवाद, अहिंसा और संवाद के मूल्यों को अपने साथ लेकर चलने का आग्रह किया।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एस.के. वर्मा
नाक, कान, गला स्पेशलिष्ट, बहराइच
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार पांडे
थाना अध्यक्ष
थाना राम गांव जनपद बहराइच
रामनयन सिंह
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर एम पी सिंह
संचालक
एम पी एस हॉस्पिटल/एम पी एस सीनियर सेकेंड्री स्कूल जसमदी जे बी गंज खीरी

सभी जनपद और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
यासर शाह
विधायक, मटेरा / पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिनव प्रताप सिंह
प्रभारी निरीक्षक
थाना मटेरा बहराइच
रामनयन सिंह
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रभाकर मिश्रा
सीनियर फिजीशियन
जिला हास्पिटल बहराइच
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक सिंह-थाना अध्यक्ष
थाना अरबी-बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार
आर.आई. जनपद बहराइच
परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश
अवध राज गुप्ता
पीटीओ
परिवहन विभाग जनपद बहराइच
ओम प्रकाश सिंह
ए आरटीओ परिवर्तन एवं प्रशासन
परिवहन विभाग जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुप्रिया पटेल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार
श्री राम निवास वर्मा
विधायक
नानपारा विधानसभा
नानपारा अपना दल यश

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच
नगर पालिका, बहराइच स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त, 2025) के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्द करती है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है, साथ ही नगरवासियों से अपील करते हैं-
1. घर पर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा-गीला कचरा अलग-अलग कर के सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डालें।
2. जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एवं दूषित न करें, नलों को खुला न छोड़े।
3. जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
4. पालिका सार्वजनिक/सरकारी भूमि/ सम्पत्ति पर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण/ कब्जा न करें।
5. सफाई क्यों के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूडा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कोने में सहयोग मिल सके। सडकों नालियों एंव रास्तों पर कूड़ा-करकट न डालें।
6. भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन.ओ.सी. कराना सुनिश्चित करें।
7. शासन द्वारा सिंगले यूज प्लास्टिक/ पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें।
8. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
9. गृहकर व जलकर 31 मार्च, 2025 से पूर्व जमा करें।
10. पर्यावरण को स्वच्छ रखने के दृष्टिगत एक पेड़ माँ के नाम से पौधा रोपित करें।
(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच
(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच

कार्यालय नगर पंचायत तरकुलवा, देवरिया
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं एवं नगर पंचायत तरकुलवा अपने नगरवासियों को निम्नलिखित संदेश देती है:-
"न रहे गंदगी, न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होंगे सब लोग"
हर घर तिरंगा
संचारी रोग एवं डेगू, जल जनित एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नगर पंचायत तरकुलवा देवरिया के नागरिकों से अपील
क्या करें-
1- मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें।
2- पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें।
3- कूड़ा करकट नियत स्थान पर रखे या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डालें।
4- ढके हुए/ताजे पानी का प्रयोग करें।
5- बुखार होने पर तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें, जांच करायें।
क्या न करें-
1- अपने घरों के अगल-बगल कूड़ा आदि न जमा होने दें।
2- नंगे शरीर न रहे न ही सोयें।
3- कूड़ा करकट इधर उधर न फेंके।
4- खुले बर्तन में रखे पानी का प्रयोग न करें।
5- बुखार को सामान्य न समझो, मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें।
मेरा तरकुलवा
"मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सब का हाथ हो"
मिलकर स्वच्छ नगर स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें।
मेरी पहचान
स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 हेतु स्वच्छता एप (MOHUA) डाउनलोड करें
मेरी लाइफ मेरा शहर अभियान 1.0 के अन्तर्गत RRR में अपने अनावश्यक वस्तु जैसे किताब, जूता, कपड़ा आदि को जमा करें एवं जलस्तमंद फ्री में प्राप्त करें
1- नगर के समस्त दुकानदार भाइयों, ठेला, फेरी विक्रेता एवं सभी नगर पंचायत तरकुलवा में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत नगर कूड़े हेतु कूड़ादान एवं नगर पंचायत के कूड़ा गाड़ी का प्रयोग करें। 2- सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग गिलास, प्लेट, थाली आदि प्रतिबन्धित कर दिये गये हैं इसका विक्रय व उपयोग वर्जित है। 3- किसी भी दशा में सड़क की पटरियों/नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें यह संज्ञेय अपराध है। 4- नगर पंचायत को डोर टू डोर कूड़ा संग्रह कार्यक्रम में पूरा सहयोग करें।
5-भारत सरकार के स्वच्छता अभियान अन्तर्गत स्वच्छ तरकुलवा सुन्दर तरकुलवा बनाने में आप सभी का सहयोग प्राथनीय है। 6-जन्म-मृत्यु पंजीयन नगर पंचायत से घटीत होने के 21 दिन के अन्दर दर्ज करायें।
मा0 सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री उ.प्र. सरकार
दिव्या मित्तल
आई.ए.एस.
जिलाधिकारी, देवरिया
जैनेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी (प्र.)
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, देवरिया
हिमांशु प्रताप सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तरकुलवा -देवरिया
जनार्दन कुशवाहा
अध्यक्ष
नगर पंचायत तरकुलवा
देवरिया
-: सम्मानित सदस्यगण :-
चनवा देवी वार्ड नं.-1, विजय बहादुर वार्ड नं.-2, लीलावती देवी वार्ड नं.-3, प्रदीप सिंह वार्ड नं.-4, विनोद गुप्ता वार्ड नं.-5, रफीक अंसारी वार्ड नं.-6, गायत्री देवी वार्ड नं.-7, वशिष्ठ दूबे वार्ड नं.-8
इबरार अहमद वार्ड नं.-9, राधेश्याम तिवारी वार्ड नं.-10, मनीषा देवी वार्ड नं.-11, शाहजहां खातुन वार्ड नं.-12, सुरज कु0 गुप्ता वार्ड नं.-13, महेन्द्र यादव वार्ड नं.-14, विवेक कुशवाहा वार्ड नं.-15

कार्यालय नगर पंचायत भलुअनी, जनपद-देवरिया
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं नगर पंचायत भलुअनी अपने नगरवासियों को निम्न संदेश देती है।
1. ये नगर आपका है, इसे स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें। 2. अपने घरो से निकलने वाले कुड़े कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डाले। 3. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के दृष्टिगत अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करें। 4. अपने समस्त करों की अदायगी समय से करें। 5. भवन निर्माण करने से पूर्व नगर पंचायत से भवन मानचित्र को स्वीकृति अवश्य करा लें। 6. पथ प्रकाश को क्षतिग्रस्त न करें। 7. पालिथिन बैग का प्रयोग न करें, जूट एवं कागज से बने थैलों का प्रयोग करें। 8. नालों में घर का कुड़ा कचरा न डालें, नगर पचायत द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही डालें। 9. पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाये एवं जल संसाधन का अपव्यय न करें। 10. सड़े गले पदार्थो का सेवन न करें एवं इन्डिया मार्का हैण्डपम्प का शुद्ध पेयजल का प्रयोग करें। 11. अपने घर के आस पास जल जमाव न होने दें एवं जल जमाव वाले स्थानों पर मिट्टी तेल/ एण्टीलार्वा का छिड़काव करें। 12. खुले में शौच न जायें, घरेलु / सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें। 13. जन्म मृत्यु का पंजीकरण समयावधि के अन्दर करावे। 14. साम्प्रदायिक सौहार्द बनायें रखे। 15. सरकारी स्वामित्व की भूमि/ सड़कों / नालियों का अतिक्रमण न करें।
अमिताभ मणि
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भलुअनी, देवरिया
जैनेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी (प्र0)/
प्रभारी अधिकारी स्था. नि. देवरिया
दिव्या मित्तल
जिलाधिकारी
देवरिया
विजय प्रकाश श्रीवास्तव - लिपिक
समस्त सदस्यगण
वार्ड नं. 1-श्रीमती रानी देवी, वार्ड नं. 2-श्री पोतन पासवान,
वार्ड नं. 3-श्री रमेश कुमार, वार्ड नं. 4-कुमारी निकिता राय,
वार्ड नं. 5-श्री अरविन्द यादव, वार्ड नं. 6-श्री गिरीराज यादव,
वार्ड नं. 7-श्री आदेश कुशवाहा, वार्ड नं. 8-श्रीमती पूनम तिवारी,
वार्ड नं. 9-श्री विक्रम सिंह, वार्ड नं. 10-श्री रामाश्रय यादव,
वार्ड नं. 11-श्रीमती प्रेमशीला, वार्ड नं. 12-श्री शक्ति मद्धेशिया
वार्ड नं. 13-श्रीमती रूपमणी, वार्ड नं. 14-श्री अंगद सिंह
देवेश कुमार
अध्यक्ष
नगर पंचायत भलुअनी
जनपद-देवरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरी सिंह सन्धू (अध्यक्ष)
जोरा सिंह खैरा (सचिव)
चरनजीत सिंह खैरा (कोषाध्यक्ष)
खजुरिया गौरीफन्टा एवं दुधवा लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलाँ (खीरी)

स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं

शैलेन्द्र कुमार मिश्रा — जिलाध्यक्ष
आदित्य प्रकाश द्विवेदी (श्यामू) — जिला महामंत्री
पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद-बांदा

क्षेत्र एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
द्वारिका प्रसाद गायत्री इण्टर कालेज, एस.एम.डी. गायत्री विद्यालय निघासन, एस.जी.एस. गायत्री महाविद्यालय रकेहटी-खीरी

ठाकुर विनोद कुमार सिंह
प्रबंधक

विद्याभूषण सिंह
व्यवस्थापक

अंकुर पाण्डेय
प्रधानाचार्य- (एसएमडी)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बांदा

स्वच्छ बांदा — सुंदर बांदा

15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर नगर वासियों को हार्दिक बधाई
नगर के विकास एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए नगर पालिका परिषद, बांदा अपने नगर वासियों से निम्न अपेक्षा करती है।

1. नगर को साफ-सुथरा स्वच्छ बनाये रखने में नगर पालिका का सहयोग बनाये रखें।
2. पॉलिथीन का प्रयोग न करें, पर्यावरण को स्वच्छ बनायें।
3. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण पालिका में अवश्य करायें।
4. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें। ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक हैं।
5. नगर की सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण न करें।
6. नगर के विकास के लिए पालिका देयकों का समय से भुगतान कर सहयोग करें।

श्रीचन्द
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बांदा

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद, बांदा

मालती गुप्ता
अध्यक्षा
नगर पालिका परिषद, बांदा

कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद (सीतापुर)

स्वतन्त्रता दिवस 2025 के शुभ अवसर पर नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें

देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है नगर वासियों को समुचित सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध होने के साथ-साथ अपने नागरिकों से अपेक्षाऐं रखती है किः-

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में नगर को प्रथम स्थान दिलाने में सहयोग करें।
2. दुकानदार/ग्राहक कपड़े के कैरीबैग का प्रयोग करें। पॉलीथीन का प्रयोग न करें ।
3. नगर पंचायत की सरकारी भूमि एवं नाला/नाली पर अतिक्रमण कदापि न करें ।
4. नगर की शिकायत दर्ज करने हेतु टोल फ्री नं.-1533 पर काल करें।
5. पानी का प्रयोग करने के बाद टोंटी बन्द कर दें, पानी बर्बाद न करें।
6. वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण अवश्य करें।
7. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुच रहें हैं, कृपया अपना कूड़ा (सुखा नीले डस्टबिन में व गीला हरे डस्टबिन में) अलग-अलग कर उन्हें दें, सड़क या नाली में ना फेकें ।
8. सेप्टिक टैंक सफाई हेतु टोल फ्री नं.-14420/9260900188 पर काल करें। प्रत्येक 03 वर्ष में सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करवायें।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से अवश्य करायें।
10. नगर पंचायत के समस्त करों को समय से अदा करें।

नगर पंचायत आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

(प्रदीप कुमार गौतम) — अधिशासी अधिकारी
समस्त सम्मानित — सदस्यगण
(तय्यबुन) — अध्यक्ष

पत्रांक / न.प.त.-विज्ञापन स्वत्रता दिवस /2025-26 दिनांक

कार्यालय नगर पंचायत बरियारपुर,देवरिया

मा. द्रौपदी मुर्मू — राष्ट्रपति
मा. आनन्दी बेन पटेल — राज्यपाल
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत बरियारपुर- देवरिया के समस्त नगरवासियों को मंगल जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निम्न अपेक्षा करती हूं-

दिव्या मित्तल
आई.ए.एस.
जिलाधिकारी ,देवरिया

जैनेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी (प्र.)
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, देवरिया

1-ये नगर आपका है नगर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें। 2-भवन मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही भवन कार्य करावें। 3- भवन का गृहकर समय से जमा करें। 4- निकाय में लगे एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट को क्षत्रिग्रस्त न करें। ये निशा काल के प्रहरी हैं। 5- खुले में शौच न करें, शौचालय का प्रयोग करें। 6-निकाय के सड़क भूमि पर अतिक्रमण न करें, यह संज्ञेय अपराध है। 7- नाले-नालियो में कुड़ा-कचरा न डालें। 8-पालिथीन कैरीबैग्स प्लास्टिक एवं थर्मोकोल के कप-प्लेट गिलास व चम्मच का प्रयोग न करें। 9- अपने घर से उत्सर्जित सूखे कूड़े को नीचे डस्टबीन में एवं गीले कूड़े को हरे डस्टबीन में डालें।

सुरेन्द्र चौरसिया
विधायक– रामपुर कारखाना

राजेश राजभर
अध्यक्ष प्रतिनिधि

अमिताभ मणि
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बरियारपुर
देवरिया

किरन राजभर
अध्यक्ष
नगर पंचायत बरियारपुर
देवरिया

पत्रांक- 431(1)/न.पं.बरियारपुर/2025-26 दिनांक- 14 अगस्त 2025

-: सम्मानित सदस्यगण :-

रीना देवी वार्ड नं.–1	अजीत प्रसाद वार्ड नं.–2	ज्ञानती देवी वार्ड नं.–3	हेमन्त कु0 पासवान वार्ड नं.–4	जैनब खातून वार्ड नं.–5	जामवन्त विश्वकर्मा वार्ड नं.–6
आनन्दी देवी वार्ड नं.–7	भारतेन्दू शाही वार्ड नं.–8	संजीव यादव वार्ड नं.–9	द्वारिका चौहान वार्ड नं.–10	आनन्द चौहान वार्ड नं.–11	उग्रसेन राजभर वार्ड नं.–12
विद्यावती देवी वार्ड नं.–13					

कार्यालय नगर पंचायत बैतालपुर,देवरिया

15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एवं नगर पंचायत बैतालपुर अपने नगरवासियों को निम्न संदेश देती है

1- सदैव घरेलू शौचालय का प्रयोग करें, खुले स्थान पर शौच करना एक सामाजिक अपराध है एतएव खुले स्थल पर शौच न करें एवं नाला/ नाली में मल इत्यादि न बहाएं। ऐसा करने पर आपके विरूद्ध अपराधिक कार्यवाही की जा सकती है। 2- किसी भी प्रकार के प्लास्टिक व थर्माकोल से बनी वस्तु जैसे गिलास,प्लेट, थाली का प्रयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है, इसलिए इसका प्रयोग कदापि न करें, यह दंडनीय अपराध है। 3- नगर पंचायत बैतालपुर द्वारा नगर में लगाये गये वृक्षों को क्षति न पहुंचाये, उनकी रक्षा करें ये आपका कर्तव्य है, पर्यावरण के हित में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। 4- यह नगर आपका है नगर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें। 5- सड़कों पर अतिक्रमण न करें।

6- भवन मानचित्र स्वीकृति कराने के उपरान्त ही भवन निर्माण कार्य करावें। 7- निकाय में लगे हाईमार्ट एवं एल.ई.डी.लाईटों को क्षतिग्रस्त न करें, ये निषा काल के प्रहरी हैं। 8-निकाय के सड़क भूमि पर अतिक्रमण न करें। 9- नाले/नालियों तालाब, पोखरी में कूड़ा-कचरा न डालें।

डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी
मा0 विधायक–देवरिया

दिव्या मित्तल
आई.ए.एस.
जिलाधिकारी ,देवरिया

जैनेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी (प्र.)
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, देवरिया

अमिताभ मणि
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बैतालपुर
देवरिया

सरिता प्रकाश पासवान
अध्यक्ष
नगर पंचायत बैतालपुर
देवरिया

पत्रांक- 465/न.पं.बैतालपुर/2025-26 दिनांक- 14.08.2025

श्रीमती माधुरी वार्ड नं.–1	वार्ड नं.–2	योगेन्द्र वार्ड नं.–3	वार्ड नं.–4	अजय पाण्डेय वार्ड नं.–5	वार्ड नं.–6	रामसूरत सिंह वार्ड नं.–7
अमित गुप्ता वार्ड नं.–8	वार्ड नं.–9	बद्रीनाथ गुप्ता वार्ड नं.–10	वार्ड नं.–11	मनसा देवी वार्ड नं.–12	वार्ड नं.–13	मालती देवी वार्ड नं.–14
वार्ड नं.–15						